RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net ■ वर्ष 33 ■ अंक 353 ■ मुंबई, सोमवार 14 जुलाई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 ■ संरक्षक : आरएन सिंह



दलितों की आड़ में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति पेज-4



खतरे के निशान की ओर बढ़ रही गंगा और यमुना! प्रयागराज में घाट डूबे पेज-6



भारत को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य पेज-9



अमाल ने अनु मलिक के Me Too मामले पर तोड़ी चुप्पी पेज-10

## Short News एक नजर

### ट्रम्प ने पूछा-चीन पर हमला किया तो कौन साथ देगा?

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ताइवान को लेकर चीन के साथ जंग होने के हालात पर ऑस्ट्रेलिया और जापान से उनका रुख बताने को कहा।

एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के नीति उप-सचिव एल्ब्रिज कॉल्बी ने ऑस्ट्रेलियाई और जापानी रक्षा अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर कई बैठकें की हैं। कॉल्बी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अमेरिका फर्स्ट नीति को लागू कर रहा है, जिसमें सहयोगी देशों से रक्षा खर्च बढ़ाने और सामूहिक सुरक्षा के लिए साथ देने की अपील की जा रही है। जवाब देते हुए ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि वह ताइवान को लेकर होने वाले युद्ध में पहले से सैनिक भेजने का वादा फिलहाल नहीं करेगा।

### ईरान के राष्ट्रपति इजराइली हमले में घायल हुए थे

**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच पिछले महीने 12 दिनों तक जंग हुई थी। इस दौरान 16 जून को इजराइल के हमले में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान घायल हो गए थे। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल ने 16 जून को तेहरान के पश्चिमी हिस्से में एक इमारत पर 6 मिसाइलों से हमला किया था। उस समय इमारत में देश की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक चल रही थी।

### अमरनाथ यात्रा-3 बसें टकराईं, 10 घायल



**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रियों के काफिले की 3 बसों की रविवार को कुलगाम में आपस में टक्कर हो गई। हादसे में 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि बालटाल की ओर जा रहे काफिले की तीन बसों की ताचलू क्रॉसिंग के पास एक्सीडेंट हुआ। इधर, अमरनाथ यात्रा के 10वें दिन 19,020 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। अब तक 1.83 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। यह 9 अगस्त तक चलेगी।

### केरल के मुख्यमंत्री आवास को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के सरकारी आवास को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जानकारी के अनुसार, रविवार को थम्पनूर पुलिस स्टेशन को ईमेल के जरिए यह धमकी मिली है। ईमेल मिलने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और तुरंत डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते मुख्यमंत्री आवास के लिए रवाना किए गए। मौके पर पहुंची जांच टीमों ने मुख्यमंत्री के सरकारी आवास की गहन तलाशी ली। हालांकि इस तलाशी में कोई भी संदिग्ध वस्तु जांच टीम को नहीं मिली।

# हिंदी में बात करें या मराठी में ?

## उज्ज्वल निकम को फोन कर हंसने लगे पीएम मोदी

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

देश के चर्चित और वरिष्ठ विशेष लोक अभियोजक (स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर) उज्ज्वल निकम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राज्यसभा के लिए नामित किया है। इस अवसर पर निकम ने कहा कि यह उनके लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक फोन कॉल में दी, जो मराठी भाषा में हुई बातचीत के साथ बेहद आत्मीय रही।

उज्ज्वल निकम ने बताया कि जब प्रधानमंत्री का कॉल आया, तो उन्होंने पूछा कि बातचीत हिंदी में करें या मराठी में। इस पर दोनों हंस पड़े। फिर प्रधानमंत्री ने मराठी में बात करते हुए बताया कि राष्ट्रपति उन्हें राज्यसभा की जिम्मेदारी देना चाहती हैं। निकम ने तुरंत हामी भर दी और इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे। निकम ने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रचार के समय जब उनकी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात हुई थी, तभी पीएम ने उनके प्रति विश्वास जताया था। उन्होंने बताया कि उस मुलाकात के बाद अब राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए नामित किया जाना उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने इसे न सिर्फ व्यक्तिगत सम्मान बताया, बल्कि देश की न्याय व्यवस्था और कानूनी पेशे का सम्मान भी कहा।



### निकम सहित चार लोग जाएंगे राज्यसभा

उज्ज्वल निकम के अलावा, केरल के वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद सी. सदानंदन मास्टर, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और इतिहासकार एवं शिक्षाविद मीनाक्षी जैन भी राज्यसभा जाएंगी। ये नियुक्तियां उन सीटों के लिए की गई हैं, जो पहले के नामित सदस्यों के सेवानिवृत्त होने से खाली हुई थीं।

### सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी दी बधाई

विशेष लोक अभियोजक उज्ज्वल निकम के राज्यसभा में मनोनयन पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी उनको बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में एक लोक अभियोजक के रूप में व्यापक रूप से काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा राष्ट्रवादियों के साथ खड़े रहते हैं।

### 26/11 केस और कई अहम मुकदमों में निभाई अहम भूमिका

उज्ज्वल निकम देश के सबसे चर्चित मामलों में अभियोजन पक्ष की ओर से वकील रहे हैं। उन्होंने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य आरोपी अजमल कसाब को फांसी की सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने 1993 मुंबई बम धमाके, प्रह्लाद शिंदे गैंगरेप केस, सुनंदा पुष्कर केस और नरेन्द्र दाभोलकर हत्याकांड जैसे मामलों में भी विशेष अभियोजक के तौर पर काम किया है।

# 'अंतरिक्ष से भारत आज भी सारे जहां से अच्छा दिखता है'

## वापसी से पहले शुभांशु ने दोहराए राकेश शर्मा के शब्द

महानगर नेटवर्क
वॉशिंगटन

भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने इंटरनेशन स्पेस स्टेशन छोड़ने से पहले अपनी टीम के साथ फेयरवेल पार्टी की। इस पार्टी में उन्होंने जिस तरह से नया भारत को लेकर बोला उसे सुनकर सभी विदेशी साथी दंग रह गए। शुभांशु शुक्ला की ये स्पीच सभी को सुनना चाहिए।

शुभांशु शुक्ला ने अपनी स्पीच की शुरुआत करते हुए कहा कि Axiom-4 मिशन बहुत ही शानदार रहा। अब यह मिशन खत्म होने वाला है। उन्होंने इस मिशन से जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें समय मिला, उन्होंने पृथ्वी को देखा। उन्होंने कहा कि यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। इसमें शामिल लोगों की वजह से यह अद्भुत और अविश्वसनीय बन पाई है। अपने विदाई भाषण के दौरान हिंदी में देशवासियों से बात करते हुए शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष में उनकी यात्रा समाप्त हो रही है, लेकिन भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन की यात्रा अभी भी बहुत लंबी और कठिन है। शेष पेज 7 पर



> "यह एक अविश्वसनीय और जादुई यात्रा रही है। आज का भारत अंतरिक्ष से महत्वाकांक्षी, निडर, आत्मविश्वासी और गर्व से भरा दिखता है।
>
> शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना

### 15 जुलाई को होगी वापसी

शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम 15 जुलाई को भारतीय समय अनुसार दोपहर 3:00 बजे के आसपास कैलिफोर्निया के पास समुद्र में लैंडिंग करेगी। जिसके बाद वहां से सभी को मेडिकल टेस्ट और काउंसिलिंग के लिए भेजा जाएगा। जिसमें लगभग 72 घंटे लगेंगे। हालांकि, अनडॉकिंग की प्रक्रिया 14 जुलाई को भारतीय समय अनुसार शाम 4:30 बजे निर्धारित है।

# 'यूपी में कोई भी अपराधी सिर उठाकर नहीं चल सकता'

## राजनाथ सिंह ने की मुख्यमंत्री योगी की तारीफ

महानगर नेटवर्क
लखनऊ

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की। रक्षा मंत्री ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में राज्य विकास की ओर दौड़ रहा है। सिंह ने विषेश रूप से राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री की तारीफ की। साथ ही कहा कि प्रदेश में कोई भी अपराधी अब अपना सिर ऊंचा करके नहीं चल सकता।



राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री विकास की नई कहानी लिख रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है। देश के विकास में राज्य का योगदान बढ़ा है। अब राज्य में कोई भी अपराधी सिर उठाकर नहीं चल सकता।

लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल इंटीग्रेशन यूनिट के बारे में बोलते हुए राजनाथ सिंह ने बताया कि इससे राज्य में रोजगार में वृद्धि होगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेशों में भी ब्रह्मोस मिसाइलों की मांग बढ़ी है और अब लखनऊ से ब्रह्मोस का निर्यात किया जाएगा। इससे राज्य में रोजगार बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

राजनाथ सिंह ने योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा तब की जब उन्होंने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्ता की प्रतिमा का अनावरण किया। पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्ता के बारे में बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि चंद्रभानु गुप्ता उन नेताओं में से थे, जिन्होंने शासन व्यवस्था की नींव रखी। उन्होंने राजनीति में जनसेवा की परंपरा शुरू की। उन्होंने लोगों के कल्याण को प्राथमिकता में रखने का मंत्र भी दिया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि माँ काली का भारतीय सेना पर हमेशा विशेष आशीर्वाद रहा है। हाल ही में, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, भारतीय सेना पाकिस्तान में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट करने में सफल रही। इस ऑपरेशन में पुरुष सैनिकों के अलावा, महिला सैनिकों और पायलटों ने भी भाग लिया। महाकाली के उस एक रूप ने दुश्मनों को परास्त कर दिया।

# खालिस्तानियों पर US में बड़ा एक्शन

## मोस्ट वॉन्टेड समेत 8 आतंकियों को FBI ने दबोचा

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

अमेरिका में खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ एक्शन की खबर सामने आई है। NIA की मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में पंजाब का गैंगस्टर पवित्तर सिंह बटाला का नाम भी है। अमेरिका की जांच एजेंसी FBI ने बटाला को उसके गिरोह के 7 खालिस्तानी आतंकवादियों के साथ गिरफ्तार कर लिया है।



बटाला कथित तौर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ा है और आतंकवादी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए भारत में वांछित है। शेरिफ कार्यालय के अनुसार सैन जोकिन काउंटी में अपहरण और यातना से संबंधित मामले में अमेरिका के विभिन्न हिस्सों से गिरफ्तारियां की गईं।

जानकारी के मुताबिक बटाला के अलावा अन्य संदिग्धों की पहचान दिलप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह, अर्शप्रीत सिंह, मनप्रीत रंधावा, सरबजीत सिंह, गुरताज सिंह और विशाल के रूप में हुई है, जिसने अपना अंतिम नाम नहीं बताया। सभी आरोपियों पर अपहरण यातना, गलत तरीके से बंधक बनाना गवाह को डराने का आरोप है।

### बांग्लादेश में हिंदू व्यापारी को पीट-पीटकर मार डाला; शव पर डांस भी किया

**ढाका।** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस सरकार बनने के बाद से ही हिंदुओं को प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। राजधानी ढाका में हिंदू व्यापारी की हत्या कर दी गई, जिससे एक बार फिर से पड़ोसी देश में हिंदुओं की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। लाल चंद सोहाग कबाड़ व्यापारी थे और उनकी पीट-पीटकर हत्या किए जाने के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया। सैकड़ों छात्र सड़कों पर उतर आए और अंतरिम सरकार पर भीड़ हिंसा को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया। पुलिस ने कबाड़ व्यापारी लाल चंद सोहाग की पीट-पीटकर हत्या के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से दो के पास अवैध रूप से हथियार थे।

ढाका के कई विश्वविद्यालय परिसरों में छात्रों ने बुधवार को हुई इस घटना के विरोध में रैलियां निकालीं। बीते दिनों वायरल हुए इस घटना के एक वीडियो में सोहाग को कंक्रीट के स्लैब के टुकड़ों से पीट-पीटकर मार डाला गया और फिर उसकी मौत की पुष्टि होने के बाद, हमलावर उसके शव पर नाचते हुए दिखाई दिए।

### पटना में वकील को गोलियों से भून डाला

**पटना।** राजधानी पटना में अपराधियों के हौसले बुलंद दिख रहे हैं। एक के बाद एक हत्याकांड को अंजाम दे रहे हैं। रविवार को पटना में दिनदहाड़े अपराधियों ने अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सुल्तानगंज थाना इलाके की है। बताया जा रहा है कि जितेंद्र घर से निकले थे, इसी दौरान अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। घायल अवस्था में पीएमसीएच में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### मालगाड़ी की 18 बोगियां खाक

**तिरुवल्लूर।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद उसमें आग लग गई। शुरुआत में पांच बोगियों में आग लगी। बाद में यह 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं। जिला कलेक्टर एम प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया।



फायर ब्रिगेड की कई टीमें बुलाई गईं। मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया। इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं।

# खुद को आग लगाने वाली छात्रा की हालत बेहद नाजुक

**प्रोफेसर के शोषण से थी परेशान**

महानगर नेटवर्क
भुवनेश्वर

ओडिशा के सीएम ने रविवार को भुवनेश्वर AIIMS पहुंचकर आग लगाकर सुसाइड की कोशिश करने वाली फकीर मोहन कॉलेज की छात्रा से मुलाकात की। वो 90-95 फीसदी झुलसी है। वो ICU वार्ड में वेंटिलेटर पर है। CM मोहन चरण माझी ने कहा- अगले 24 घंटे बहुत अहम हैं। दिल्ली AIIMS के डॉक्टरों से भी मीटिंग की है। जरूरत पढ़ने पर छात्रा को एयरलिफ्ट किया जाएगा। इलाज का पूरा खर्चा सरकार उठाएगी।

राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) ने ओडिशा डीजीपी को मामले में खिलाफ सख्त एक्शन लेने का निर्देश दिया है। दरअसल, बीएड डिपार्टमेंट के एचओडी समीर कुमार साहू पर पीड़ित छात्रा समेत दूसरी छात्राओं के मानसिक और शारीरिक शोषण के आरोप हैं। पुलिस ने साहू को गिरफ्तार किया है।



# रेलवे 74 हजार कोच में CCTV कैमरे लगाएगी

## 15 हजार इंजनों में भी लगेंगे; संदिग्ध गतिविधियों की पहचान के लिए AI का इस्तेमाल होगा

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने देश के सभी 74,000 ट्रेन कोच और 15,000 लोकोमोटिव (इंजन) में हाईटेक CCTV कैमरे लगाने का ऐलान किया है ।

यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 12 जुलाई को हुई मीटिंग में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। यह फैसला नॉर्दर्न रेलवे में सफल ट्रायल के बाद लिया गया, जहां यात्रियों और रेलवे स्टाफ से प्रोजेक्ट का रिस्पॉन्स लिया गया था।



### क्वालिटी फुटेज के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी कैमरे लगेंगे

इंजन में लोको के हर कैबिन (फ्रंट और रियर) में एक-एक डोम कैमरा और दो डेस्क माउंटेड माइक्रोफोन भी लगाए जाएंगे।

ये कैमरे STQC सर्टिफाइड और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी वाले होंगे, ताकि 100 kmph से ज्यादा स्पीड और कम रोशनी में भी हाई क्वालिटी फुटेज मिले।

### सिर्फ कॉमन एरिया में लगेंगे कैमरे

रेलवे यात्रियों की प्राइवेसी का ध्यान रखते हुए सिर्फ डोर के पास कॉमन एरिया में कैमरे लगाएगी। इसके अलावा अधिकारियों को ये भी निर्देश दिए गए हैं कि CCTV फुटेज की क्वालिटी और डेटा सिक्योरिटी पर कोई समझौता न हो।

### हर कोच में लगाए जाएंगे 4 कैमरे

रेलवे हर कोच में 4 डोम टाइप CCTV कैमरे लगाएगी। डिब्बे के हर गेट पर दो कैमरे होंगे। इसके अलावा हर इंजन में 6 CCTV कैमरे लगाए जाएंगे। इनकी पोजीशन फ्रंट, रियर और इंजन के दोनों साइड में होगी।

# बिहार के वोटर लिस्ट में विदेशियों के नाम

महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले जारी मतदाता सत्यापन अभियान (एसआईआर) में बड़ा खुलासा हुआ है। निर्वाचन आयोग की ओर से कहा गया है कि बिहार के वोटर लिस्ट में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिकों के नाम हैं जिनमें नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश के सिटीजन शामिल हैं। डोर टू डोर सत्यापन में यह भी पता चला है कि इन विदेशियों के पास वोटर कार्ड, आधार कार्ड और राशन कार्ड भी मौजूद है। निर्वाचन आयोग की ओर से कहा गया है कि फाइनल वोटर लिस्ट में इनका नाम नहीं होगा। एसआईआर का मकसद ही अवैध मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर करना है। मतदाता सत्यापन के नाम पर जारी राजनीति के बीच यह तथ्य उजागर होने से सियासी हलके में खलबली मच गई है क्योंकि कांग्रेस समेत महागठबंधन के सभी दल इस अभियान का विरोध कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि 30 सितम्बर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची से इन सबका नाम हटा दिया जाएगा। आयोग की ओर से यह भी कहा गया है कि पूरे देश में मतदाता सत्यापन चलाया जाएगा ताकि विदेशी घुसपैठियों को जिन्होंने गलत तरीके कार्ड हासिल कर वोटर बन गये हैं, मतदाता सूची से बाहर कर दिया जाएगा। इसके लिए उनके जन्म स्थान का सत्यापन कराया जाएगा। तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में 7 करोड़ 90 लाख मतदाता हैं। अगर एक फीसदी वोटर्स का भी नाम कट जाए तो सात लाख 90 हजार मतदाताओं का नाम कट जाएगा। यानी हर विधानसभा में 3 हजार 251 मतदाताओं का नाम कट जाएगा।

### बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल के नागरिक मिले

# हरियाणा के नूंह में 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद

**नूंह।** हरियाणा के नूंह (मेवात) में आज होने वाली ब्रजमंडल यात्रा को देखते हुए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। इस दौरान बल्क SMS की सेवाएं भी सस्पेंड रहेंगी। यह आदेश 13 जुलाई की रात 9 बजे से 14 जुलाई रात 9 बजे तक यानी 24 घंटे के लिए लागू रहेंगे। हालांकि इस दौरान बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज से जुड़ी SMS सुविधाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के मुताबिक कानून व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए यह आदेश दिए गए हैं।





# स्पाइसजेट की फ्लाइट में फ्री फॉल, पैसेंजर ने बनाया वीडियो

**प्लेन में 23 सेकंड तक मचा हड़कंप**

महानगर नेटवर्क
श्रीनगर

दिल्ली से श्रीनगर जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में शनिवार को फ्री फॉल हुआ। इसके चलते प्लेन के अंदर 23 सेकंड तक हड़कंप जैसे हालात रहे। फ्लाइट SG-385 में बैठे एक पैसेंजर ने यह वीडियो रिकॉर्ड किया। जिसमें एक क्रू मेंबर प्लेन के फ्लोर पर घुटनों के बल बैठकर जाती दिखाई दे रही है। जबकि बाकी पैसेंजर कुर्सियों को पकड़े हुए हैं। वीडियो में सीट बेल्ट बांधने के निर्देश भी सुनाई दे रहे हैं।



अर्जिमंद हुसैन नाम के X अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में यह भी लिखा है कि प्लेन बनिहाल दर्रे के ऊपर से गुजरते वक्त कई सौ मीटर नीचे गिर गया। हुसैन ने लिखा है कि वह केवल इस फ्री फॉल के आखिरी पल ही कैद कर पाया।

यूजर ने लिखा है कि कुछ ही देर पहले सभी खिड़कियों के शीशे बंद करने के निर्देश दिए गए थे, और किसी को भी अंदाजा नहीं था कि क्या हो रहा है। हालांकि उसने सवाल उठाया कि कंडीशन खत्म होने के बाद सीट बेल्ट की चेतावनी क्यों दी गई?

## चरस तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

**मुंबई।** अंमली पदार्थ विरोधी कक्ष (एएनसी) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग जगह पर छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में दो आरोपी शाहजान किफायतुल्ला शहा (46) और मोहमद नूर मोहमंद अन्चर रेतीवाला (32) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से कुल 1.30 करोड़ रुपये की ड्रग्स, नकद राशि और अन्य सामग्री जब्त की है।

एएनसी ने एक गुप्त सूचना के आधार पर 7 जुलाई को अंधेरी पश्चिम स्थित लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के एक फ्लैट पर छापा मारा। वहां आरोपी शाहजान किफायतुल्ला शहा की उपस्थिति में तलाशी लेने के दौरान पुलिस ने 703 ग्राम मनाली चरस, 41 पारदर्शक पाउच, एक इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन, कुल 18.96 लाख रुपए नकद बरामद किए। इसके बाद 12 जुलाई को ठाणे के शि1फाटा क्षेत्र स्थित भारत इको व्हिस्टा सोसायटी में दूसरे आरोपी मोहमद नूर को गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से मिली कुल ड्रग्स की कीमत लगभग 96.30 लाख रुपये है और नकद व अन्य सामग्री जोड़कर जब्ती की कुल कीमत लगभग 1.30 करोड़ रुपये तक पहुंचती है।

# महाराष्ट्र में सर्वाधिक और सर्वश्रेष्ठ साइबर प्रयोगशालाएं: फडणवीस

### मुख्यमंत्री के हाथों प्रादेशिक न्यायसहायक वैज्ञानिक प्रयोगशाला के भवन का भूमिपूजन

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में महाराष्ट्र में सबसे अत्याधुनिक साइबर क्राइम आधुनिक प्रयोगशालाओं के साथ -साथ मोबाइल न्यायसहायक वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जा रही हैं। रविवार को नागपुर प्रादेशिक न्यायसहायक वैज्ञानिक प्रयोगशाला के नए प्रशासनिक भवन का भूमिपूजन और गृह विभाग की तीन नई परियोजनाओं का ऑनलाइन लोकार्पण करने के बाद वे बोल रहे थे। फडणवीस ने कहा कि राज्य में लगातार बढ़ते साइबर क्राइम पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए लोगों-केंद्रित (लोकाभिमुख) और ब्लॉकचेन पद्धति का उपयोग करके न्यायसहायक वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं की व्यवस्था को और



मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर गृह (ग्रामीण) राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर,सांसद श्यामकुमार बर्वे, विधायक संदीप जोशी और संजय मेश्राम, महासंचालक (न्यायिक व तकनीकी) संजय वर्मा, महाराष्ट्र राज्य पुलिस गृहनिर्माण व कल्याण महामंडल की प्रबंध निदेशक अर्चना त्यागी और न्यायसहायक वैज्ञानिक प्रयोगशाला निदेशालय के निदेशक डॉ. विजय ठाकरे इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध को सिद्ध कर अपराधियों को सजा दिलाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने में न्यायसहायक वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

#### भवन का निर्माण फरवरी 2027 तक पूरा हो जाएगा

उन्होंने बताया कि नए भारतीय फौजदारी कानूनों ने न्यायसहायक साक्ष्यों के महत्व को रेखांकित किया है, और विशिष्ट अपराधों में यह अनिवार्य हो गया है। राज्य में अपराध सिद्धता दर बढ़ाने के लिए 2014 के बाद विशेष प्रयास किए गए हैं, जिसमें विभिन्न पद्धतियों का उपयोग, तकनीकी साक्ष्यों और न्यायसहायक वैज्ञानिक साक्ष्यों पर जोर दिया गया है, तथा 14 शासकीय निर्णय जारी कर अपराध सिद्धता दर को 9% से बढ़ाकर 54% किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ते हुए, इस अपराध सिद्धता दर को 90% से ऊपर ले जाना होगा। उन्होंने बताया कि राज्य में आधुनिक साइबर न्यायसहायक प्रयोगशालाएं, न्यायसहायक वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं, मोबाइल न्यायसहायक वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं और नवी मुंबई में साइबर केंद्र स्थापित कर उसे महामंडल में रूपांतरित किया गया है। नागपुर स्थित प्रादेशिक न्यायसहायक वैज्ञानिक प्रयोगशाला को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। इस प्रयोगशाला के भवन का भूमिपूजन संतोष का विषय है और उन्होंने उम्मीद जताई कि इस भवन का निर्माण फरवरी 2027 तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले, गृह विभाग के अंतर्गत नए सिरे से कार्यान्वित हुई प्रयोगशाला कम्प्यूटरीकरण के दूसरे चरण, मुंबई स्थित सेमी ऑटोमेटिक सिस्टम और पुणे स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का वीडियो कांफ्रेसिंग द्वारा देवेंद्र फडणवीस उद्घाटन किया ।

## कांजूर मार्ग की एन जी पार्क बिल्डिंग में लगी आग

### कोई हताहत नहीं

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मनपा के अग्निशमन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कंजूरमार्ग (पूर्व) के गांधी मार्केट के पास स्थित आर. देशमुख मार्ग पर एन. जी. रॉयल पार्क बिल्डिंग में रविवार सुबह 11:40 बजे आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम घटना स्थल पर पहुंच कर आग बुझाने का काम किया। आग की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग हाई राइज इमारत में लगी होने के कारण फायर विभाग ने सावधानी बरतते हुए आग को लेवल-1 श्रेणी की आग घोषित कर दी। आग इमारत की विद्युत वायरिंग,इलेक्ट्रिक इंस्टॉलेशन और पहली मंजिल से लेकर 19वीं मंजिल तक की इलेक्ट्रिक डक्टिंग में मौजूद कचरे तक को अपने कब्जे में लिया था। आग को फैलता देख फायर अधिकारी आग पर काबू पाने के लिए अधिक फायर जवान को घटना स्थल पर बुला लिए थे। फायर जवानों ने इमारत की चौथी,



13वीं, 14वीं, 16वीं, 18वीं मंजिल पर और टेरेस पर फंसे हुए लोगों को सीढ़ियों के ज़रिए सुरक्षित बाहर निकाला। आग इलेक्ट्रिक वायरिंग में लगी होने के कारण इमारत धुआं से भर गया था। आग पर दोपहर 1:24 बजे पूरी तरह काबू पा लिया गया । सदैव से इस आग की घटना में किसी के हताहत नहीं होने की सूचना मिली। इमारत के रहवासियों के लिए यह राहत रही।इमारत में आग की घटना से संपत्ति का बड़ा नुकसान हुआ।

## विरार में बिजली कटौती और बढ़ते बिलों से लोग परेशान

### ‘अगर महावितरण ने अपने कामकाज में सुधार नहीं किया तो हमें सड़क पर उतरना पड़ेगा ’

**विरार।** लगातार बिजली कटौती और बेतहाशा बढ़ते बिजली बिलों से त्रस्त विरार पूर्व के नागरिकों ने बहुजन विकास आघाड़ी (बविआ) के नेतृत्व में महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (महावितरण) के खिलाफ एक बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बाद में एक विशाल जनसभा में तब्दील हो गया, जिसमें नागरिकों ने महावितरण के कामकाज पर गंभीर सवाल उठाए। नालासोपारा के पूर्व विधायक क्षितिज ठाकूर ने मंच से महावितरण के अधिकारियों को सीधे कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आज सरकार जनता की सेवा करने के बजाय एक व्यापारी



की तरह व्यवहार कर रही है। ठाकूर ने कहा कि जबसे सरकार बदली है, बिजली बिलों में भारी वृद्धि हुई है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने महावितरण को सख्त चेतावनी देते हुए कहा, ‘अगर महावितरण ने अपने कामकाज में सुधार नहीं किया, तो हमें सड़क पर उतरना पड़ेगा।’

#### नागरिकों की शिकायतें और महावितरण का रवैया

सभा में उपस्थित नागरिकों ने स्वयं महावितरण अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं। इनमें बिना उपयोग के भी भारी-भरकम बिल आना,घंटों बिजली कटौती और शिकायतों पर कोई सुनवाई न होना प्रमुख थीं। ठाकूर ने महावितरण के‘ पहले बिल भरो, फिर बात करो’ वाले रवैये की कड़ी आलोचना की,जिसे उन्होंने गलत बताया। ठाकूर ने प्रस्तावित ट्रांसफार्मर की जमीन और जिला नियोजन समिति से मिले फंड का उपयोग न करने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने यह भी पूछा कि पिछले साल भूमि पूजन हुए चिखलडोंगरी वीज उपकेंद्र का काम अब तक क्यों शुरू नहीं हुआ।

#### जानबूझकर रोके जा रहे हैं विकास कार्य

बविआ की ओर से महावितरण अधिकारियों को 24 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बिजली उपकेंद्रों, भूमिगत बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मर सहित अन्य आवश्यक कार्यों में तेजी लाने की मांग की गई। बविआ के संघटक-सचिव अजीव पाटील ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लोकनेता हितेंद्र ठाकूर द्वारा स्वीकृत 1700 करोड़ रुपये की विकास योजना के तहत चिखलडोंगरी वीज उपकेंद्र का काम जानबूझकर रोका जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां उपकेंद्र बनना था, अब उसी जमीन पर सागरी महामार्ग निकालने की योजना बनाई जा रही है।

## गेहूं आपूर्ति के नाम पर धोखाधड़ी

### करोड़ों रुपए लेने के बाद भी नहीं किया सप्लाई

**मुंबई।** गेहूं आपूर्ति के नाम पर एक प्रमुख कंपनी से 6.27 करोड़ रुपए की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह धोखाधड़ी पिआरबी एग्रो फोड्स प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक पूजा भंसाली, सीईओ रेनिश भंसाली और उनके कर्मचारी अभय भंडारी ने मिलकर की। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभय भंडारी नामक शख्स को गिरफ्तार किया है।

शिकायतकर्ता कंपनी श्री दत्त इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मई 2023 में नेपाल स्थित एस्केय माइंस एंड मिनिरल्स प्राइवेट लिमिटेड को 3,432 मीट्रिक



टन गेहूं की आपूर्ति का करार किया था। इसके लिए प्री-ऑर्डर और प्रोफॉर्मा इनवॉइस के आधार पर पिआरबी एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड को 6.27 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

26 जून 2023 को तीन रेलवे रसीद (आरआर) क्रमांक 282000192, 282000193 शेयर कर बताया गया कि माल नेपाल भेज दिया गया है। हालांकि,जब माल निर्धारित समय पर नहीं पहुंचा, तब जांच में सामने आया कि रेल्वे पोर्टल पर एफएनआर जनरेट ही नहीं हुआ था और माल कभी भेजा ही नहीं गया।

कंपनी के निदेशकों ने पैसे लौटाने का वादा कर पांच चेक दिए,जिनमें से दो चेक बाउंस हो गए। इसके बाद शिकायतकर्ता ने बार-बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन आरोपीयों ने टालमटोल शुरू कर दी और पैसा वापस करने से इनकार कर दिया। इस प्रकार, आरोपी पूजा भंसाली, रेनिश भंसाली और अभय भंडारी ने जानबूझकर झूठे दस्तावेजों और वादों से शिकायतकर्ता की कंपनी से 6.27 करोड़ की चपत लगाई।

## चुनाव से पहले बढ़ा उद्धव ठाकरे गुट का कुनबा

**मुंबई।** नाशिक के देवभाऊ हरिभाऊ वाघमारे रविवार को उद्धव ठाकरे की पार्टी में शामिल हो गए,उन्होंने मातोश्री में शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे समेत कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में पार्टी का दामन थाम लिया। उद्धव ठाकरे ने उनकी कलाई पर शिवबंधन बांधकर उनका पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर शिवसेना नेता सांसद संजय राउत, सचिव विधायक मिलिंद नार्वेकर, उपनेता दत्ता गायकवाड़ सहित नाशिक के अन्य पदाधिकारी और शिवसैनिक उपस्थित थे। देवभाऊ हरिभाऊ वाघमारे ने 2024 के विधानसभा चुनाव में नाशिक पश्चिम सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

## स्कूली छात्रा के अपहरण की कोशिश नाकाम

**ठाणे ।** देशभर में महिलाओं और नाबालिग लड़कियों पर बढ़ते अपराधों के बीच भिवंडी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है,जिसमें एक 16 वर्षीय स्कूली छात्रा ने बहादुरी और सूझबूझ से अपने अपहरण की कोशिश को नाकाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फातमा नगर की रहने वाली छात्रा दोपहर करीब 12 बजे स्कूल जाने के लिए ऑटो रिक्शा में सवार हुई थी। जब रिक्शा रामनगर स्थित स्कूल के पास पहुंचा,तब छात्रा ने ड्राइवर से वाहन रोकने को कहा,लेकिन चालक ने उसे नजरअंदाज कर रिक्शा आगे बढ़ा दिया और सुनसान रास्ते की ओर मोड़ दिया। स्थिति को भांपते हुए छात्रा ने बिना देर किए साहसिक



निर्णय लेते हुए चलती रिक्शा से कूद गई और जोर-जोर से चिल्लाने लगी। छात्रा की चीख-पुकार सुनकर आसपास के राहगीरों ने तुरंत उसकी मदद की,लेकिन तब तक आरोपी चालक रिक्शा लेकर फरार हो गया। घटना के बाद छात्रा स्कूल पहुंची और परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अज्ञात रिक्शा चालक और उसके सहयोगी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 62 और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कामवारी नदी में मिला 14 वर्षीय लड़के का शव

### 48 घंटे से था लापता

**भिवंडी।** भिवंडी तालुका के शेलार ग्राम पंचायत क्षेत्र में रहने वाला 14 वर्षीय नाबालिग सूरज तिवारी रविवार दोपहर को मृत अवस्था में कामवारी नदी से बरामद हुआ। वह बीते 48 घंटे से लापता था। जानकारी के अनुसार, सूरज तिवारी शुक्रवार को अपने दो दोस्तों के साथ ट्यूशन क्लास के लिए घर से निकला था। लेकिन देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और अंततः तालुका पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रविवार को दोपहर करीब कामवारी नदी के गणेश घाट के पास स्थानीय लोगों ने नदी में एक शव को तैरते हुए देखा। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। शव की पहचान सूरज तिवारी के रूप में की गई। पुलिस ने मौके पर पंचनामा किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए इंदिरा गांधी उप जिला अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है कि यह हादसा है या मामला कुछ और है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर शोक की लहर है और परिजन गहरे सदमे में हैं।

## शास्त्रीनगर में जमीन हड़पने की साजिश

### शिंदे के आदेश की उड़ाई धज्जियां



**ठाणे।** शास्त्रीनगर क्षेत्र में ठाणे महानगरपालिका के आरक्षित खुले भूखंडों पर धड़ल्ले से अनधिकृत गाले और चाल बांधी जा रही हैं, जिससे भूमाफिया इन जमीनों को निगलने की साजिश रच रहे हैं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इन अवैध निर्माणों पर तुरंत कार्रवाई कर भूखंड खाली कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन महापालिका के अतिक्रमण और निष्कासन विभाग ने इन आदेशों को नजरअंदाज कर दिया है। इस लापरवाही पर स्थानीय पूर्व नगरसेवक और विरोधी पक्षनेता हणमंत जगदाले ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उपायुक्त शंकर पाटोले पर भूमाफिया को संरक्षण देने का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

बता दें कि जगदाले ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा प्रभाग समिति और मुख्यालय पर मोर्चा लेकर उतरेंगे। शास्त्रीनगर के जिन भूखंडों पर अवैध निर्माण हो रहे हैं, वहां वरिष्ठ नागरिक कट्टा, आरोग्य केंद्र और डीपी रोड जैसी सुविधाएं प्रस्तावित हैं। इन योजनाओं का वर्क ऑर्डर भी निकाला जा चुका है, बावजूद इसके महानगरपालिका के अधिकारियों की मौन सहमति से जमीनों पर अवैध कब्जा बढ़ता जा रहा है। नवंबर 2024 में हणमंत जगदाले के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों ने लोकमान्य नगर,सावरकर नगर प्रभाग समिति पर मोर्चा निकाला था और शिंदे को इस बाबत शिकायत भी दी थी। शिंदे ने तत्काल फोन पर निष्कासन की कार्रवाई के आदेश दिए थे, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने कोई कदम नहीं उठाया। नालों के किनारे चालियों के निर्माण से भविष्य में बड़ी दुर्घटना की आशंका है। जगदाले ने मांग की है कि इन अवैध निर्माणों पर तुरंत बुलडोजर चलाया जाए और दोषियों पर मोक्का के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

## बिना ओसी वाली इमारतों के निवासियों को मिलेगा न्याय

### बिल्डरों पर होगी सख्त कार्रवाई

**वसई।** वसई-विरार क्षेत्र में बिना भोगवटा प्रमाणपत्र (ओसी) के फ्लैट बेचकर हजारों परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित करने वाले बिल्डरों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई करने का संकेत महाराष्ट्र सरकार ने दिया है। मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में नालासोपारा के विधायक राजन नाईक और वसई विधानसभा क्षेत्र की विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने यह गगंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि वसई-विरार शहर में कई इमारतें बिना ओसी के बनाकर नागरिकों को सौंप दी गईं,जिससे लोगों को पानी की किल्लत,संपत्ति कर (दंड) का अतिरिक्त बोझ और पुनर्विक्रय में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। विधायकों की मांग का जवाब देते हुए राज्यमंत्री माधुरी मिसाल ने कहा कि प्यासे रहने वाले निवासियों को हर हाल में पानी उपलब्ध कराया जाएगा। टैक्स की वसूली बिल्डरों से की जाएगी,न कि निर्दोष निवासियों से।

## शहर में नशे का खेल,जनता रही झेल

**भायंदर।** महाराष्ट्र राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने मिरारोड स्थित हाटकेश परिसर में अचानक दौरा किया। प्रताप सरनाईक ने जिस जगह पर दौरा किया वहां पर खुलेआम नशा बिकता है। इस नशे की बहुत बार शिकायत भी की गयी थी,परन्तु उन नशे के सौदागरों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो रही है। प्रताप सरनाईक यहां पर पुलिस के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। सरनाईक ने आरोप लगाया की इस जगह पर नशा बेचने वालों को यहां के लोगों ने ड्रग्स के साथ पकड़ कर काशिगांव पुलिस स्टेशन के हवाले किया था, परन्तु वह नशा बेचने वाला दो घंटे बाद ही बाहर आ गया। प्रताप सरनाईक के इस आरोप के बाद यह जाहिर हो रहा है की इन नशे के सौदागरों को पुलिस प्रशासन के कुछ लोगों का संरक्षण प्राप्त है। प्रताप सरनाईक ने तो सिर्फ हाटकेश परिसर की बात कही है,परन्तु मिरा - भायंदर शहर में नशा आसानी से उपलब्ध है। इस नशे की गिरफ्त में कम उम्र के स्कूली बच्चे तक आ चुके हैं। शहर में नशे के खिलाफ बार-बार समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होते रहती हैं । वहीं शहर के कई जागरूक लोगों ने इन नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों तक शिकायत दर्ज कराई हैं, परन्तु इन नशे के सौदागरों पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही है। अगर कहीं पर कार्रवाई हुई भी है तो वह सिर्फ खानापूर्ति ही है। शहर के कई लोगों ने इसके खिलाफ शिकायत भी की है परन्तु इन शिकायतों का नतीजा शुन्य ही है।

## भिवंडी में ट्रक की टक्कर से फटी पानी की पाइपलाइन

### लाखों लीटर पानी बर्बाद, मनपा की तत्परता से तीन घंटे में मरम्मत कर बहाल की गई जलापूर्ति

**भिवंडी।** भिवंडी के वराडा देवी क्षेत्र में रविवार शाम एक ट्रक चालक की लापरवाही से मनपा की मुख्य जलापूर्ति पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के दौरान ट्रक चालक वाहन को रिवर्स ले रहा था, तभी ट्रक पाइपलाइन से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पाइपलाइन फट गई और लाखों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया। सूचना मिलते ही भिवंडी मनपा के जलापूर्ति विभाग ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत पानी की सप्लाई बंद कर दी और क्षतिग्रस्त



पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया। विभाग के प्रभारी कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर ने बताया कि शाम लगभग पांच बजे की यह घटना है। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचते ही सबसे पहले वैकल्पिक वॉल के जरिए पानी की आपूर्ति को बंद किया ताकि और अधिक पानी बर्बाद न हो। इसके बाद मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाइपलाइन को दुरुस्त कर जल आपूर्ति को पुनः सामान्य कर दिया गया। इस हादसे के चलते स्थानीय नागरिकों को कुछ समय के लिए पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा, लेकिन मनपा की तेज कार्रवाई से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई। नागरिकों ने मनपा के इस त्वरित प्रयास की सराहना की है और दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ट्रक चालक पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जलापूर्ति पाइपलाइनों के आसपास उचित सुरक्षा उपाय किए जाएं और संबंधित स्थानों पर चेतावनी संकेतक लगाए जाएं।

## ठाणे में किराया नहीं चुकाने वालों पर मनपा की सख्ती

### 72 निवासियों को नोटिस जारी

**ठाणे।** ठाणे मनपा ने किराया न चुकाने वाले निवासियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मनपा की रियल एस्टेट विभाग द्वारा नौपाड़ा और वर्तकनगर वार्ड समिति क्षेत्रों में रेंटल हाउसिंग बिल्डिंग में रहने वाले कुल 72 निवासियों को बकाया किराया चुकाने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। बता दें कि ठाणे मनपा की सीमा में स्थित 11 किराये की इमारतों में लगभग 3,500 फ्लैट हैं,जिनमें लोगों को महज 2,000 प्रतिमाह की मामूली




दर पर मकान दिए गए हैं। इसके बावजूद कई नागरिक महीनों से किराया नहीं दे रहे हैं।

इस लापरवाही को देखते हुए ठाणे मनपा ने विशेष अभियान की शुरुआत की है। नौपाड़ा क्षेत्र के 22 और वर्तकनगर क्षेत्र के 50 निवासियों को नोटिस भेजकर जल्द से जल्द बकाया जमा करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर समयसीमा के भीतर भुगतान नहीं किया गया, तो जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन की टक्कर से युवती की मौके पर मौत

**ठाणे।** शहर के घोड़बंदर रोड स्थित नागला बंदर इलाके में शनिवार रात एक भीषण सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवती की दर्दनाक मौत हो गई। रात करीब 10 बजे इंडियन ऑइल पेट्रोल पंप के सामने, टीएमसी बिल्डिंग के नजदीक एक बर्गमॅन कंपनी की स्कूटी को किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटर सवार युवती गजल तुटेजा की मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि गजल तुटेजा, उम्र 21 वर्ष, निवासी इंपिरियल स्क्वेअर, लोढा स्पेनडोरा, जी.बी. रोड, ठाणे की रहेनवाली थी।

## विवेक कुमार गुप्ता ने परे के महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला

**मुंबई।** भारतीय रेल इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसई) के 1988 बैच के वरिष्ठ अधिकारी विवेक कुमार गुप्ता ने पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले वे नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत थे, इस संगठन को भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के क्रियान्वयन का दायित्व सौंपा गया है।

गुप्ता ने रेलवे बोर्ड,रेल मंत्रालय में प्रधान कार्यपालक निदेशक/गति-शक्ति के रूप में कार्य किया है,जहां वे पीएम गति-शक्ति पहल के तहत स्टेशन विकास सहित



सभी प्रमुख रेल परियोजनाओं की योजना और क्रियान्वयन के लिए एकीकृत इकाई के रूप में कार्यरत सात (07) विभागों सिविल (निर्माण, परियोजना निगरानी और स्टेशन विकास), विद्युत (आरई), सिगनल और दूरसंचार, यातायात, वित्त, योजना और आर्थिक निदेशालयों के एकीकृत कामकाज के लिए उत्तरदायी थे।

गुप्ता, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मुख्य ट्रैक इंजीनियर, मुख्य पुल इंजीनियर और मंडल रेल प्रबंधक जैसे कई प्रतिष्ठित पदों पर पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे में कार्यरत रहे हैं। इन पदों पर उन्होंने नई लाइन निर्माण, गेज परिवर्तन, दोहरीकरण और मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं, ट्रैक निर्माण कार्यों, यातायात सुविधाओं और पुल रखरखाव सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे के कार्यों का पर्यवेक्षण किया।

मुंबई रेलवे विकास कॉरपोरेशन (एमआरवीसी) में मुख्य इंजीनियर के रूप में कार्य करते हुए गुप्ता ने लगभग 20,000 करोड़ की संचयी परियोजना मूल्य वाली एमयूटीपी I, II और III परियोजनाओं के समन्वय और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 34,000 करोड़ की एमयूटीपी 3ए परियोजना के प्रारंभिक कार्य का भी नेतृत्व किया। उनकी जिम्मेदारियों में योजना और कार्यान्वयन के मामलों में विश्व बैंक, एआईआईबी, एमएमआरडीए, सिडको और महाराष्ट्र सरकार जैसी विभिन्न एजेंसियों के साथ व्यापक समन्वय कार्य शामिल था। मध्य रेलवे के भुसावल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (अप्रैल 2019 से अगस्त 2021) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने संरक्षा, बुनियादी ढांचे में सुधार, कर्मचारी कल्याण, ग्राहक संतुष्टि और व्यय नियंत्रण और राजस्व सृजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए कुशल संचालन सुनिश्चित किया।

# हर युवा को दिलाएंगे उसके हक का रोजगार: लोढ़ा

## ■ राज्य की सभी आईआईटी का कायाकल्प जारी

■ मनोज दुबे/ जितेंद्र मिश्रा

महाराष्ट्र सरकार के कौशल, रोजगार,उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा जहां भी रहे,उन्होंने अपने काम से छाप छोड़ी। वे इस सिद्धांत पर काम करते हैं कि जो काम मिला, उसे पूरी ईमानदारी से पूरा किया जाए। फिलहाल वे राज्य की एक हजार से अधिक आईआईटी के कायाकल्प अभियान में जुटे हैं। लगातार एक ही विधानसभा क्षेत्र मालाबार हिल से लगातार 7 बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड भी उनके नाम हैं। गोवंश वध के खिलाफ कानून बनाने और मुंबई के हुक्का पार्लरों को बंद कराने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। वर्ष 2019 में उन्हें मुंबई भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बनी महायुति सरकार में उन्हें पहली बार कैबिनेट मंत्री बनने का अवसर मिला। इसके बाद देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में बनी सरकार में उन्हें दोबारा मंत्री बनाया गया। पेश है,उनसे हुई बातचीत के प्रमुख अंशः




**▶ आपने आईटीआई में नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं,वे क्या हैं?**

हमने आईटीआई में जो 6 नए न्यू एज कोर्स शुरू किए हैं, उनमें एआई प्रोग्रामिंग,सोलर तकनीशियन, ड्रोन तकनीशियन, थ्रीडी प्रिंटिंग, इलेक्ट्रिक वाहन तकनीशियन, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स शामिल हैं। फिलहाल कुल 74 आईआईटी में इसके लिए जगह और निधि उपलब्ध कराई गई है।

**▶ ढाई साल में आपने बड़े पैमाने पर रोजगार मेले आयोजित किए, अब इस संबंध में विभाग की तरफ से क्या पहल की जा रही है?**

हम रोजगार मेले तो आयोजित कर ही रहे हैं। इसके अलावा हमने आईटीआई में न्यू एज कोर्स शुरू किए हैं। सारे एनजीओ को उनकी जगह पर स्किल सेंटर दे रहे हैं और सारे आईटीआई का नूतनीकरण, विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इसके लिए प्राइवेट लोगों को भी शामिल किया जा रहा है।

**▶ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 100 दिनों के कार्यक्रम में विभाग का प्रदर्शन कैसा रहा?**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जी ने जो कार्यक्रम दिए थे, वो सारे विषय पर हमारे विभाग ने 90% काम पूरे कर लिए हैं। समस्या रोजगार की बड़ी है, इसलिए हम 100 दिवस समाप्त होने के बाद भी,जब तक हर युवा को उसके हक का रोजगार या स्वरोजगार नहीं मिल जाता, तक तक हमारा काम पूरा नहीं हुआ, यह समझकर काम करते रहेंगे।

**▶ आईटीआई को अपडेट करने में आपकी कितनी निजी संस्थाओं ने मदद की है?**

तकरीबन 22 इंडस्ट्रियल हाऊस हमारे साथ आए हैं। ये संख्या पॉलिसी फाइनल होने के बाद सैकड़ों में चली जाएगी। 300 आईटीआई में प्राइवेट और सरकारी विभागों को भी आमंत्रित किया है, जैसे बीपीटी, जेएनपीटी। हमने जेएनपीटी के साथ एमओयू किया है। ये सब मिलाकर आने वाले समय में यह संख्या 300 के पार चली जाएगी।

**▶ आईटीआई में परंपरागत कोर्स मसलन टर्नर,फिटर जैसे कोर्स की तरफ अभी भी छात्रों का रुझान बना हुआ है?**

उनकी भी जरूरत है,लेकिन समय बदल रहा है। ऐसे में बच्चों में रूचि कम होती जा रही है। बच्चे नहीं मिलेंगे,तो हम उन्हें जबरदस्ती नहीं सिखाएंगे। बच्चों को जो चाहिए, वो ही कोर्स शुरू करेंगे। टेक्सटाइल चलेगा, तो टेक्सटाइल चलाएंगे। स्टील का काम है तो स्टील सिखाएंगे, कहीं पर पोर्ट का काम है तो वह सिखाएंगे, जिसकी जरूरत है, वह काम हम सिखाएंगे।

**▶ युवाओं को प्रशिक्षण देने वाली लाडका भाऊ योजना काफी चर्चा में रही, फिलहाल क्या स्थिति है?**

इस योजना में दो लाख युवाओं को लाभ मिला। हालांकि यह केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम था। वह भी 6 महीने के लिए। उसमें नौकरी का कोई प्रावधान नहीं था,वो योजना चल रही है। आगे चलकर हम इस योजना को परिवर्तित रूप में लेकर आएंगे। इसमें हम विदेश में जाने के लिए बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे, उन्हें विदेशी भाषा का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

**▶ आईटीआई में आपने हर माह सामाजिक प्रबोधन कार्यक्रम शुरू किए हैं?**

जी हां। पिछले 6 जून को छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस के उपलक्ष्य में राज्य की सभी आईटीआई में शिवराज्याभिषेक दिवस मनाया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने पराक्रम से हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की। उन्होंने न केवल राज्य की स्थापना की, बल्कि प्रभावी प्रशासन, सामाजिक समरसता, जनकल्याण और कानून का राज कायम कर 'सुराज्य' की नींव रखी। आज के समय में भी समाज और राष्ट्र को उनके विचारों की अत्यंत आवश्यकता है। इसी तरह 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इसमें गुरु वंदना नाम का सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिक्षकों का गुरु के रूप में सम्मान किया गया। आगामी 26 जुलाई को विजय दिवस मनाया जाएगा। इसमें भारत के ऐतिहासिक वीरों का छात्रों को परिचय दिया जाएगा। पथनाट्य और भाषण स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा। इसमें देश के विभाजन पर भाषण, निबंध स्पर्धा का आयोजन, शांति प्रतिज्ञा कार्यक्रम, मोमबत्ती मोर्चा और विभाजन पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन होगा। 25 सितंबर को अंत्योदय दिवस, 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस, 26 नवंबर को संविधान दिवस तथा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा।

**▶ आगामी 22 जुलाई को मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर आप रोजगार मेले का आयोजन कर रहे हैं?**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अपना जन्मदिन पूरी सादगी से मनाते हैं और भाजपा के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को निर्देश है कि इस दिन केवल समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम ही आयोजित किए जाएं। ऐसे में हमने राज्य की 288 विधानसभा क्षेत्रों में रोजगार मेले का आयोजन किया है। हमारा विभाग इसकी तैयारियों में लगा हुआ है। इस आयोजन के जरिए हम युवाओं को रोजगार मुहैया कराने की कोशिश करेंगे।

**▶ अभी हॉल ही में प्रदेश भाजपा कार्यालय में आपने जनता दरबार आयोजित किया, यह सिलसिला आगे बढ़ेगा?**

जी हां,हम आगामी 16 जुलाई से शासन आपले द्वारी- छत्रपति राजा जनता दरबार शुरू करने का जा रहे हैं।

**▶ अभी हॉल ही में आपने घोषणा की थी कि वेद, होम-हवन के पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे?**

आपको पता है कि नाशिक में वर्ष 2027 में सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। इसे देखते हुए हम कम अवधि वाले वेद-होम-हवन पाठ्यक्रम शुरू करेंगे। साथ ही गोवंश प्रशिक्षण और टूरिज्म का कोर्स भी शुरू करेंगे। जहां जो भी जरूरत है, वो कोर्स शुरू करेंगे। रोजगार ही केवल समाधान नहीं है, स्वरोजगार ही बड़ी चीज है।

**▶ मुंबई मनपा चुनाव को देखते हुए ठाकरे बंधु (उद्धव और राज ठाकरे) के साथ आने की संभावना है?**

दोनों भाई साथ आए तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा, मुंबई मनपा में महायुति ही सत्ता में आएगी।

● आर्थर रोड जेल में गैंगवार

# एक गैंग ने किया कैदी पर हमला



## ▶ पुजारी समेत सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

महानगर संवाददाता

मुंबई

मुंबई के आर्थर रोड जेल में गैंगवार का मामला सामने आया है। जकरी के मुताबिक जेल में एक आरोपी पैर ऊपर रखकर बैठा हुआ था, दूसरे ने उसे पैर नीचे रखने के लिए कहा,बस इसके बाद पुजारी गैंग के लोगों ने दूसरे व्यक्ति पर हमला कर दिया। हालांकि इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ है, लेकिन जेल प्रशासन इस मामले की जांच में जुटी हुई है। इसके अलावा एनएम जोशी मार्ग पुलिस भी जांच में जुटी हुई है। दरअसल गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को पिछले साल ही चीन से भारत लाया गया था, फिलहाल वह मुंबई के आर्थर रोड जेल में बंद है, सूत्रों ने बताया कि 6 जुलाई को मुंबई की हाई-सिक्योरिटी सेंट्रल जेल में कथित रूप से दो गैंग ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। घटना दोपहर करीब 12:30 बजे हुई थी। जिसके बाद जेल अधिकारी रविंद्र टोंगे द्वारा एसओपी के तहत एनएम जोशी मार्ग पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाया गया। पुलिस ने 7 जुलाई को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 194(2) के तहत दंगा और मारपीट के आरोप में सात कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मामला किया है,जिन सात अधिकारियों पर मामला दर्ज किया गया है,उनमें इरफान रहीम खान, शुऐब खान उर्फ भूर्या, अयूब अनुमुद्दीन शेख, मुकेश सीताराम निषाद, लोकेन्द्र उदयसिंह रावत,सिद्धेश संतोष भोसले और प्रसाद विट्ठल पुजारी का नाम है। हालांकि इसमें किसीको चोट नहीं आई है। घटना के बाद जेल प्रशासन ने इंटरनल जांच शुरू कर दी है कि हाई-सिक्योरिटी जेल में इस तरह की घटना कैसे घट गई।

### कौन है प्रसाद पुजारी

पुजारी का जन्म विक्रोली के टैगोर नगर में हुआ था। शुरू में उसने पिल्लई के लिए काम करना शुरू किया और जल्द ही उसका भरोसेमंद साथी बन गया। वह कुमार पिल्लई गिरोह का हिस्सा था, साथ ही छोटा राजन के गिरोह के लिए भी काम करता रहा। बाद में उसने अपना खुद का गिरोह खड़ा कर लिया और खुद के लिए काम करने लगा।

# मुंबई सड़क हादसे में दो लोगों की मौत,पांच घायल




**मुंबई।** मुंबई-पुणे राजमार्ग पर शनिवार को एक चलते ट्रक से बड़े पाइप गिरने से हुयी दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने आज इस घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि कल शाम एक ट्रक से बड़े पाइप गिरकर सड़क पर आ गए। उन्होंने बताया कि ट्रक मुंबई से पुणे की ओर जा रहा था और वह भोर घाट के पास पहुंचा, तो अचानक उसके पाइप सड़क पर गिर गए। इस दौरान एक कार ने पाइपों से बचने की कोशिश की,लेकिन वह उनसे टकरा गई और एक स्कटूर से जा भिड़ी। इस हादसे में स्कूटर सवार रुतिका चव्हाण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसके गंभीर रूप से घायल साथी,पुणे के वारजे निवासी वैभव गलांडे (29) को खोपोली के जाखोटिया अस्पताल ले जाया गया। पूरी तरह क्षतिग्रस्त कार में अंकिता शिंदे (28) की मौत हो गई। भोसरी निवासी सोनाली खादादाते (33), शिवराज खादादाते (33),लता शिंदे (50) और ललित शिंदे (30) घायल हो गए और उन्हें डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर नगर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# अठारहवीं मंजिल से गिरकर व्यक्ति की मौत

**मुंबई।** वडाला इलाके में एक दर्दनाक हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रकाश नामदेव शिंदे के रूप में हुई है,जो मातोश्री सदन बिल्डिंग, बालाराम खेडेकर मार्ग, जय शिवाजी नगर,वडाला में रहते थे। घटना रविवार सुबह करीब 3:45 बजे की है,जिसकी जानकारी आरएके मार्ग पुलिस स्टेशन को सुबह 8:50 बजे मध्य नियंत्रण कक्ष से प्राप्त हुई।

पुलिस जांच में पता चला कि मृतक प्रकाश शिंदे अठारहवीं मंज़िल पर स्थित अपने फ्लैट से बाहर निकलकर लिफ्ट के पास खुले क्षेत्र में शौचालय के लिए गए थे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ा और वे सीधे नीचे ग्राउंड फ्लोर पर बने एक गड्ढे में गिर गए। घटना के बाद तुरंत फायर ब्रिगेड की मदद ली गई और उन्हें गड्ढे से बाहर निकालकर केईएम अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दरअसल शिंदे को जोर से शौच आई थी, उसी वक्त फ्लैट के शौचालय में कोई गया हुआ था, लेकिन जोर से शौच आने के कारण शौच करते हुए वे बाहर के तरफ निकले, इसी दौरान वे लॉफ्ट के पास गए, जहां संतुलन बिगड़ने से वे अठारहवीं मंजिल से गिर गए। फिलहाल मामले में पुलिस ने एडीआर दर्ज किया है जिसकी जांच चल रही है।

# स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर राकांपा ने कसी कमर

## अजित पवार ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दिया चुनाव की तैयारी में लग जाने का निर्देश

महानगर संवाददाता

मुंबई

आगामी मुंबई मनपा और स्थानीय निकाय के होने वाले चुनाव को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने कमर कसना शुरू कर दिया है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी में जोर -शोर से लग जाए। चुनाव के मद्देनजर रविवार को राकांपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई गई थी,जिसमे वे बोल रहे थे। अजित पवार ने नेताओं से कहा कि आने वाले अक्टूबर और नवम्बर महीने में मुंबई मनपा और स्थानीय चुनाव होने की सम्भावना है, इसलिए चुनाव की तैयारी में लग जाए।



### सभी वार्ड की करो तैयारी

लोकसभा और विधानसभा की तर्ज पर मुंबई मनपा और स्थानीय निकाय चुनाव महायुति मिलकर लड़ेगी ऐसी चर्चा है,लेकिन रविवार को राकांपा के अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं को प्रत्येक वार्ड की तैयारी करने का आदेश दिया है,अजित पवार के इस बयान के बाद राज्य की राजनीती हलचल तेज हो गई है। मनपा और स्थानीय चुनाव महायुति में शामिल पार्टियां अलग -अलग चुनाव लड़ेगी ऐसी चर्चा शुरु हो गई हैं।

### अजित पवार की पुणे पर खास नजर

अजित पवार ने कहा कि पुणे में पार्टी का संगठन मजबूत है, यहां के मनपा में पार्टी के नगरसेवकों की संख्या अधिक है इसलिए वार्ड में जाकर लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का काम करें। मैं व्यक्तिगत रूप से पुणे को देखूंगा। क्योंकि पुणे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का गढ़ माना जाता है अजित पवार पुणे कोई लेकर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर महायुति की उत्सुकता बढ़ गई है। पवार ने कहा कि चुनाव की तैयारी को लेकर हमारी पूरी नजर रहेगी आने वाले अगस्त महीने में मैं हर चीज की समीक्षा करूंगा। अजित पवार ने कहा कि पुणे के अलावा अन्य शहर में चुनाव को देखते हुए एक नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा।

### दिवाली बाद मनपा और स्थानीय चुनाव की सम्भावना

दिवाली के बाद नवंबर या दिसंबर महीने में मुंबई मनपा और स्थानीय चुनाव होने की पूरी सम्भावना है, मिली जानकारी के अनुसार चुनाव आयोग तीन चरण में चुनाव कराएगी, इसमें पहले चरण में मनपा दूसरे चरण नगर पालिका जबकि तीसरे चरण जिला परिषद का चुनाव होगा।

# क्षमता से अधिक भार वाले वाहनों पर शिकंजा

## तीन माह में 93 लाख का जुर्माना

**विरार।** वसई-विरार क्षेत्र में क्षमता से अधिक माल लादकर चलने वाले भारी वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। परिवहन को रोकने के लिए चलाए गए अभियान के तहत, पिछले तीन महीनों में 271 वाहनों पर कार्रवाई की गई है और उनसे 93 लाख रुपये का भारी जुर्माना वसूला गया है। वसई-विरार इलाके में चल रहे बड़े पैमाने पर निर्माण और विकास कार्यों के कारण भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ी है। इन वाहनों का उपयोग मिट्टी, बजरी और अन्य निर्माण सामग्री के परिवहन के लिए किया जाता है। हालांकि, कई वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते हुए अपनी क्षमता से ज़्यादा माल लाद रहे हैं,जिससे सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। क्षमता से अधिक भार ढोने वाले इन वाहनों से सामग्री सड़कों पर गिरना आम बात है, जिससे पीछे आ रहे वाहन चालकों के लिए गंभीर दुर्घटना का जोखिम पैदा होता है। इसके अलावा, भारी वजन के कारण ढलान वाले रास्तों पर वाहनों के पलटने और अन्य वाहनों के इनकी चपेट में आने की घटनाएं भी बढ़ी हैं।परिवहन विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और यातायात नियमों का पालन कराना है।

# पुलिसकर्मी ने की आत्महत्या

## एक्सीडेंट के बाद हुआ था पैर का ऑपरेशन



महानगर संवाददाता

मुंबई

विक्रोली ट्रैफिक डिपार्टमेंट में तैनात एक पुलिस कर्मी द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। यह घटना पार्कसाइट पुलिस थाना क्षेत्र के वर्षानगर इलाके में घटित हुई है। मृतक की पहचान शंकर भिकाजी सोलसे (56) के रूप में हुई है।

मृतक की पत्नी रंजना शंकर सोलसे (48) ने पुलिस को बतायाकि शनिवार की रात वे मकान के ऊपरी मंजिल पर सोई थीं,जबकि उनके पति नीचे के कमरे में थे। रात करीब 2 बजे जब वह उठीं, तब उनके पति सोए हुए थे। लेकिन सुबह 8:30 बजे जब वह नीचे आईं, तो उन्होंने देखा कि शंकर सोलसे ने घर की लोहे की सीढ़ी से साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना की सूचना पड़ोसी विजय परब ने पुलिस कंट्रोल रूम को दी। पार्कसाइट पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और सोलसे को राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर रमेश ने सुबह साढ़े ग्यारह बजे शंकर सोलसे को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक को करीब डेढ़ साल पहले एक सड़क दुर्घटना में चोटें आई थीं, जिसके बाद उनके पैर का ऑपरेशन हुआ था। उन्हें इस चोट की तकलीफ लगातार बनी हुई थी। परिवार की ओर से किसी भी प्रकार का शक या शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। हालांकि मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# बारिश से लबालब हुई मुंबई की झीलें




**मुंबई।** मुंबई को पेयजल आपूर्ति करने वाली झीलों का जलस्तर उनके जलग्रहण क्षेत्रों में भारी वर्षा के बाद बढ़ गया है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के आंकड़ों के अनुसार,शहर को पानी उपलब्ध कराने वाले सात जलाशयों का संयुक्त भंडार अब 75.16 प्रतिशत है। रविवार को सातों झीलों में कुल जल भंडार 1,087,865 मिलियन लीटर (एमएल) तक पहुंच गया। जलाशयों में,अपर वैतरणा का जलस्तर 601.80 मीटर दर्ज किया गया,जिसमें 172,022 एमएल का वास्तविक भंडारण है,जबकि मोडक सागर और तानसा में क्रमशः 128,925 एमएल और 116,653 एमएल जल भंडार है। मध्य वैतरणा में 179,675 एमएल जल भंडार है और सबसे अधिक योगदान देने वाले भातसा में 473,010 एमएल जल भंडार है। विहार और तुलसी में क्रमशः 13,478 एमएल और 4,102 एमएल जल भंडार है।

उल्लेखनीय है कि अपर वैतरणा, वैतरणा, तानसा और मध्य वैतरणा में कुल संग्रहण 597,275 मिली है, जिसमें कुल संग्रहण क्षमता का 85.99 प्रतिशत उपयोग किया जा चुका है। शहर में इस मौसम में भांडुप परिसर में कुल 730.00 मिमी वर्षा हुई है,जिसमें रिपोर्टिंग दिवस पर 18.00 मिमी वर्षा दर्ज की गई.झीलों से पानी छोड़ने और गेट खोलने का काम भी जारी है, जिसमें 5 जुलाई से शुरू हुआ ऊपरी वैतरणा का पानी छोड़ना और 7 जुलाई से शुरू हुआ मध्य वैतरणा का गेट खोलना शामिल है. रविवार को, मुंबई और उसके उपनगरों में आंशिक रूप से बादल छाए रहे और बीच-बीच में हल्की बारिश भी हुई।


**INDIAN ARMY**

**www.joinindianarmy.nic.in**

**66TH SHORT SERVICE COMMISION (TECHNICAL) MEN (APRIL 2026)**

**HIGHLIGHTS**

*(Information given below is for general awareness only & legally invalid)*
*(Course Notification published on - www.joinindianarmy.nic.in - is the only official advertisement applicable for that course)*

| Category | Description | Notification Paragraph No |
|---|---|---|
| Type of Entry | Short Service Entry (Technical) (SSC(T)-66)Men | Para 1 |
| Age | 20 and 27 Years as on 01 Apr 2026 | Para 2 |
| Open for | Unmarried Male | Para 1 |
| Education Qualification | Engineering Degree in notified stream | Para 3 |
| Acceptable Streams | As listed | Para 3 |
| How to apply | Apply online on www.joinindianarmy.nic.in | Para 11 |
| Application window | 16 July 2025 to 14 August 2025 | Para 15 |
| Medical Standards/Examination | as given on www.joinindianarmy.nic.in | Para 5 |
| Selection Process | Application > Shortlisting > SSB > Medical > Merit List > Joining Letter | Para 4 |
| Date for publication of cut-off % of marks for Shortlisting | First week of Sep 2025 | - |
| Likely Duration and dates for SSB | Five day SSB between Oct - Dec 2025 (choice for SSB dates open for two weeks in Sep 2025) | - |
| Pre Commission Training Academy | Officers Training Academy, Gaya, Bihar | Para 7 |
| Duration of Training | 49 weeks from April 2026 to Mar 2027 | Para 7(b) |
| Stipend during Training | Rs 56,100 per month | Para 9 |
| Rank after Training | Lieutenant | Para 9(b) |
| Salary on Commissioning | CTC approx 17-18 Lac per annum (Excluding Free Medical cover & Travel to Home town once a year) | - |
| Type of Commission | Short Service Commission | Para 6(a) |
| Minimum Engagement Period | 10 Years | Para 7(g) |
| Maximum Engagement Period | 14 Years | Para 7(g) |
| Option for Release | First- After 5 Years, Second after 10 Years and Third after 14 Years | Para 7(g) |
| Option for Permanent Commission | After 10 Years | Para 7(g) |
| Primary Arms / Service for Commission | Corps of Engineers, Corps of Signals and Electronics and Mechanical Engineers. Candidates may get commissioned in other Arms/service as well | - |
| Release Benefits | Depending on service on release | - |

CBC 10601/11/0027/2526

# संविधान और 'एक' चुनाव

एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर संसद में लाये गये संविधान संशोधन विधेयक पर संसद की ही संयुक्त समिति विचार कर रही है। समिति का कार्य है कि वह विधेयक के विभिन्न कानूनी व व्यावहारिक पहलुओं पर विचार करके अपनी सर्वसम्मत रिपोर्ट संसद को भेजे। फिलहाल भारत में जो व्यवस्था है उसके तहत लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग समय पर होते रहते हैं और भारत का चुनाव आयोग इन्हें सम्पन्न कराता है। इसे देखते हुए शायद ही कोई ऐसा वर्ष खाली जाता है जिसमें किसी न किसी विधानसभा के चुनाव न होते हों। इसके अलावा स्थानीय निकायों के चुनाव भी अलग-अलग राज्यों में होते रहते हैं जिनमें ग्राम पंचायतें भी आती हैं। मगर वर्तमान की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पिछले दो दशकों से पैरवी करती आ रही है कि पूरे देश में एक बार ही लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव कराये जाने चाहिए। भाजपा पिछले दो दशक से इस मामले को अपने चुनाव घोषणा पत्र का भी अंग बनाये हुए है। मगर भाजपा से विरोध रखने वाले लगभग सभी दल इसकी मुखालफत करने में भी पीछे नहीं हैं। इसी मुखालफत को ध्यान में रखते हुए इस बाबत लाये गये संविधान संशोधन विधेयक को संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया था। इस समिति की अभी तक कई बैठकें हो चुकी हैं जिनमें इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को बुलाकर उनकी सलाह भी ली गई। समिति की पिछली बैठक गत शुक्रवार को हुई, जिसमें भारत के दो पूर्व मुख्य न्यायाधीशों सर्वश्री डी.वाई. चन्द्रचूड व जे.एस. खेहर ने भाग लिया और अपने विचारों से अवगत कराया। समझा जाता है कि श्री चन्द्रचूड ने समिति को बताया कि एक देश-एक चुनाव का विचार संविधान विरोधी नहीं है और न ही संविधान के आधारभूत ढांचे के खिलाफ है। वैसे संसद की किसी भी स्थायी या प्रवर समिति अथवा संयुक्त समिति की बैठक की कार्यवाही विशेषाधिकार सम्पन्न होती है और इसमें हुई बातचीत या विचार-विमर्श को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। मगर इस समिति के अध्यक्ष श्री पी.पी. चौधरी ने एक ट्वीट जारी कर इसकी बैठक की वे दो तस्वीरें सार्वजनिक कीं जिनमें न्यायमूर्ति चन्द्रचूड व जे.एस. खेहर अपनी बात रख रहे हैं। अतः समिति की बैठक की कार्यवाही के अंश भी छन-छन कर बाहर आये लगते हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीशों का मत जानें तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विधेयक का वर्तमान प्रारूप संविधान की कसौटी पर संभवतः खरा न उतरे क्योंकि इसमें भारत के चुनाव आयोग को असीमित अधिकार दिये गये हैं। इन अधिकारों के चलते चुनाव आयोग यदि आपे से बाहर हो जाये तो उससे भारत के संसदीय लोकतन्त्र पर चोट पहुंच सकती है। विधेयक का यह पक्ष वास्तव में बहुत ही गंभीर है। हमारे संविधान में किसी भी संवैधानिक संस्था को स्वेच्छाचार की छूट नहीं दी गई है और सभी को किसी न किसी रूप में जवाबदेह बनाया गया है। यहां तक कि संविधान के संरक्षक राष्ट्रपति को भी यह छूट नहीं है और उन पर भी संसद में महाअभियोग लगाने का दरवाजा खुला रखा गया है। इसलिए यदि न्यायमूर्ति चन्द्रचूड व खेहर विधेयक के बारे में अपनी राय संवैधानिक नुक्तों के साथ दे रहे हैं तो उसे नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता। पूरे मामले को यदि हम स्वतन्त्रता के बाद के संसदीय चुनावी इतिहास के सन्दर्भ में परखें तो साफ होता है कि एक देश-एक चुनाव का विचार किसी भी कोण से संविधान के किसी भी अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं करता है। तथ्य यह है कि स्वतन्त्र भारत में 1967 तक लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हर पांच साल बाद ही हुआ करते थे और भारत के मतदाता दोनों सदनों के लिए अपने वोट का प्रयोग किया करते थे। भारत के मतदाताओं की परिपक्वता का इस हकीकत से ही पता चलता है कि 1967 में जहां उन्होंने लोकसभा में कांग्रेस पार्टी को बहुमत दिया था वहीं देश के राज्यों की नौ विधानसभाओं में इसे गद्दी से उतार दिया था। उस समय नौ राज्यों में विपक्षी दलों ने आपस में मिलकर सरकारें बनाई थीं और कांग्रेस को विपक्ष में बैठने के लिए मजबूर कर दिया था। पूरे देश में एक बार में ही चुनाव कराये जाने के खिलाफ यह तर्क दिया जाता है कि इससे मतदाता भ्रम में पड़ जायेगा। यह तर्क पूरी तरह आधारहीन है। इसलिए वर्तमान समय में हम यदि एक साथ ही विधानसभाओं व लोकसभा के चुनाव कराने के संवैधानिक रास्ते खोज रहे हैं तो इसे लोकतन्त्र विरोधी किसी भी सूरत में नहीं कहा जा सकता। वैसे इसके खिलाफ सबसे ज्यादा विरोध क्षेत्रीय दलों की तरफ से ही आ रहा है। यहां भी हमें 1967 में हुए चुनाव परिणामों का संज्ञान लेना होगा। इन चुनावों के बाद भारत के विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय दलों की राजनीति की शुरूआत हुई। कालान्तर में ये दल कुछ राज्यों में काफी मजबूत होते चले गये। मगर इसके बाद से देश में हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते रहने का सिलसिला भी चल पड़ा जिससे चुनाव सम्पन्न कराने का खर्चा भी बढ़ता चला गया। वैसे बार-बार चुनाव होना लोकतन्त्र में कोई गलत बात भी नहीं है क्योंकि इस व्यवस्था में आम मतदाता ही इसका मालिक होता है लेकिन बार-बार चुनाव होने से देश के विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सरकार बंध जाती है और सरकारी खर्च अलग से बढ़ जाता है। इस मुद्दे का यह पक्ष ऐसा है जिस पर आम मतदाता को भी गौर करना चाहिए। मगर असली मुद्दा वही है जिस तरफ पूर्व मुख्य न्यायाधीश ध्यान दिला रहे हैं और कह रहे हैं कि एक देश-एक चुनाव के जुनून में चुनाव आयोग को स्वछन्द होने की आजादी नहीं दे सकते हैं। अतः समिति को भी इस मुद्दे पर गहरा चिन्तन-मनन करना होगा।


**कटाक्ष** | सुरेश मिश्र

*कर्नाटक में मची है फिर जूतमपैजार*
*सिद्ध रमैया इस तरफ, उस तट खड़े कुमार*
*उस तट खड़े कुमार, कहां है ढाई-ढाई*
*छत्तिस-राजस्थान, न समझी कांग्रेस आई*
*कह सुरेश कविराय कटोगे खुद नाटक में*
*लिखकर रख लो कमल खिलेगा कर्नाटक में*

# दलितों की आड़ में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति

> विपक्ष की किस्मत इस मामले में अच्छी है कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मुस्लिम समाज पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। आंकड़े कहते हैं कि मुस्लिम समाज मोदी सरकार की योजनाओं का अपनी जनसंख्या के अनुपात से लगभग दोगुना फायदा उठा रहा है लेकिन वो रणनीतिक रूप से भाजपा को हराने के लिए वोट करता है। मुस्लिम वोटों के मामले में भाजपा मोदी सरकार के शासनकाल के 11 साल बाद भी वहीं खड़ी है जहां वो 2014 में खड़ी थी।

2014 के बाद, जब से मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से विपक्ष को दलितों की चिंता बहुत सताने लगी है। 2014 से पहले सिर्फ अटल बिहारी वाजपेयी जी ही थे जिनकी सरकार ने अपना कार्यकाल पूरा किया था अन्यथा कांग्रेस ही ऐसी पार्टी थी जिसकी सरकारें अपना कार्यकाल पूरा करती थीं। विपक्ष के बारे में यह धारणा बनी रही कि वो सरकार बना सकता है लेकिन चला नहीं सकता। विपक्ष को ताना मारा जाता था कि तुम लोग विरोधी दल के रूप में इकट्ठे रहते हो और सत्ता में आते ही लड़ना शुरू कर देते हो। मोदी जी ने इन सारी धारणाओं को खत्म कर दिया और 11 साल से लगातार सत्ता में हैं। मोदी जी का तीसरा कार्यकाल चल रहा है। जब 2024 के चुनावों में भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो विपक्ष को उम्मीद दिखाई दी कि गठबंधन की सरकार मोदी जी नहीं चला पाएंगे। तब इंडी गठबंधन के नेताओं ने बयान दिया था कि हम सरकार नहीं बना रहे हैं क्योंकि मोदी सरकार सिर्फ दो महीनों में ही गिर जाएगी। उनका कहना था कि मोदी सरकार के गिरने के बाद हम अपनी सरकार बनाएंगे। विपक्ष की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल का एक साल पूरा कर लिया है। विपक्ष को पता चल गया है कि ये सरकार भी अपना कार्यकाल पूरा करने जा रही है। अपने पिछले दो कार्यकाल के दौरान मोदी सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिये दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों में अच्छी पकड़ बना ली है। वास्तव में विपक्ष मोदी के प्रभाव को अच्छी तरह जानता है लेकिन सार्वजनिक रूप से सच को स्वीकार नहीं करना चाहता। विपक्ष की किस्मत इस मामले में अच्छी है कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मुस्लिम समाज पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। आंकड़े कहते हैं कि मुस्लिम समाज मोदी सरकार की योजनाओं का अपनी जनसंख्या के अनुपात से लगभग दोगुना फायदा उठा रहा है लेकिन वो रणनीतिक रूप से भाजपा को हराने के लिए वोट करता है।



मुस्लिम वोटों के मामले में भाजपा मोदी सरकार के शासनकाल के 11 साल बाद भी वहीं खड़ी है जहां वो 2014 में खड़ी थी। मुस्लिम समुदाय भाजपा को वोट नहीं देता है, ये उसकी मर्जी है लेकिन वो भाजपा को हराने के लिए रणनीति बनाकर वोट करता है, ये भाजपा की बड़ी समस्या है। विपक्षी दल मुस्लिम समाज की इस सोच और रणनीति का फायदा उठाने के लिए मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति पर चल रहे हैं। विपक्षी दलों को ये तो पता है कि मुस्लिम समुदाय भाजपा को वोट नहीं देगा लेकिन उनके लिए समस्या यह है कि मुस्लिम वोटों की जरूरत सभी विपक्षी दलों को है। मुस्लिम वोट बैंक की लड़ाई में भाजपा कहीं नहीं है इसलिए इसको पाने के लिए विपक्षी दल आपस में ही लड़ते रहते हैं। इस लड़ाई के कारण विपक्षी दलों में एक दूसरे के साथ मुस्लिम तुष्टिकरण की होड़ लगी रहती है। सभी दल खुद को मुसलमानों का सबसे बड़ा हितैषी बताने की कोशिश करते हैं। जहां ये दल भाजपा के खिलाफ मिलकर लड़ने की बात करते हैं तो वहीं दूसरी तरफ एक दूसरे के खिलाफ भी लड़ रहे होते हैं। समस्या यह है कि सिर्फ मुस्लिम वोटों के सहारे ये लोग चुनाव नहीं जीत सकते, इसलिए मुस्लिम वोट बैंक के साथ दूसरे समुदायों को जोड़ने की कोशिश में लगे रहते हैं। विपक्षी दलों में से कुछ दलों के पास जाति विशेष का वोट बैंक है और जब इसमें मुस्लिम वोट बैंक जुड़ जाता है तो एक बड़ा वोट बैंक तैयार हो जाता है। दलित समाज का वोट बंटा हुआ है. सभी पार्टियों को इसमें से हिस्सा मिलता है। 2014 से पहले दलितों और आदिवासियों के वोट का बड़ा हिस्सा कांग्रेस को मिलता था लेकिन धीरे-धीरे इसमें भाजपा ने बड़ी सेंध लगा दी है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण दलित समाज के बड़े हिस्से का झुकाव भाजपा की ओर हो गया है और कांग्रेस को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। विपक्षी दलों में मुस्लिम वोट बैंक के बाद अब दलित वोट बैंक की लड़ाई भी शुरू हो गई है। कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल खुद को दलितों का सबसे बड़ा हितेषी साबित करने में लगे रहते हैं। दलितों के हालात के लिए राहुल गांधी अक्सर मोदी सरकार को घेरते रहते हैं। वास्तव में राहुल गांधी जानते हैं कि मुस्लिम वोट बैंक तब मिलेगा जब कांग्रेस कुछ मजबूत दिखाई देगी। कांग्रेस की कमजोरी के कारण ही मुस्लिम वोट बैंक पर दूसरे विपक्षी दलों का कब्जा हो गया है क्योंकि मुस्लिम उसे वोट देते हैं जो भाजपा का मुकाबला कर सकता है। राहुल गांधी दोतरफा लड़ाई लड़ रहे हैं. एक तरफ वो भाजपा से लड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ वो दूसरे विपक्षी दलों से भी लड़ रहे हैं। समस्या यही है कि जिनको साथ लेकर भाजपा से लड़ना है, वहीं दूसरी तरफ अपनी पार्टी के लिए उनके खिलाफ भी लड़ना है। यही कारण है कि राहुल गांधी भाजपा पर हमला करते हुए यह भूल जाते हैं कि 2014 से पहले 10 साल तक उनकी ही पार्टी शासन कर रही थी। उन्हें यह भी याद नहीं है कि इस देश पर आज़ादी के बाद से लगातार कांग्रेस का राज रहा है। उन्हें मीडिया में दलित दिखाई नहीं देते तो वो इसके लिए मोदी सरकार से सवाल पूछते हैं कि मीडिया में दलित क्यों नहीं है। वो उच्च अधिकारियों में दलितों को ढूंढना शुरू कर देते हैं। वास्तव में ये सवाल तो उन्हें अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से पूछना चाहिए कि दलितों की ऐसी हालत क्यों है। जिस पार्टी ने अपने लंबे शासनकाल में बाबा साहब अम्बेडकर जी को भारत रत्न के काबिल नहीं समझा, वही पार्टी आज उन्हें भगवान बनाने पर तुली है। नेहरू जी और इंदिरा जी ने खुद को भारत रत्न दे दिया लेकिन बाबा साहब को देना याद नहीं रहा। आज बाबा साहब कांग्रेस के लिए भगवान बन गए हैं. जब वो जिंदा थे तो उन्हें कांग्रेस सरकार में काम नहीं करने दिया गया। बाबू जगजीवन राम जी को प्रधानमंत्री बनने से रोकने की कामयाब कोशिश कांग्रेस ने ही की थी। इतिहास में एक बार ही ऐसा मौका आया जब देश को एक काबिल दलित प्रधानमंत्री मिल सकता था तो वहां भी कांग्रेस ने टांग अड़ा दी। वास्तव में कांग्रेस और विपक्षी दलों ने आज तक दलित समाज के अयोग्य और नाकाबिल लोगों को ही राजनीति में आगे बढ़ाया है ताकि उन्हें काबू में रखा जा सके। दलित समाज में योग्य नेता पैदा हो सकते थे लेकिन ऐसा होने नहीं दिया गया। यही कारण है कि बहुजन समाज पार्टी का उदय हुआ लेकिन यूपी के अलावा देश के अन्य हिस्सों में दलित इस पार्टी के साथ जुड़ नहीं पाए। वास्तव में किसी जाति या समुदाय विशेष का वोट लेकर कोई भी पार्टी सत्ता की लड़ाई में ज्यादा कुछ नहीं कर सकती।

**– राजेश पासी**

# ब्रिक्स : भारत-चीन नहीं चाहते तुर्की हो स्थाई!

विश्व की बड़ी अर्थव्यस्थाओं के समूह ब्रिक्स की 2025 की शिखर बैठक 6-7 जुलाई को ब्राजील के रियो डी जनेरियो शहर में आयोजित हुई। इसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ-साथ नए शामिल हुए सदस्य देशों ने भी हिस्सा लिया। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस बैठक में शामिल हुए। बताया जा रहा है इस बार की बैठक में जहाँ आंतकवाद समेत तमाम मुद्दों पर बात हुई, वहीं तुर्की की सदस्यता पर फैसला नहीं हो पाया। तुर्की ने पिछले साल ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए आधिकारिक रूप से आवेदन किया था हालाँकि, उस समय उसे केवल 'पार्टनर देश' का दर्जा दिया गया था। इसे सदस्य बनने की दिशा में पहला कदम माना जाता है। उम्मीद की जा रही थी कि 2025 की शिखर बैठक में तुर्की को पूर्ण सदस्य का दर्जा प्राप्त हो जाएगा लेकिन इस आवेदन पर कोई बड़ा फैसला नहीं लिया गया और उसकी हैसियत बस पार्टनर देश तक ही सीमित रखी गई। इसका मतलब है कि तुर्की को अभी और इंतजार करना होगा हालाँकि, इस बार तुर्की की सदस्यता पर चर्चा हुई है। जानकारी के अनुसार तुर्की को ब्रिक्स सदस्य बनाने के पक्ष में वर्तमान में भारत और चीन नहीं है। दोनों देशों की आपत्तियाँ अलग-अलग हैं। चीन तुर्की की ब्रिक्स सदस्यता का विरोध इसलिए कर रहा है क्योंकि उसके आपसी रिश्तों में कुछ मतभेद मौजूद हैं। ब्रिक्स का विस्तार धीरे-धीरे हो रहा है और नए सदस्य जोड़ने से पहले सभी मौजूदा सदस्य देशों की सहमति जरूरी होती है। चीन और भारत ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य हैं। यदि वह सहमत नहीं होते तो तुर्की को कभी भी इसकी सदस्यता नहीं मिल सकती। भारत और तुर्की के रिश्ते हालिया सालों में कोई विशेष अच्छे नहीं रहे हैं। भारत, तुर्की की ब्रिक्स सदस्यता का विरोध इसीलिए कर रहा है क्योंकि वह लगातर पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा रहा है। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने खुले तौर पर पाकिस्तान का समर्थन किया था। तुर्की ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा भी नहीं की थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी मंत्री शाहबाज शरीफ और आर्दाआन की मुलाक़ात भी हुई थी जहाँ दोनों ने एक दूसरे के लिए काफी मीठी मीठी बातें की थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी तुर्की ने पाकिस्तान को मजबूत किया था। पाकिस्तान ने



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के खिलाफ जो ड्रोन इस्तेमाल किए थे, वह तुर्की के ही थे। इसने भारत के लिए सुरक्षा खतरे भी खड़े किए थे। इसके अलावा कश्मीर मुद्दे पर भी तुर्की हमेशा पाकिस्तान के ही पक्ष में खड़ा रहा है। राष्ट्रपति एर्दाआन ने कई बार भारत के खिलाफ बयान दिए हैं। भारत ने न केवल तुर्की की ब्रिक्स सदस्यता का विरोध किया है, बल्कि देश में तुर्की कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम भी उठाए हैं, जैसे एयरपोर्ट सेवाएं देने वाली तुर्की की कंपनी के सुरक्षा मंजूरी को रद्द कर दिया। वही भारत में तुर्की के सामानों का बहिष्कार भी किया जा रहा है। ब्रिक्स में तुर्की की एंट्री पर भारत के अलावा दूसरा वीटो चीन का रहा। दरअसल, चीन से तुर्की का दूसरा विवाद है तुर्की में उइगर मुसलमानों की बड़ी आबादी रहती है और तुर्की सरकार ने कई बार चीन के शिनजियांग प्रांत में रहने वाले उइगरों के मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चिंता जताई है। तुर्की ने सार्वजनिक रूप से चीन द्वारा उइगरों के साथ किए जा रहे कथित दुर्व्यवहार की आलोचना की है। इससे चीन को यह लगता है कि तुर्की उसकी आंतरिक नीतियों में हस्तक्षेप कर रहा है। चीन यह भी मानता है कि तुर्की उइगर अलगाववादियों को समर्थन देता है जो उसकी एकता और सुरक्षा के लिए खतरा है। तुर्की ने 2019 और 2021 में संयुक्त राष्ट्र मंच पर भी चीन की नीतियों की आलोचना की थी और उइगरों के अधिकारों की रक्षा की माँग की थी। तुर्की के कुछ मीडिया चैनल और राजनीतिक नेता चीन की नीतियों को 'नस्लीय दमन' तक कह चुके हैं। इसके साथ ही, तुर्की ने कई बार उइगर प्रवासियों को अपने देश में शरण भी दी है। इस रुख से चीन लगातार तुर्की के खिलाफ रहा है और उसे अपने साथ मंच साझा नहीं करने देना चाहता है। इसके अलावा तुर्की सैन्य गठबंधन नाटो का हिस्सा है जो अमेरिकी अगुवाई वाला है। चीन यह कतई बर्दाश्त नहीं कर सकता कि कोई नाटो सदस्य उसके बराबर शक्ति किसी संगठन में पाए। अब यहाँ सवाल उठते हैं कि तुर्की ब्रिक्स का हिस्सा बनना ही क्यों चाहता है। तुर्की स्वयं नाटो का सदस्य है और उसके संबंध यूरोप तथा अमेरिका से अधिक हैं जबकि ब्रिक्स को मोटे तौर पर अमेरिकी अगुवाई वाले जी-7 के विकल्प के तौर पर देखा जाता है। इसके पीछे तुर्की और और उसके नेता आर्दाआन की ग्लोबल महत्वाकांक्षा है। तुर्की वैश्विक स्तर पर बड़ा नेता बनना चाहता है। इसलिए वह हर उस संगठन में शामिल होना चाहता है, जो वैश्विक राजनीतिक पर असर डालता हो। इसके अलावा ब्रिक्स कोई सैन्य गठबंधन नहीं है जिससे अमेरिकी हितों को नुकसान पहुँचे। ऐसे में नाटो का सदस्य होने के बावजूद वह ब्रिक्स में घुसना चाहता है। इसके अलावा एक कारण और है। दरअसल, ब्रिक्स में सऊदी अरब भी सदस्य बनने के रास्ते में है। सऊदी अरब इस्लामी नेता माना जाता है और तुर्की उससे यह तमगा लेना चाहता है। ऐसे में वह भी यहाँ आना चाहता है हालाँकि, जब तक वह भारत और चीन से अपने रिश्ते ठीक नहीं करता, उसकी ब्रिक्स सदस्यता की इच्छा पूरी नहीं होने वाली।

**– रामस्वरूप रावतसरे**

# दुनिया में तेजी से बढ़ रही मुस्लिम आबादी

अक्सर कहा जाता है कि भारत में मुस्लिमों की जनसंख्या में तेज वृद्धि हो रही है लेकिन अब जो आंकड़े सामने आये हैं वह दर्शा रहे हैं कि पूरी दुनिया में मुस्लिम आबादी में सबसे तेज वृद्धि हो रही है। आंकड़े यह भी बता रहे हैं कि अगर यही रुझान जारी रहे तो 2050 तक मुस्लिम और ईसाई आबादी लगभग बराबर हो सकती है और 2070 के बाद मुस्लिम जनसंख्या ईसाइयों से आगे निकल सकती है। यह परिवर्तन न केवल सांख्यिकीय रूप से बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक दृष्टि से भी पूरे विश्व को प्रभावित करेगा। हम आपको बता दें कि प्यू रिसर्च सेंटर की एक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट "How the Global Religious Landscape Changed From 2010 to 2020" ने वैश्विक धार्मिक जनसांख्यिकी में हो रहे व्यापक परिवर्तनों की तस्वीर सामने रखी है। इस रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला धार्मिक समुदाय मुस्लिम समुदाय है। रिपोर्ट के मुताबिक 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की संख्या में हुई वृद्धि ने अन्य सभी धर्मों को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट कहती है कि 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की संख्या 347 मिलियन (34.7 करोड़) बढ़ी, जोकि अन्य सभी धर्मों की सम्मिलित वृद्धि से भी अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक मुस्लिम जनसंख्या का प्रतिशत 23.9% से बढ़कर 25.6% हो गया। यह वृद्धि मुख्य रूप से युवा आबादी और उच्च प्रजनन दर के कारण हुई। रिपोर्ट कहती है कि 2010 में ईसाई वैश्विक आबादी का 30.6% थे, जो 2020 में घटकर 28.8% रह गए। इस गिरावट का मुख्य कारण था धार्मिक त्याग, जिसमें खासतौर पर लोग पश्चिमी देशों में ईसाई धर्म को छोड़ रहे हैं। वहीं रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक हिंदू आबादी लगभग 1.2 अरब हो गई है (2010 में 1.1 अरब थी), यानी 12% की वृद्धि हुई है। हालांकि हिंदुओं का वैश्विक प्रतिशत 15% से मामूली घटकर 14.9% हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं की प्रजनन दर वैश्विक औसत के अनुरूप है और धर्मांतरण की दर भी बहुत कम है। रिपोर्ट के मुताबिक 2020 तक दुनिया के 95% हिंदू भारत में रहते हैं। इसके अलावा, 'नो-रिलिजन' वर्ग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। धार्मिक रूप से असंलग्न लोगों की संख्या 270 मिलियन बढ़कर 1.9 अरब हो गई है और इनका वैश्विक हिस्सा 23.3% से बढ़कर 24.2% हो गया है। वहीं प्रमुख धर्मों में केवल बौद्ध धर्म की आबादी 2010 की तुलना में 2020 में कम रही। 2010 में बौद्ध वैश्विक जनसंख्या का 4.9% थे, पर 2020 में यह घट गया। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में हिंदुओं की आबादी 2010 के 80% से घटकर 2020 में 79% हो गई है। वहीं भारत में मुस्लिम आबादी 2010 के 14.3% से बढ़कर 2020 में 15.2% हो गई है। यह वृद्धि भी मुख्य रूप से प्रजनन दर और युवा जनसंख्या के कारण है, न कि धर्मांतरण से। हालांकि भारत में मुस्लिमों की यह वृद्धि अन्य दक्षिण एशियाई देशों जैसे पाकिस्तान या बांग्लादेश की तुलना में धीमी है, पर फिर भी यह एक महत्वपूर्ण सांख्यिकीय परिवर्तन है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2010 में दुनिया की कुल मुस्लिम आबादी में से 35% मुसलमान 15 वर्ष से कम आयु के थे।

**– नीरज कुमार दुबे**

आज का कार्टून | साभार




# चल चल रे कांवड़िया शिव के धाम

11 जुलाई से सावन के आरंभ के साथ ही कांवड़ यात्रा भी शुरू हो गई है जो इस वर्ष 23 जुलाई श्रावण शिवरात्रि तक चलेगी। हालांकि इच्छुक शिव भक्त इसके बाद भी सावन मास में व्यक्तिगत रूप से कांवड़ लाना चाहें तो ला सकते हैं। यदि श्रावण में चलने वाली इस कांवड़ यात्रा पर एक दृष्टि डालें तो पता चलता है कि प्रति वर्ष सावन में शिव भक्त हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री, गौमुख व गढ़गंगा आदि विभिन्न गंगा से जुड़े तीर्थों एवं दूसरे गंगा तटों से कांवड़ से कलशों में भरकर गंगाजल लाकर अपने क्षेत्र के शिवालयों में शिवलिंग पर अर्पित करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कांवड़ यात्रा करने से भगवान शिवभक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं और सभी संकटों को दूर करते हैं। सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार इस पूरे महीने में जो भी उपासक भगवान महादेव का पूजन, अर्चन, और स्तवन पूरे मनोयोग और विधिविधान के साथ करता है, भगवान आशुतोष उस पर प्रसन्न हो उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। पुराणों के अनुसार कांवड़ यात्रा भगवान शिव को प्रसन्न करने का सबसे सरल रास्ता है। इस अवसर पर यह जानना समीचीन होगा कि कैसे शुरू हुई कांवड़ यात्रा की परंपरा और पहला कांवड़िया कौन था? अलग-अलग मिथकों के अनुसार परशुराम से लेकर श्रवण कुमार तक को पहला कांवड़िया होने के प्रसंग मिलते हैं। एक मान्यता के अनुसार, भगवान परशुराम ने सबसे पहले कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी। माना जाता है कि परशुराम गढ़मुक्तेश्वर धाम से गंगाजल लेकर आए थे और वर्तमान उत्तर प्रदेश के बागपत के निकट स्थित 'पुरा महादेव' का गंगाजल से अभिषेक किया था। उस समय सावन मास ही चल रहा था, इसी के बाद से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई । आज भी लाखों भक्त गढ़मुक्तेश्वर धाम से गंगाजल लेकर पुरा महादेव पर जल अर्पित करते हैं। आनंद रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम पहले कांवड़िए थे। इस मिथक के अनुसार भगवान राम ने बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल भरकर देवघर स्थित बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया था। उस समय भी सावन मास ही चल रहा था। कुछ प्राचीन ग्रंथों में रावण को भी पहला कांवड़िया बताया गया है। समुद्र मंथन के दौरान जब भगवान शिव ने हलाहल पान किया था, तब भगवान शिव का कंठ नीला हो गया था और वे तभी से नीलकंठ कहलाए थे लेकिन हलाहल या विष पीने के बाद नकारात्मक शक्तियों ने भगवान नीलकंठ को घेर लिया था। तब परम शिवभक्त रावण ने महादेव को नकारात्मक शक्तियों से मुक्त के लिए ध्यान किया और गंगाजल भरकर 'पुरा महादेव' का अभिषेक किया, जिससे महादेव नकारात्मक ऊर्जाओं से मुक्त हो गए थे। तभी से कांवड़ यात्रा की परंपरा भी प्रारंभ हो गई। कुछ विद्वानों की मान्यता है कि सबसे पहले त्रेतायुग में श्रवण कुमार ने कांवड़ यात्रा शुरू की थी। श्रवण कुमार ने अंधे माता पिता को तीर्थ-यात्रा पर ले जाने के लिए कांवड़ में बैठाया था। श्रवण कुमार के माता पिता ने हरिद्वार में गंगा स्नान करने की इच्छा प्रकट की थी, माता पिता की इच्छा को पूरा करने के लिए श्रवण कुमार कांवड़ में ही हरिद्वार ले गए और उनको गंगा स्नान करवाया। वापसी में वे गंगाजल भी साथ लेकर आए थे। बताया जाता है कि तभी से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई थी। इसके अतिरिक्त कुछ विद्वान पृथ्वी को गंगा गंगा को पृथ्वी पर लाने वाले भागीरथ को भी पहले कांवड़िया होने की मान्यता देते हैं उनके अनुसार अपने पूर्वजों सागर पुत्रों के मोक्ष के लिए भागीरथ गंगा का जल कांवड़ में भरकर अपने पुरखों के तर्पण के लिए लाए थे इसलिए उन्हें भी एक विशिष्ट कावड़िया कहा जा सकता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान जब महादेव ने हलाहल विष का पान कर लिया था, तब विष के प्रभाव को दूर करने के लिए भगवान शिव पर सभी देवताओं द्वारा पवित्र नदियों का जल चढ़ाया गया था ताकि विष के प्रभाव को जल्दी से जल्दी कम किया जा सके। सभी देवता मिलकर गंगाजल लेकर आए थे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यह अभिषेक भी सावन में ही हुआ था। कहा जाता है कि तभी से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई। वर्तमान में भी कांवड़ की शुरुआत होते ही देश भर के कोने-कोने से कांवडिएं करोड़ों की संख्या में शिवजी का अभिषेक करने के लिए गंगाजल लेने के लिए उमड़ पड़ते हैं। इन कांवड़ियों में हर आयु वर्ग के कावड़िएं शामिल हैं। अबोध शिशुओं से लेकर बच्चे, किशोर, युवा एवं वृद्ध यहां तक कि विकलांग भी शामिल हैं।

**-डॉ घनश्याम बादल**

# चिराग पासवान को धमकी देने वाला आरोपी बेगूसराय से अरेस्ट

## इंस्टाग्राम पोस्ट के कमेंट में कहा था- 20 जुलाई को अपने हाथों से बम से उड़ा दूंगा

महानगर नेटवर्क
पटना

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को समस्तीपुर पुलिस ने रविवार को बेगूसराय से गिरफ्तार कर लिया। 21 साल का आरोपी समस्तीपुर का रहने वाला है। आरोपी की ओर से धमकी दिए जाने का मामला 11 जुलाई को सामने आया था। केंद्रीय मंत्री को टाइगर मिराज इदरीसी नाम के सोशल मीडिया यूजर की ओर से दी गई थी।



दरअसल, कुछ दिन पहले यूट्यूबर दक्षा प्रिया ने चिराग पासवान का इंटरव्यू किया था। जिसके बाद सोशल मीडिया पर दक्षा प्रिया को फॉलो करने वाले टाइगर मिराज ने कमेंट में लिखा, '20 जुलाई को चिराग पासवान को बम से उड़ाकर मेरे हाथों हत्या होगी।' माना जा रहा है कि धमकी देने वाला शख्स समस्तीपुर का ही रहने वाला है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। मामले में लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने पटना साइबर थाने में लिखित शिकायत की थी। इसके अलावा समस्तीपुर में पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार उर्फ हीरा सिंह ने के आवेदन पर साइबर थाने में FIR दर्ज की गई थी।

### रोसरा थाना क्षेत्र के भिरहा गांव का रहने वाला है आरोपी

आरोपी की पहचान 21 साल के मोहम्मद मिराज इदरीसी के रूप में हुआ है, जो रोसरा थाना क्षेत्र के भिरहा गांव के रहने वाले मोहम्मद सलीम का बेटा है। आरोपी ने 11 जुलाई को सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट एक इंटरव्यू के कमेंट सेक्शन में कमेंट कर केंद्रीय मंत्री को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। फिलहाल, गिरफ्तार आरोपी मिराज को मेडिकल जांच के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल लाया गया है।

## नालंदा में 24 घंटे के अंदर तीसरा मर्डर

### अब किसान को धारदार हथियार से काट डाला

**नालंदा।** बिहार में एक किसान को धारदार हथियार से काट डाला गया। नालंदा जिले में सरमेरा थाना क्षेत्र के चुहरचक गांव में शनिवार की देर रात एक किसान की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि मृतक 58 वर्षीय किशोरी यादव, स्वर्गीय रामेश्वर यादव के पुत्र थे। वह खेत में पटवन (सिंचाई) करने के बाद खेत के बगल में सड़क किनारे सो रहे थे। उसी दौरान पांच की संख्या में आए बदमाशों ने उन पर हमला कर निर्मम तरीके से हत्या कर दी। नालंदा में 24 घंटे के अंदर हत्या की तीसरी वारदात हुई है। मृतक के पुत्र ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनका ननिहाल इसी गांव में है और वर्ष 2022 में गांव के ही सकलदीप यादव से उनका मामूली विवाद हुआ था।

# सारण में शिक्षक की गोली मार कर हत्या

## परसा थाने के मस्तीचक के पास हुई घटना

महानगर नेटवर्क
सारण

सारण में दरियापुर थाना क्षेत्र में रविवार को अपराधियों ने एक शिक्षक को गोली मार कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद लोगों में काफी आक्रोश है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बिसाही गांव के रहने वाले संतोष राय के रूप में की गई है। बताया जाता कि संतोष राय बिसाही मध्य विद्यायल में शिक्षक के पद कर कार्यरत थे।

जानकारी के मुताबिक संतोष राय परसा थाना क्षेत्र के मस्तीचक के पास ईंट भट्ठा के कार्य को कर के वापस अपने घर की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से मौजूद अपराधियों ने उन पर गोलीबारी कर दी। इस घटना में कार ड्राइवर कमलेश राय गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका



इलाज चल रहा है। वहीं घायल अवस्था में संतोष राय को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया, लेकिन उन्होंने आधे रास्ते में दम तोड़ दिया।

### क्या कहती हैं पुलिस?

दरियापुर के थानाध्यक्ष ने मामले में बताया कि इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस हत्या कर पीछे की कारणों की जांच करने में जुटी है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### घटनास्थल से हथियार बरामद

घटना के बाद पुलिस मौके पर आई और छानबीन शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के पास से एक देसी कट्टा भी बरामद किया गया हैं और शव के पोस्टमार्टम के लिए सारण सदर अस्पताल भेजा गया, जहां शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। इस वारदात के बाद आस पास का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। स्थानीय लोग दहशत में हैं। लोगों में भय व्याप्त है। बताया जाता है कि शिक्षक संतोष राय न सिर्फ शिक्षक थे, बल्कि उनका पूरा परिवार ईंट भट्ठा के कारोबार में वाहन स्टैंड की ठीकेदारी का व्यवसाय का कार्य भी करता है।

## 14 साल के किशोर की हत्या

### रात में मैच देखने गया था, सुबह मिली लाश तो मचा हड़कंप

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में एक किशोर की निर्मम हत्या कर दी गयी। ताजपुर थाना क्षेत्र के मोरवा दक्षिणी पंचायत के खेदूंटांड़ पोखर के किनारे रविवार की सुबह उसकी लहूलुहान लाश पायी गई। लाश मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। बालक की बेरहमी से गला रेतकर हत्या की गई थी। उसका शव पोखर किनारे सीढ़ी के नीचे पड़ा था। स्थानीय सूचना पर ताजपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच छानबीन में जुट गई। मृतक बालक की पहचान सरायरंजन थाना क्षेत्र के नौआचक वार्ड दो निवासी अमरजीत राय के पुत्र प्रिंस कुमार (14) के रूप में की गई।



घटना के बारे में बताया जाता है कि गांव में टिप टॉप डे नाइट मैच हो रहा था। प्रिंस अपने घर से मैच देखने के लिए निकला था। देर रात वह अपने घर नहीं पहुंचा तो उसके दादा एवं परिजन खोजबीन करने लगे लेकिन, वह नहीं मिला। इसी दौरान रविवार की सुबह ताजपुर थाना क्षेत्र के खेदूटार स्थित नुनु बाबू के पोखर के समीप बालक के शव पाए जाने की सूचना मिली। लोगों की भीड़ घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़ी। परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंच उसकी पहचान की। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। जितनी मुंह उतनी बातें।

## पिता ने बेटे को पीट-पीट कर मार डाला

**पटना।** राजधानी पटना में एक सनसनीखेज मर्डर की वारदात को अंजाम दिया गया है। पटना में जकनपुर थानाक्षेत्र के करबिगहिया स्थित होटल में पहले खाना खाने से नाराज पिता ने पीट-पीट कर बेटे शनि कुमार (6) की हत्या कर दी। परिवार मूल रूप से लखीसराय के मनिकपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपी पिता पटना में राजमिस्त्री का काम करता है। घटना के बाद से पिता प्रभात महतो फरार है। रविवार तड़के माम की शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर पिता की तलाश में जुट गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बिहार में एक करोड़ युवाओं को जॉब देने का लक्ष्य

## कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय की होगी स्थापना : CM नीतीश कुमार

महानगर नेटवर्क
पटना

राज्य सरकार ने युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने की दिशा में ऐलान किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी सरकार की शुरू से ही यह सोच रही है कि अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार मिल सके।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, साल 2005 से 2020 के बीच राज्य के 8 लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई। वहीं, 2020 में सात निश्चय-2 के तहत 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया था, जिसे बाद में बढ़ाकर अगस्त 2025 तक 12 लाख सरकारी नौकरी और 38 लाख रोजगार कर दिया गया। कुल 50 लाख नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया था।




### 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक राज्य में 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और 39 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। 50 लाख का लक्ष्य निश्चित रूप से पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि अगले पांच सालों (2025-2030) के लिए यह लक्ष्य दोगुना कर एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का तय किया गया है। इसके लिए निजी और औद्योगिक क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। इस उद्देश्य के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन होगा।

## अब वंशावली पर पार्षद के साथ तहसीलदार का भी होगा हस्ताक्षर

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले परिवार का वंशावली अब नये फॉर्मेट में बनेगा. पहले सिर्फ पार्षद के हस्ताक्षर से वंशावली बन जाता था. लेकिन, अब पार्षद के साथ-साथ उस वार्ड के टैक्स वसूली करने वाले तहसीलदार का भी वंशावली पर हस्ताक्षर होगा. यानी, संयुक्त हस्ताक्षर से निर्गत वंशावली ही मान्य होगा. अभी सबसे ज्यादा वंशावली का काम गरीबों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ लेने एवं जमीन सर्वे आदि में काम आ रहा है। बीते एक सप्ताह से नगर निगम से जारी फॉर्मेट में ही पार्षदों को वंशावली बनाने को कहा गया है. यही नहीं, पार्षद व तहसीलदार जो वंशावली निर्गत करेंगे. उन्हें इसका पूरा रिकॉर्ड भी रखना होगा. इसके लिए उन्हें एक रजिस्टर ओपन




करना है, जिस पर वंशावली का डिटेल अंकित कर उसका सीरियल नंबर वंशावली पर इंट्री करना होगा. नगर निगम के इस फैसले से वंशावली बनाने में होने वाले फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी. कई ऐसे मामले का खुलासा हुआ है, जिसमें फर्जी तरीके से वंशावली बनवा लगाया गया है.

### शपथ पत्र देना अनिवार्य, सत्यता की जांच करेंगे तहसीलदार

वंशावली बनाने से पहले जो व्यक्ति वंशावली बनवाना चाहते हैं, उन्हें शपथ पत्र देना अनिवार्य कर दिया गया है. शपथ पत्र संख्या भी वंशावली पर अंकित करना है.

# कांवरिया पथ पर नजर नहीं आएंगे लुटेरे, पैनी निगाह रख रही पुलिस

महानगर नेटवर्क
भागलपुर

रेंज के भागलपुर-बांका में कांवरिया पथ पर अब लुटेरे चाह कर भी बाबा नगरी जाने वाले कांवरियों का कुछ नहीं बिगाड़ सकते।

कांवरिया पथ पर पुलिसकर्मियों की कम आवाजाही का फायदा उठा लुटेरे अक्सर कांवरियों से लूटपाट कर लिया करते थे। लेकिन इस बार पुलिस टीम ने लुटेरों पर ही घात लगाने की सधी तैयारी कर रखी है।



इस बार भागलपुर और बांका जिले के कांवरिया पथों और उससे सटे इलाके पर पुलिस बलों ने पैनी नजर रखनी शुरू कर दी है। रेंज आईजी विवेक कुमार ने भागलपुर-बांका में कांवरिया पथों और बाबाधाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए हैं।

भागलपुर-बांका में कांवरियों की सुरक्षा को चाक-चौबंद करते हुए 260 डीएसपी-दारोगा की तैनाती की गई है। दोनों जिलों में केवल बाबा धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 2425 सिपाही, यातायात सिपाही और गृहरक्षकों को लगाया गया है। आईजी ने कहा कि दोनों जिलों में वरीय पुलिस अधिकारी भी समय-समय पर भ्रमणशील रहकर कांवरिया पथों की मौजूदा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का औचक निरीक्षण करेंगे। वे घाटों की सुरक्षा का भी जायजा लेते रहेंगे।

# 'बच्चे के शरीर में तूने ही भूत भेजा...'

## डायन का आरोप लगाकर पूर्णिया में महिला के घर पर ईंट-पत्थर से हमला

महानगर नेटवर्क
पूर्णिया

पूर्णिया में डायन बिसहा के आरोप में 5 लोगों को जिंदा जला देने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि पूर्णिया के मीरगंज थाना क्षेत्र के रंगपुरा पंचायत के कजरा साह टोला से फिर एक ऐसा ही मामला सामने आया है. यहां एक युवक ने अपने पड़ोस में रहने वाली एक महिला के डायन होने का आरोप लगाकर उसके घर पर हमला कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला की जान बचाई. प्रमोद शाह ने आधा दर्जन लोगों के साथ मीरा देवी को डायन बताते हुए उनके घर पर



ईंट-पत्थर और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया था, जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर महिला की जान बचाई. दरअसल, घटना के बारे में बताया गया कि प्रमोद शाह का 8 साल का बेटा स्कूल में प्रार्थना के समय लाइन में लगने के दौरान बेहोश होकर गिर गया था. इसके बाद वह अजीब-अजीब हरकत करने लगा. बताया जा रहा है कि बच्चा कई दिनों से बीमार था, जिसका इलाज चल रहा था. परिजनों के मुताबिक बच्चे को इलाज के लिए ले जाया गया और डॉक्टर को दिखाया गया. लेकिन डॉक्टर ने उसके चेकअप करने के बाद उसे किसी भी तरह की कोई भी बीमारी होने से इनकार कर दिया. हालांकि फिर भी बच्चा ठीक नहीं हुआ था और बीमार ही रहने लगा था।

### गांव में दहशत का माहौल

अब इस घटना के बाद से गांव मे दहशत का माहौल है। गांव के कुछ लोग भूत प्रेत होने का दावा कर रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने भूत-प्रेत और तंत्र-मंत्र को लेकर सही से जवाब नहीं दिया। बच्चा जिस स्कूल में पढ़ता है. वहां की प्रिंसिपल रिंकी कुमारी बताती हैं कि वह स्कूल के बच्चों को लगातार सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक कर रही हैं, बच्चों में साइंस, और सामाजिक जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम हर शनिवार को चलाए जा रहे हैं।

## मिर्ची पाउडर और केमिकल डाला, बिहार में पुलिस पर हमला

**पटना।** बिहार में एक बार फिर पुलिस पर हमला हुआ है। अब नवादा में पुलिस वालों पर अटैक किया गया है। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात करीब 10 बजे पकरीबरावां प्रखंड के छोटी तालाब मोहल्ला में डायल 112 की टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। पुलिस टीम झगड़े की सूचना पर मौके पर पहुंची थी, लेकिन वहां मौजूद उपद्रवियों ने ईंट-पत्थर व लाठी-डंडे से पुलिस वाहन पर हमला कर शीशे तोड़ दिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पकरीबरावां थाना को तत्काल सूचना दी गई।

**व्यापार**

## पेटीएम फाउंडर बोले- नौकरियों पर AI का असर टालना नामुमकिन




**नई दिल्ली।** पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शर्मा ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का नौकरियों पर असर अब टालना नामुमकिन है। उन्होंने दिल्ली में एक AI इवेंट के दौरान कहा जल्दी या देर से, हमें AI को एम्प्लॉई या CFO की तरह इस्तेमाल करना ही पड़ेगा। शर्मा ने माना कि AI आने वाले वक्त में इंसानों के कई काम खुद करेगा, लेकिन साथ ही ये नई तरह की नौकरियां और रोल भी पैदा करेगा।

विजय शेखर शर्मा ने माना कि AI कई रूटीन जॉब्स को ऑटोमेट कर देगा, जिससे कुछ लोगों की नौकरियां जाएंगी। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि हर टेक्नोलॉजी बदलाव की तरह, AI भी नई जॉब्स और रोल्स लेकर आएगा, खासकर डेटा साइंस, मशीन लर्निंग और इंटेलिजेंट सिस्टम्स जैसे फील्ड्स में। शर्मा ने STD-PCO बिजनेस का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे मोबाइल-इंटरनेट ने उनकी जगह ले ली, वैसे ही AI से भी बदलाव आना तय है। शर्मा ने बताया कि पेटीएम अब सिर्फ फिनटेक कंपनी नहीं रहना चाहती, बल्कि AI-फर्स्ट कंपनी बनने की ओर बढ़ रही है। कंपनी अपने रूटीन बिजनेस प्रोसेस में AI को तेजी से शामिल कर रही है।

# शेयर बाजार के लिए 15 जुलाई की तारीख अहम

महानगर नेटवर्क
मुंबई

शेयर बाजार के लिए कल से शुरू होने वाले हफ्ते में 15 जुलाई की तारीख अहम होने वाली है। वेल्थव्यू एनालिटिक्स के डायरेक्टर हरशुभ शाह के मुताबिक इस दिन ट्रेडर्स को हाई-अलर्ट पर रहना चाहिए। वहीं उन्होंने अपनी वीकली मार्केट रिपोर्ट में कुछ खास समय और स्तर बताए हैं।

इसके अलावा रिटेल और थोक महंगाई दर के आंकड़े, पहली तिमाही के कंपनियों के नतीजे से लेकर विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री और टेक्निकल फैक्टर्स बाजार की चाल तय करेंगे।

### निफ्टी के अहम स्तर

सपोर्ट यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को नीचे गिरने से सहारा मिलता है। यहां खरीदारी बढ़ने से कीमत आसानी से नीचे नहीं जाती। इन स्तरों पर खरीदारी का मौका मिल सकता है। रेजिस्टेंस यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को ऊपर जाने में रुकावट आती है। ऐसा बिकवाली बढ़ने से होता है। अगर निफ्टी रजिस्टेंस जोन को पार करता है, तो नई तेजी आ सकती है। वेल्थव्यू ने 15 जुलाई को हाई अलर्ट डे बताया है। इसमें 1 ट्रेडिंग दिन का मार्जिन भी शामिल है। यानी 14 या 16 जुलाई को भी बाजार में तेज हलचल हो सकती है। इस दौरान इंट्राडे ट्रेडर्स को बड़े मूवमेंट का फायदा उठाने का मौका मिल सकता है।



वेल्थव्यू की सलाह है कि इन दिनों में बाजार की चाल पर बारीकी से नजर रखें और अपने ट्रेडिंग प्लान को इन स्तरों और समयों के आधार पर तैयार करें।

### पिछली रिपोर्ट में 10 जुलाई को अहम बताया था

वेल्थव्यू एनालिटिक्स ने अपनी पिछली रिपोर्ट में 10 जुलाई को संभावित ट्रेड रिवर्सल डे बताया था। उस दिन के हाई और लो लेवल्स पर बारीकी से नजर रखने की सलाह दी गई थी। इस दिन के हाई और लो लेवल्स को तोड़ने के बाद शुक्रवार को बाजार में तेज गिरावट आई।

## शान पटेल एसेट मैनेजमेंट ने निवेश फंड लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** शान पटेल एसेट मैनेजमेंट एक पेशेवर एएमसी जो निवेशकों के धन का सक्रिय रूप से प्रबंधन करके धन वृद्धि करता है, ने 200 करोड़ रुपए के प्रारंभिक लक्ष्य कोष के साथ अपने प्रमुख श्रेणी III वैकल्पिक निवेश फंड के लॉन्च की घोषणा की है। वैकल्पिक निवेश फंड एक फ्लेक्सी-कैप दृष्टिकोण अपनाएगा, जिसमें प्रत्येक स्टॉक में अधिकतम 10% आवंटन के साथ लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप शेयरों में निवेश किया जाएगा। पोर्टफोलियो अत्यधिक केंद्रित रहेगा, जिसमें गहन मौलिक शोध और मात्रात्मक विश्लेषण के स्वामित्व मिश्रण का उपयोग करके पहचाने गए 12-15 उच्च-विश्वास वाले विचार शामिल होंगे।

# जिसे कभी देखा नहीं, वो निकला अंबानी-अडानी से भी अमीर!

## रहस्यमयी शख्स अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर



**नई दिल्ली।** आपने मुकेश अंबानी और गौतम अडानी का नाम तो खूब सुना होगा, लेकिन क्या आप किसी ऐसे अरबपति के बारे में सोच सकते हैं जिसे आज तक किसी ने देखा तक नहीं? जी हां, बात हो रही है बिटकॉइन के गुप्त फाउंडर सतोशी नाकामोतो की।

नाकामोतो कौन है, ये आज तक किसी को नहीं पता न चेहरा, न देश, न पहचान। लेकिन ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक, ये रहस्यमयी शख्स अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर इंसान बन चुका है और संपत्ति के मामले में उसने अंबानी और अडानी जैसे एशिया के दिग्गज बिज़नेस टायकून को भी पीछे छोड़ दिया है।

### बिटकॉइन बना रॉकेट

दुनिया की सबसे पुरानी और चर्चित क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत अब आसमान छू रही है। अभी इसका रेट 1,18,000 डॉलर (करीब 98 लाख रुपये) तक पहुंच चुका है। इस साल अब तक इसकी कीमत में 55% से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। इस तेजी का सबसे बड़ा फायदा हुआ है बिटकॉइन बनाने वाले रहस्यमयी इंसान सतोशी नाकामोतो को। भले ही आज तक कोई नहीं जानता कि नाकामोतो असल में कौन है — एक इंसान, एक टीम या कोई ग्रुप लेकिन उनके पास करीब 10 लाख बिटकॉइन हैं। मौजूदा कीमत पर देखें तो नाकामोतो की कुल संपत्ति 129 अरब डॉलर (लगभग 10।7 लाख करोड़ रुपये) हो चुकी है।

अंबानी-अडानी से भी आगे निकले नाकामोतो अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। उनकी नेटवर्थ भारत के दो सबसे अमीर कारोबारियों से भी ज्यादा है। मुकेश अंबानी के पास 109 अरब डॉलर और गौतम अडानी के पास 84।2 अरब डॉलर की दौलत है।यहां तक कि उनकी संपत्ति बिल गेट्स से भी ज्यादा है, जिनकी नेटवर्थ 123 अरब डॉलर है।

### कभी देखा नहीं गया ये अरबपति

नाकामोतो ने अक्टूबर 2008 में बिटकॉइन का पहला डॉक्यूमेंट (वाइटपेपर) पब्लिश किया था। फिर 3 जनवरी 2009 को पहला बिटकॉइन ब्लॉक माइन किया गया। यहीं से बिटकॉइन और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी की शुरुआत मानी जाती है।

### आम आदमी के लिए खुशखबरी

## सोने में आने वाली है बड़ी गिरावट, कैश रखिए तैयार !

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

विश्व स्वर्ण परिषद (वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल) की ताजा रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है. अगर दुनिया भर में भू-राजनीतिक और व्यापारिक टेंशन कम होती है, तो सोने के दाम में मध्यम अवधि में नरमी आ सकती है. इतना ही नहीं, अगर अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में उछाल आता है, तो सोने की चमक और फीकी पड़ सकती है. परिषद का कहना है कि केंद्रीय बैंकों की सोने की खरीदारी में कमी और आम निवेशकों की मांग घटने से भी सोने के रेट में गिरावट देखने को मिल सकती है।



पिछले कुछ समय से सोना बाजार में छाया हुआ है। 3 नवंबर 2022 को जब सोना अपने सबसे निचले स्तर पर था, तब इसकी कीमत 1,429 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस थी. लेकिन अब ये दोगुने से भी ज्यादा होकर 3,287 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया है। यानी हर साल 30% की रफ्तार से बढ़ोतरी ! इस तेजी के पीछे केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी, दुनिया भर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और हाल में व्यापारिक जोखिम रहे हैं।

# रूस से दोस्ती निभा रहा भारत, तेल खरीद में तोड़ा 11 महीने का रिकॉर्ड

**भारत अपनी जरूरत का 85% तेल करता है आयात**

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

दुनियाभर के कई देशों के विरोध के बावजूद भारत रूस से दोस्ती निभा रहा है। भारत ने रूस से तेल खरीद 11 महीने के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। वैश्विक जिंस बाज़ार विश्लेषक कंपनी केप्लर के तेल जहाज की निगरानी पर आधारित आंकड़ों के अनुसार, भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रूसी कच्चे तेल का आयात किया, जो जुलाई, 2024 के बाद से सर्वाधिक है। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने कहा कि जून में भारत के कच्चे तेल के वैश्विक आयात




में छह प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि रूस से आयात में मासिक आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जुलाई, 2024 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

शोध संस्थान ने कहा कि रूस से किए गए इन आयात में से आधे से अधिक की हिस्सेदारी भारत की तीन रिफाइनरियों की रही, जो जी7 प्लस देशों को भी शोधन वाले उत्पादों का निर्यात करती हैं।" भारत अपनी ज़रूरत का 85 प्रतिशत से ज़्यादा कच्चा तेल आयात करता है, जिसे रिफ़ाइनरियों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। परंपरागत रूप से, पश्चिम एशिया इसका मुख्य स्रोत था, लेकिन पिछले लगभग तीन वर्षों से रूस इसका मुख्य आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। खाड़ी देशों से तेल का आयात घटा जून में, भारत ने अपने दूसरे सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता इराक से लगभग 8,93,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चा तेल आयात किया, जो मासिक आधार पर 17.2 प्रतिशत की गिरावट है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# विरासत भवनों और किलों को भव्य पर्यटन स्थलों में बदलेगी सरकार

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**



उत्तर प्रदेश में खंडहर में तब्दील हो रहे राज्य के ऐतिहासिक धरोहरों को नया जीवन देने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। पर्यटन विभाग प्रदेश के 11 पुराने किलों और भवनों को चमकाने की तैयारी में है। विभाग ने एजेंसियों के माध्यम से इसके लिए अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) आमंत्रित किया है। ये काम पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत होगा, जहां एजेंसी इन जगहों को डिजाइन करेगी, बनाएगी, पैसे लगाएगी, चलाएगी और बाद में सरकार को सौंप देगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुरू होने जा रही इस पहल से न सिर्फ इन ऐतिहासिक किलों और भवनों का इतिहास बचेगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन बढ़ेगा और हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। पर्यटन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इन 11 विरासत स्थलों में ललितपुर का तालबेहट किला, बांदा का रनगढ़ और भुरागढ़ किला, गोंडा की वजीरगंज बारादरी, लखनऊ का आलमबाग भवन, गुलिस्तान-ए-एरम और दर्शन विलास, कानपुर की टिकैत राय बारादरी, महोबा का मस्तानी महल और सेनापति महल, झांसी का तहरौली किला और मथुरा का सीताराम महल (कोटवान किला) शामिल हैं।

ये सभी जगहें अपनी खास वास्तुकला और इतिहास की कहानियों के लिए मशहूर हैं। इनका पुनरोद्धार करके इन्हें होटल, सांस्कृतिक केंद्र या संग्रहालय में बदला जाएगा, ताकि पर्यटक यहां ठहर सकें और इतिहास को करीब से महसूस कर सकें। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में ये योजना खास तौर पर फायदेमंद होगी, जहां पर्यटन बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। पर्यटन विभाग के मुताबिक, ये परियोजना न सिर्फ इन पुरानी इमारतों को नया रूप देगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए रास्ते भी खोलेगी। मुख्यमंत्री ने पहले ही इको-टूरिज्म और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। उनकी ये कोशिशें यूपी को देश और दुनिया में पर्यटन का एक चहेता डेस्टिनेशन बना रही हैं। अयोध्या, काशी, और मथुरा जैसे प्रमुख धार्मिक केंद्रों के साथ-साथ राज्य के अन्य प्राचीन मंदिरों और तीर्थ स्थलों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए सरकार ने कई योजनाएं लागू की हैं।

## सावन के पहले सोमवार को स्कूलों में अवकाश

**वाराणसी।** पवित्र मास सावन के पहले सोमवार यानि आज 14 जुलाई को स्कूलों में अवकाश की घोषणा की गई है। डीआईओएस और प्रभारी बीएसए भोलेंद्र प्रताप सिंह की तरफ से यह आदेश सभी परिषदीय, माध्यमिक के साथ सीबीएसई, आईसीएसई सहित अन्य बोर्ड के स्कूलों के लिए जारी किया गया है। स्कूलों को कहा गया है कि इसके स्थान पर वह रविवार को पठन-पाठन करा सकते हैं। आदेश नगर क्षेत्र और कांवर मार्ग पर पड़ने वाले सभी स्कूलों पर लागू होगा। पहले सोमवार को स्कूल बंद रखने के साथ ही उन्हें सुविधानुसार कक्षाओं का संचालन रविवार को करने की इजाजत दी गई है। साथ ही यह निर्देश दिया गया है कि इसकी सूचना उचित माध्यमों से अभिभावकों और विद्यार्थियों को दी जाए। इसके साथ ही अवकाश की सूचना स्कूलों को नगर और ग्रामीण में दे दी गई है।

# केशव प्रसाद मौर्य ने PDA को बताया परिवार डेवलपमेंट एजेंसी

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों खासतौर से समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका पीडीए 'परिवार डेवलपमेंट एजेंसी' है, जिसमें अखिलेश यादव 'चेयरमैन' और उनके परिवार के लोग 'डायरेक्टर' हैं। मौर्य गोंडा जिले में मनकापुर रियासत के पूर्व राजा और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री दिवंगत कुंवर आनंद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने और उनके पुत्र केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री एवं सांसद कीर्तिवर्धन सिंह तथा परिजनों से भेंटकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी 2027 में प्रचंड बहुमत से तीसरी बार सरकार बनाएगी। मौर्य ने कहा कि सपा, बसपा (बहुजन समाज पार्टी) या कांग्रेस चाहे मिलकर लड़ें या अलग-अलग, उनका हाल वही होगा जो 2017 में हुआ था। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि "उनका पीडीए 'परिवार डेवलपमेंट एजेंसी' है, जिसमें अखिलेश यादव 'चेयरमैन' और उनके परिवार के लोग 'डायरेक्टर' हैं।"

यादव ने 2024 के लोकसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) एकता पर जोर दिया और उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीट में कांग्रेस के साथ मिलकर 43 सीट पर जीत दर्ज की। इनमें 37 सीट अकेले सपा ने जीती हैं। उसके बाद से यादव ने 'पीडीए' एकजुटता को लेकर मुहिम शुरू की है। मौर्य ने आरोप लगाया कि सपा गुंडों, अपराधियों और माफियाओं की पार्टी है उनका कोई भविष्य नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव ओबीसी के किसी भी नेता को बर्दाश्त नहीं कर सकते और इसी वजह से वह उनसे डरते हैं। मौर्य ने खुद को गरीब किसान परिवार का बेटा बताते हुए कहा कि वह कार्यकर्ता से उपमुख्यमंत्री तक पहुंचे हैं और इसी वजह से अखिलेश यादव उनके राजनीतिक कद से भयभीत रहते हैं। वरिष्ठ बीजेपी नेता मौर्य ने अखिलेश यादव को अहंकारी करार देते हुए कहा कि उनकी भाषा का स्तर बेहद निम्न है और जब इतिहास लिखा जाएगा, तो उनका यह रवैया सबके सामने आएगा।

# मायावती ने भाषाई और जातीय हिंसा पर जताई चिंता

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने रविवार को पार्टी की संगठनात्मक समीक्षा बैठक में दक्षिण और पश्चिम भारत के सात राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में पार्टी की मजबूती और जनाधार बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा की।

लखनऊ स्थित बीएसपी केंद्रीय कैम्प कार्यालय में आयोजित इस बैठक में मायावती ने पार्टी पदाधिकारियों से 2 मार्च को जारी दिशा-निर्देशों पर हुई प्रगति की रिपोर्ट ली और संगठन की कमजोरियों को दूर करने के निर्देश दिए। इस बैठक में केंद्रीय कोऑर्डिनेटर व प्रभारी राजाराम और अतर सिंह राव सहित सभी राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान बसपा प्रमुख ने पार्टी के जनाधार को बढ़ाने तथा देश व जनता के कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर गहन समीक्षा की। इसके साथ ही संकीर्ण उद्देश्यों के लिए धार्मिक उन्माद के बाद अब भाषा व जातीय हिंसा आदि के बढ़ते रोग पर गंभीर चिन्ता व्यक्त करते हुए सभी सरकारों से कानून-व्यवस्था के साथ-साथ महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा तथा स्वास्थ्य आदि जैसे जनहित के जरूरी मुद्दों पर खास ध्यान देने की मांग की गई। महाराष्ट्र और तमिलनाडु आदि राज्यों में भाषाई विवाद व उसको लेकर हिंसा की देश भर में ही रही चर्चाओं का संज्ञान लेते हुए मायावती ने कहा कि ऐसी प्रवृति घातक है। जब धर्म क्षेत्र जाति व भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने का प्रयास करती है। हर भारतीय को भारतीयता पर गर्व करके कार्य करना चाहिए। खासकर मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, जहां से देश के सभी राज्यों के लोगों का सीधा वास्ता है तथा उन्हें उनके जान, माल व मजहब के सुरक्षा की गारंटी सरकार को जरूर सुनिश्चित करना चाहिए।

# योगी राज में धर्मांतरण गैंग की खैर नहीं : भूपेंद्र सिंह चौधरी

## सपा शासन में कांवड़ यात्रा पर रोक लगाई जाती थी

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**



उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने चर्चित छांगुर बाबा प्रकरण पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार समाज विरोधी कृत्यों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को अत्यंत गंभीरता से ले रही है। इसमें किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। भूपेन्द्र चौधरी ने यह बयान शनिवार को मुरादाबाद में दिया।

भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व चोरी-छिपे धर्मांतरण जैसे घृणित कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं, जो समाज की एकता और सौहार्द को नष्ट करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐसी गतिविधियों के खिलाफ पहले से ही कठोर नीतियां अपनाई हैं। छांगुर बाबा प्रकरण में प्राथमिक जांच शुरू हो चुकी है, और जांच के परिणामों के आधार पर सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### सुरक्षा और शांति

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि योगी सरकार सामाजिक समरसता को बनाए रखने और इस तरह की आपराधिक गतिविधियों को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### यह विश्व का सबसे मजबूत संविधान

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने समाजवादी पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा शासन में कांवड़ यात्रा पर रोक लगाई जाती थी और श्रद्धालुओं को परेशान किया जाता था। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी सरकार में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा रहा है। योगी सरकार ने कांवड़ यात्रा के लिए सुरक्षा और शांति की पुख्ता व्यवस्था की है, जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो रही। इसके साथ ही सावन मास में मांस की दुकानों को बंद करने और शराब की बिक्री जारी रखने के सवाल पर भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि सावन का महीना आस्था का महीना है। अधिकांश लोग इस दौरान मांस का सेवन नहीं करते।

## डीजी जेल ने सेंट्रल जेल नैनी व जिला कारागार का किया निरीक्षण



प्रयागराज। महानिदेशक कारागार पीसी मीणा ने रविवार को केंद्रीय कारागार नैनी व जिला कारागार नैनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें जेल के अंदर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पौधारोपण किया। केंद्रीय कारागार नैनी पहुंचने पर जेल गेट पर गारद ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद उन्होंने जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्किल में बंद बंदियों से मुलाकात की। बंदियों से बातचीत करते हुए जेल प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए जेल प्रशासन को चिकित्सा व्यवस्था को और दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। डीजी जेल ने हाई सिक्योरिटी सेल का निरीक्षण करते हुए, सीसीटीवी कंट्रोल रूम को भी देखा। इस दौरान उन्होंने जेल में लगे कैमरों की फुटेज को बड़ा करके साथ ही उससे किये जा रहे निरीक्षण करने के तरीकों को जाना। निरीक्षण कर बाहर निकलने पर उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि माफिया अतीक अहमद के बेटे अली की बैरक से मिली नकदी की अभी जांच की जा रही है।

# तकनीकी खराबी के चलते एयर इंडिया की फ्लाइट रद्द




**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**

लखनऊ से हैदराबाद जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएस 2816 को रविवार सुबह अचानक निरस्त कर दिया गया। इस फ्लाइट में करीब 150 यात्री सवार थे, जो सुबह 8:40 बजे लखनऊ से रवाना होकर 10:55 बजे हैदराबाद पहुंचने वाले थे। लेकिन फ्लाइट कैंसल होने पर यात्रियों ने जमकर हंगामा किया।

एयर इंडिया की फ्लो का संकट दूर होता नहीं दिख रहा है। रविवार को अचानक एक और फ्लाइट निरस्त हो गई। यह फ्लाइट लखनऊ से सुबह 8:40 बजे उड़ान भरकर 10:55 बजे हैदराबाद पहुंचती है। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, विमान में अचानक तकनीकी गड़बड़ी आ गई, जिसके कारण उड़ान को निरस्त करना पड़ा। इस पर यात्रियों ने हंगामा किया, क्योंकि वे यात्रा के लिए तैयार बैठे थे और उन्हें उड़ान के निरस्त होने की जानकारी देर से मिली। वहीं एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से यात्रियों को विकल्प दिए गए कि वह पूरा रिफंड वापस ले या भविष्य के लिए टिकट बुक कराएं। साथ ही जो एक दिन बाद यात्रा कर सकते हैं उनके होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई ताकि सोमवार की फ्लाइट से उनको भेजा जा सके।

इससे पहले 9 जुलाई को खराब मौसम और तकनीकी दिक्कतों का खामियाजा विमान यात्रियों को भुगतना पड़ा। दिल्ली का मौसम खराब होने की वजह से तीन फ्लाइटें लखनऊ डायवर्ट हो गईं थीं। यात्री विमान में बैठे इंतजार करते रहे। वहीं, दुबई की एक फ्लाइट इतनी लेट हुई कि लखनऊ के यात्री वहां एयरपोर्ट की फर्श पर चादर बिछाकर लेट गए। दिल्ली में बुधवार देर शाम मौसम बिगड़ गया था। तेज हवा की वजह से विमानों को उतरने में दिक्कत आने लगी। वहां हवा में दो चक्कर काटने के बाद विमान को लखनऊ डायवर्ट किया गया।

**दर्दनाक हादसा**

# ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़ी कार 4 लोगों की मौत, 2 घायल

**महानगर संवाददाता**

**कुशीनगर**



जनपद के पटेहरवा थाना क्षेत्र के बगही के पास रविवार दोपहर एक कार ट्राला से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग जख्मी हो गए। सभी सिद्धार्थनगर जनपद के निवासी हैं, जो बाबा धाम से दर्शन करके घर लौट रहे थे।

और हादसे की शिकार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिले में शोक की लहर है। क्योंकि मरने वाले भी एक शिक्षक, एक कानूनगो के साथ एक ग्राम ग्राम विकास अधिकारी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सिद्धार्थनगर जनपद सदर थाना क्षेत्र के मधुकरपुर निवासी रामकरण गुप्ता कानूनगो, सुजीत जायसवाल ग्राम पंचायत अधिकारी, कैलाश मणि त्रिपाठी शिक्षक, राजेश शर्मा शिक्षक, विनोद कुमार सिंह और एक अन्य कर से झारखंड के देवघर में भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने गए थे।

# कर्मचारियों के लिये गले की फांस बना सरकारी फरमान

**महानगर संवाददाता**

**अयोध्या**



खरीफ सीजन में गन्ने के साथ उड़द की सह फसली खेती सहित श्रीअन्नं की खेती के लिए किसानों का चयन करना कर्मचारियों के लिए गले की फांस बन गया है। कृषि विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि खरीफ सीजन में कार्यरत कर्मचारियों को सहफसली गन्ने के साथ उड़द के अलावा श्रीअन्नं की खेती सांवा, कोदो, ज्वार, बाजरा, मक्के की बुवाई करने के लिये रकबे का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए चयनित ग्राम पंचायतों में किसानों की बैठक कर चयन किया जा रहा है। इसकी सूची विभाग को ऑनलाइन चयन के लिए भेजा गया है। बताया गया कि चयनित किसानों के पंजीकरण दूसरे ब्लॉकों में शो करने, रकबा फीड न होना, सहित अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसका असर लक्ष्य प्राप्ति पर पड़ रहा है।

## नौकरी का झांस देकर लड़कियां बेचने वाला गिरफ्तार

**गोरखपुर।** नौकरी का झांसा देकर लड़कियों की खरीद-फरोख्त करने वाले अंतरराज्यीय मानव तस्करी गिरोह का सरगना महराजगंज का मोहम्मद राहुल रविवार की सुबह पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। पिपराइच पुलिस से जंगल तिनकोनिया के पास हुई हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली उसके दाहिने पैर में लगी। उसे बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अब तक गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी है, तीन अन्य की तलाश चल रही है।

# ऑनलाइन हाजिरी पर सख्ती से शिक्षक संगठन नाराज

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**




उत्तर प्रदेश के मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों व छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर सख्ती बढ़ रही है। वहीं इसे लेकर शिक्षक संगठनों ने अपनी नाराजगी दर्ज कराई है। साथ ही इस निर्णय को अव्यवहारिक बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव भगवती सिंह की ओर से हाल में सभी डीआईओएस को जारी निर्देश में कहा गया है कि कई विद्यालयों द्वारा नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जा रही है। ऐसे में सभी डीआईओएस सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य नियमित रूप से पहले घंटे में विद्यार्थियों व शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। इसमें लोकेशन न मिलने की आ रही दिक्कत का समाधान कराया जाए।

### शिक्षक संगठन ने निर्णय को बताया अव्यवहारिक

साथ ही नए नियुक्त व संबद्ध शिक्षकों का विवरण भी अपडेट कराएं। दूसरी तरफ सख्ती बढ़ने पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) ने विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने इसे परिषद द्वारा जारी तुगलकी फरमान बताया है। संघ के प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह पटेल व संगठन प्रवक्ता ओम प्रकाश त्रिपाठी ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा का व्यक्तिगत ध्यान इस तरफ आकर्षित किया है। उनसे तत्काल हस्तक्षेप कर इस अव्यवहारिक आदेश को जल्द वापस लिए जाने की मांग की है।

# हिंदू युवती ने प्यार में कबूला इस्लाम

**महानगर संवाददाता**

**मुरादाबाद**

**मचा हंगामा**

### थाने पहुंचे बजरंग दल के लोग

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के थाना डिलारी क्षेत्र में एक प्रेमी युगल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक हिंदू युवती ने दावा किया है कि उसने अपनी मर्जी से नाजिम नाम के युवक के साथ जाने और इस्लाम धर्म कबूल करने का फैसला किया है। वीडियो ने क्षेत्र में तनाव पैदा कर दिया है, और बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल वायरल वीडियो में 22 वर्षीय युवती ने अपने माता-पिता का नाम बताते हुए कहा कि मेरे माता-पिता मुझसे अधिक उम्र के लड़के के साथ शादी कराना चाहते थे, जो मुझे पसंद नहीं था। मैं नाजिम से प्यार करती हूं और अपनी मर्जी से उसके साथ आई हूं। मैंने इस्लाम धर्म कबूल कर लिया है। उसने पुलिस और प्रशासन से अपील की कि नाजिम या उसके परिवार के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए। मामले में युवती के परिजनों ने थाना डिलारी में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उसकी उम्र 22 वर्ष बताई गई है।

# खतरे के निशान की ओर बढ़ रही गंगा और यमुना! प्रयागराज में घाट डूबे

**महानगर संवाददाता**

**प्रयागराज**

प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ने के कारण अब तटीय इलाकों के निवासियों की परेशानी बढ़ने लगी है। हालांकि शुक्रवार की तुलना में शनिवार को जलस्तर बढ़ोतरी की रफ्तार कुछ कम रही, लेकिन अफसरों का कहना है कि अगले दो दिन तक स्थिति पर नजर रखने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। दोनों नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी की रफ्तार शनिवार को कुछ धीमी पड़ी। सुबह आठ बजे की बात की जाए तो फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 79.31 मीटर रिकार्ड किया गया, जो शुक्रवार सुबह आठ बजे से लगभग 11 सेंटीमीटर अधिक था। वहीं, बीते शुक्रवार और गुरुवार को लगभग 40 सेंटीमीटर जलस्तर में बढ़ोतरी हुई थी। जबकि शनिवार को गंगा का जलस्तर 78.25 मीटर रिकार्ड किया गया, जो पिछले 24 घंटों की तुलना में लगभग नौ सेंटीमीटर अधिक था और नैनी में यमुना का जलस्तर 78.78 मीटर रिकार्ड किया गया, जो पिछले 24 घंटों में लगभग नौ सेंटीमीटर अधिक था। सिंचाई विभाग के अफसरों का कहना है कि जलस्तर में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी जरूर है, लेकिन अभी पहाड़ों से और जल आ रहा है। ऐसे में अगर यहां का जल आगे नहीं निकला तो खतरे के निशान की ओर गंगा और यमुना बढ़ेंगी। फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 79.32 रिकार्ड किया गया। वहीं छतनाग में 77.29 मीटर और नैनी में यमुना का जलस्तर 78.83 मीटर रिकार्ड किया गया। सुबह आठ से शाम चार बजे के बीच यमुना में ही सर्वाधिक बढ़ोतरी हुई है।



# मूसलाधार बारिश से तबाही

## 13 लोगों की मौत

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**

यूपी में मानसून जमकर बरस रहा है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो बारिश-बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई। वहीं, प्रदेश के बांध अब ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर में माताटीला बांध के 9 गेट खोले गए हैं, जबकि झांसी में पथराई बांध के 4 और लहचूरा बांध के 10 गेट खोले गए हैं। मूसलाधार बारिश से आई तबाही से बुंदेलखंड और पूर्वांचल में 13 लोगों की मौत हो गई। चित्रकूट में तीन, बांदा में दो और कानपुर देहात, उन्नाव, हमीरपुर में एक-एक की मौत हुई है। प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी शनिवार को अच्छी बारिश हुई। इससे तापमान में भी एक से दो डिग्री की गिरावट महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अभी एक हफ्ते तक बारिश का दौर जारी रहेगा। इस दौरान कहीं कम तो कहीं मध्यम व तेज बारिश होती रहेगी।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि चित्रकूट में शनिवार शाम तक सबसे अधिक 216 मिमी. बारिश दर्ज की गई। वहीं कानपुर में 126 मिमी. और बांदा में 115 मिमी. बारिश दर्ज की गई। कानपुर समेत आसपास और पूर्वांचल के जिलों में शुक्रवार रात से झमाझम बारिश हुई। कई जगहों पर बारिश का पानी घरों में घुस गया। बिजली-बारिश से चित्रकूट में तीन, बांदा में दो, कानपुर देहात, उन्नाव और हमीरपुर में एक-एक की मौत हो गई। चित्रकूट में सबसे ज्यादा 100 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। पूर्वांचल में बिजली गिरने से पांच मौतें हुईं। चित्रकूट के भरतकूप में कच्चे मकान की छत और पहाड़ी क्षेत्र में मकान की दीवार गिरने से दो की मौत हो गई। मानिकपुर क्षेत्र में नाले में बह जाने से किसान की मौत हो गई। महोबा में शुक्रवार रात 12 बजे से शनिवार दोपहर झमाझम बारिश हुई। नाला, नहर और रपटे उफना गए। 20 गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया। लोगों को 20 से 30 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ा। बारिश का पानी विद्यालयों व घरों में भर गया। इससे स्कूली बच्चों को भी परेशानी हुई। देर शाम तक 110 एमएम बारिश दर्ज की गई। हमीरपुर के कुरारा क्षेत्र के शिवनी गांव में धान की रोपाई कर रहे पांच मजदूरों पर बिजली गिर गई। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि चार झुलस गए। नदी-नाले उफना गए।

# जयशंकर की यात्रा के पहले चीन का माइंड गेम




**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं। 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद विदेश मंत्री की यह पहली चीन यात्रा है। जयशंकर फिलहाल सिंगापुर में हैं और वहां से वह चीन के लिए उड़ान भरेंगे, लेकिन उनके चीन पहुंचने से पहले ही बीजिंग की तरफ से माइंडगेम खेलना शुरू कर दिया गया है। रविवार को चीन की तरफ से कहा गया कि भारत और चीन के संबंधों में तिब्बत से संबंधित मुद्दे किसी कांटे की तरह हैं। यह भारत के ऊपर एक बोझ बन गए हैं। रविवार को चीनी दूतावास के प्रवक्ता यू जिंग ने सोशल मीडिया पर भारत और चीन संबंधों पर अपनी राय रखी। उन्होंने लिखा, भारत में पूर्व अधिकारियों और रणनीतिक और शैक्षणिक समुदायों के सदस्यों ने दलाई लामा और उनके पुनर्जन्म के बारे में अनुचित टिप्पणियां की हैं। भारतीय पेशेवरों को शीजांग (तिब्बत का चीनी नाम) से जुड़े मुद्दों की संवेदनशीलता को समझना चाहिए और उन पर टिप्पणी करने से बचना चाहिए। यू ने कहा कि दलाई लामा के उत्तराधिकार से जुड़ा मामला स्वाभाविक तौर पर चीन का आंतरिक मामला है। ऐसे में किसी भी बाहरी ताकत का हस्तक्षेप इसमें बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इससे पहले, चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने भी दलाई लामा के पुनर्जन्म को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी राय रखी थी। उन्होंने कहा था कि चीनी सरकार राष्ट्रीय हित से जुड़े धार्मिक मामले को बेहतर तरीके से संभालती है। इतना ही नहीं शू ने दलाई लामा पर चीन विरोधी अलगाववादी गतिविधियों में शामिल होने का भी आरोप लगाया। शू ने कहा, चीनी सरकार विदेशी संगठनों या व्यक्तियों द्वारा पुनर्जन्म प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का विरोध करती है।



### इजरायल ने किया कमाल
## ईरान पर हमले के दौरान खत्म हो गया F-15 का फ्यूल

**दुश्मन के घर में जाकर बचाया अपना फाइटर जेट**

**तेल अवीव।** इजरायल और ईरान के बीच पिछले महीने 12 दिनों तक चले युद्ध के बारे में एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है। तेहरान पर हमले के दौरान एक इजरायली विमान में खराबी आ गई थी, जिसके कारण उसे लगभग इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इजरायल के चैनल 12 ने अपनी रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। इसमें कहा गया है कि इजरायली F-15 लड़ाकू विमान ईरान की सीमा के काफी अंदर था, जब पायल ने फ्यूल टैंक में समस्या देखी। जरूरी टीम को तुरंत इस समस्या के बारे में सूचित किया गया।

**मिशन पर नहीं था ईंधन भरने वाला लड़ाकू विमान**

रिपोर्ट के अनुसार इस मिशन पर लड़ाकू विमानों के साथ हवा में ईंधन भरने वाला कोई विमान नहीं था, ऐसे में समाधान के लिए एक विमान भेजने की योजना बनाई गई। इसके साथ ही प्लान बी तैयार किया गया, जिसमें योजना बनी की अगर ईंधन भरने वाला विमान समय पर गड़बड़ी वाले फाइटर जेट तक न पहुंच पाए, तो उसे सीमा पार करके पड़ोसी देश में आपातकालीन लैंडिंग करनी थी। रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि आपातकालीन लैंडिंग के लिए किस देश को चुना गया था।

# मानसून सत्र में मोदी सरकार को घेरने की तैयारी ?

### सोनिया गांधी बताएंगी सांसदों को रणनीति



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने वाला है। इसको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष अपनी-अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। कांग्रेस की प्लानिंग मोदी सरकार को संसद में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर घेरने की है। अनुमान है कि इस सत्र में सरकार और विपक्ष कई मुद्दों पर आमने सामने आ सकते हैं और टकराव बढ़ भी सकता है। वहीं कांग्रेस की रणनीति बनाने के लिए संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी अहम बैठक करने वाली हैं। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले वोटर लिस्ट के रिवीजन वाले चुनाव आयोग के कदम पर संसद में कड़ा विरोध हो सकता है। इसके अलावा पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की कूटनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की मांग कर सकती है। कांग्रेस संसदीय रणनीति समूह की बैठक 15 जुलाई को होगी। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि इसकी अध्यक्षता सोनिया गांधी अपने 10 जनपथ स्थित आवास पर करेंगी। केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और 21 अगस्त तक चलेगा, जो कि पूर्व नियोजित अवधि से एक सप्ताह अधिक है, जिससे भारी विधायी एजेंडे का संकेत मिलता है। पहले यह सत्र 12 अगस्त को समाप्त होना था, लेकिन अब इसे एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है।

सत्र का समय इसलिए बढ़ाया गया है क्योंकि सरकार प्रमुख विधेयक संसद में लाने की प्लानिंग कर रही है। इसमें परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी क्षेत्र के प्रवेश को सुगम बनाने से संबंधित विधेयक भी शामिल है। परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का प्रस्ताव केंद्रीय बजट में किया था गया था। अब इस घोषणा को क्रियान्वित करने के लिए परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम और परमाणु ऊर्जा अधिनियम में संशोधन करने की योजना बना रही है। दूसरी ओर विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर पर बहस की मांग कर रहा है। इसके अलावा विपक्षी दल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत-पाकिस्तान संघर्ष में परमाणु युद्ध को टालने के लिए मध्यस्थता के दावों पर भी सरकार से जवाब मांग रहे हैं।

# कोटा में ट्रक में घुसी मिनी बस, 4 की मौत, 7 गंभीर


**इंदौर से सगाई फंक्शन से लौट रही थी फैमिली**



**कोटा/इंदौर।** सगाई फंक्शन से लौट रही मिनी बस (ट्रैवलर) आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस हादसे में 2 सगे ज्वेलर भाई, उनकी मां और बहनोई (बहन के पति) की मौत हो गई। परिवार के 10 अन्य लोग घायल हैं। इसमें से 7 की स्थिति गंभीर है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना रविवार सुबह कोटा (ग्रामीण) के दीगोद उपखंड इलाके में सुबह करीब 5 बजे हुई। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया- शनिवार को करौली के सीताबाड़ी इलाके की रहने वाली ज्वेलर फैमिली इंदौर (मध्य प्रदेश) गई थी। इंदौर में लड़के का सगाई-गोदभराई कार्यक्रम था। शनिवार को ही रात के नौ बजे परिवार के सभी लोग मिनी बस से करौली के लिए चले थे। रविवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के चंबल पुल पर (बुढ़ादीत गांव) दुर्घटना हो गई। हादसा देखकर लगता है कि मिनी बस की स्पीड काफी तेज थी। आशंका जताई जा रही है कि मिनी बस के ड्राइवर को झपकी आने के कारण हादसा हुआ है। मिनी बस में सवार सुरेश सोनी (45), ब्रजेश सोनी (45), गीता सोनी (63) और अनिल सोनी (48) की मौत हो गई। अनिल और ब्रजेश सगे भाई थे। इनकी मां गीता थी। सुरेश, गीता के दामाद थे। अनिल और ब्रजेश ज्वेलर थे। सुरेश सरकारी टीचर थे। उनकी पोस्टिंग भरतपुर में थी।

अनिल के बेटे रानू की सगाई कार्यक्रम में सोनी परिवार के 14 लोग गए थे। रानू बेंगलुरु में इंजीनियर है। 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक ने एमबीएस हॉस्पिटल (कोटा) में इलाज के दौरान दम तोड़ा। सूचना पर बुढ़ादीत पुलिस मौके पर पहुंची। अनिल के भतीजे संजय ने बताया- परिवार के सदस्य सानिया, ममता, संजू, छोटू समेत 7 लोग हॉस्पिटल में भर्ती हैं। इनमें से 4 को प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया है। 3 का इलाज एमबीएस हॉस्पिटल में चल रहा है। तीन सदस्यों को हल्की चोट आई थी। उन्हें हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई है।

# लापता DU स्टूडेंट स्नेहा देबनाथ की मिली लाश



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

कई दिनों से लापता चल रही त्रिपुरा की लड़की स्नेहा देबनाथ की कथित डेड बॉडी गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास से बरामद कर ली गई है। स्नेहा दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा थी। उसकी एक करीबी मित्र ने उसके बारे में कई खुलासे किए हैं। दिल्ली पुलिस ने बताया कि 7 जुलाई को पर्यावरण कॉम्प्लेक्स से स्नेहा के लापता होने की सूचना मिली थी। परिजनों की ओर से सौंपे गए एक नोट में उसके सिग्नेचर ब्रिज से कूदने के इरादे का संकेत मिला था। इन शुरुआती जानकारी के आधार पर दिल्ली पुलिस ने स्नेहा की खोजबीन शुरू कर दी थी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान एक कैब ड्राइवर ने स्नेहा को सिग्नेचर ब्रिज पर छोड़ने की बात बताई। फिर तकनीकी निगरानी से स्नेहा की आखिरी लोकेशन सिग्नेचर ब्रिज पर पाई गई।

दिल्ली पुलिस की मानें तो कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने जांच टीम को बताया कि उन्होंने एक लड़की को ब्रिज पर खड़ा देखा था। फिर इसके बाद एनडीआरएफ की मदद ली गई। एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर निगम बोध घाट से नोएडा तक तलाशी अभियान चलाया गया। आखिरकार गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास से उसकी कथित डेड बॉडी बरामद कर ली गई। दिल्ली पुलिस ने यह भी बताया कि स्नेहा की एक करीबी दोस्तों ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से परेशान थी। यही नहीं स्नेहा ने उसी सुबह एक ई-मेल और व्हाट्सएप संदेश भेजा था। पुलिस ने बताया कि वह मामले की छानबीन कर रही है। युवती के करीबी मित्रों ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से मानसिक रूप से परेशान और व्यथित थी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, स्नेहा ने अपने हाथ से लिखा नोट छोड़ा था जिसमें यमुना नदी पर बने पुल से कूदने का इरादा जताया गया था। स्नेहा के एक करीबी फ्रेंड ने संवाददाताओं को ई-मेल भेजकर दावा किया कि जिस समय स्नेहा को सिग्नेचर ब्रिज पर देखा गया उस समय ब्रिज या आसपास कोई भी सीसीटीवी कैमरा चालू हालत में नहीं था। फ्रेंड का कहना था कि ब्रिज कथित तौर पर 4-5 अलग-अलग पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र में आता है और इन थानों ने अलग-अलग कैमरे भी लगाए हैं, लेकिन उनमें से कोई भी चालू हालत में नहीं है। पुलिस ने बताया कि 19 साल की स्नेहा के परिजनों में महरौली थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दी थी। परिजनों ने अपनी शिकायत में बताया कि स्नेहा दिल्ली विश्वविद्यालय के आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी।

# गाजा में पानी भर रहे बच्चों पर मिसाइल अटैक

**इजरायल बोला- कहीं और था निशाना, कई मरे**

**महानगर नेटवर्क**
**गाजा**

गाजा पट्टी पर इजरायली सेना का हमला जारी है। अब तक 58,000 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें आधी से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। बीते 24 घंटों में 139 और मौतें दर्ज की गई हैं। रविवार को यहां शरणार्थी शिविर पर पानी भर रहे बच्चों के ऊपर मिसाइल अटैक से कई लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में अधिकतर बच्चे शामिल थे। उधर, इजरायली सेना ने हमले को मानवीय त्रासदी बताते हुए सफाई दी कि यह तकनीकी खराबी से हुआ, टारगेट कहीं और था। आईडीएफ ने बयान में कहा, हम निर्दोष नागरिकों को हुए नुकसान पर खेद जताते हैं। घटना की जांच की जा रही है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि हमले में कम से कम 8 की मौत और 17 घायल हुए हैं।

**पानी भरते वक्त हुई त्रासदी**

हमला नुसेरत शरणार्थी शिविर में एक पानी वितरण केंद्र पर हुआ, जहां स्थानीय लोग पानी भरने के लिए जुटे थे। अल-अवदा अस्पताल के आपातकालीन डॉक्टर अहमद अबू सैफान ने बताया कि हमले में 6 बच्चों की मौत हुई और 17 अन्य घायल हुए। गाजा में हाल के हफ्तों में पानी की भारी किल्लत देखी जा रही है।

# चुपचाप बेच रहे थे सहारा समूह की संपत्ति

**काली कमाई को ठिकाने लगाने वाले दो गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** ईडी ने रविवार को कहा कि उसने सहारा समूह और उससे जुड़ी इकाइयों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सहारा समूह के चेयरमैन की मुख्य प्रबंधन टीम के एक कार्यकारी निदेशक और समूह के एक लंबे समय से सहयोगी सह संपत्ति ब्रोकर शामिल हैं। आरोपियों की पहचान वैलापरम्पिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद वर्मा के रूप में हुई है। केंद्रीय एजेंसी ने बयान में कहा कि अब्राहम ने सहारा समूह की संपत्तियों की बिक्री के समन्वय और उसे सुगम बनाने में 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभाई, जिनमें से कई में 'बेहिसाब' नकदी शामिल थी, जिसका कथित तौर पर गबन कर लिया गया था। जांच एजेंसी ने बताया कि वर्मा इनमें से कई संपत्ति लेनदेन को अंजाम देने में 'सक्रिय रूप से शामिल' था और उसने जानबूझकर इन बिक्री लेनदेन से प्राप्त बड़ी 'नकदी' आय को ठिकाने लगाने में मदद की, जिससे 'अपराध की कमाई' को छिपाने और नष्ट करने में मदद मिली।

# वीजा मिलने के बाद भी रहने की गारंटी नहीं

**अमेरिका की भारतीयों को चेतावनी**



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

अमेरिका जाने का सपना देखने वाले लाखों भारतीयों को तगड़ा झटका लगा है। भारत में स्थित अमेरिकी दूतावास ने वीजा धारकों के लिए एक अहम चेतावनी जारी की है। दूतावास की ओर से कहा गया कि अमेरिकी वीजा जारी होने के बाद भी वीजा धारकों की निगरानी जारी रहेगी और अगर कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो उसका वीजा तत्काल रद्द किया जा सकता है और उसे अमेरिका से निष्कासित भी किया जा सकता है। दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, "यूएस वीज़ा जारी होने के बाद भी निगरानी बंद नहीं होती। हम लगातार यह सुनिश्चित करते हैं कि वीज़ा धारक अमेरिकी क़ानूनों और इमिग्रेशन नियमों का पालन कर रहे हों, अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो हम उनका वीज़ा रद्द कर उन्हें वापस भेज सकते हैं।" यह बयान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाली अमेरिकी सरकार की चल रही सख्त इमिग्रेशन नीति के अनुरूप है, जिसमें देश में आने वाले हर विदेशी नागरिक की कड़ी निगरानी और क़ानून का पालन अनिवार्य किया गया है। पिछले कुछ हफ्तों में अमेरिकी दूतावास ने वीजा और इमिग्रेशन से जुड़े कई निर्देश जारी किए हैं, जिसमें 19 जून को दूतावास ने कहा था कि अमेरिका का वीजा कोई अधिकार नहीं बल्कि एक "विशेषाधिकार" है और यदि कोई क़ानून तोड़ता है तो उसका वीज़ा रद्द किया जा सकता है। 26 जून को एक और सलाह में कहा गया कि वीज़ा आवेदकों को पिछले पांच वर्षों में उपयोग किए गए सभी सोशल मीडिया हैंडल्स आवेदन पत्र DS-160 में स्पष्ट रूप से देने होंगे। अगर कोई जानकारी छिपाई गई, तो वीज़ा अस्वीकृत हो सकता है और भविष्य में भी वीज़ा के लिए अयोग्यता हो सकती है। 28 जून को चेतावनी दी गई कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लोगों या वीज़ा धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों को "गंभीर आपराधिक दंड" भुगतना पड़ सकता है। बताया जा रहा है कि ये चेतावनियां हाल ही में कैलिफ़ोर्निया के लॉस एंजेलेस में ट्रंप प्रशासन द्वारा किए गए इमिग्रेशन क्रैकडाउन की पृष्ठभूमि में सामने आई हैं।

# कीव में कर्नल की हत्या का यूक्रेन ने लिया इंतकाम

### तीन दिन के भीतर रूसी एजेंटों का एनकाउंटर



**महानगर नेटवर्क**
**कीव**

रूस और यूक्रेन में तीन साल से चल रही जंग के बीच एक-दूसरे के घरों में घुसकर टारगेट किलिंग भी बढ़ गई है। रविवार को यूक्रेन ने दो रूसी एजेंटों को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। बताया जा रहा है कि इन्हें एक यूक्रेनी कर्नल की हत्या के आरोप में गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही थी, जब इनकी तरफ से गोलीबारी हुई तो जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन ने इन्हें ढेर कर दिया। इस तरह यूक्रेन ने महज तीन दिन के भीतर अपने कर्नल का इंतकाम ले लिया। यूक्रेन की खुफिया एजेंसी SBU (सुरक्षा सेवा) ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई में रूसी फेडरल सिक्योरिटी सर्विस (FSB) के एजेंटों को मार गिराया। यह ऑपरेशन कीव क्षेत्र में उस वक्त अंजाम दिया गया, जब एजेंटों को SBU के एक कर्नल की हत्या के आरोप में गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही थी। SBU ने टेलीग्राम पर बयान जारी कर बताया कि गुरुवार को कीव में SBU कर्नल इवान वोरोनिच की हत्या में रूस की FSB का हाथ था। जांच में सामने आया कि एक पुरुष और एक महिला एजेंट इस हत्या में शामिल थे। रविवार को जब एजेंसी ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की, तब मुठभेड़ हो गई, जिसमें कई रूसी एजेंट मारे गए। हालांकि, SBU ने स्पष्ट नहीं किया कि कुल कितने संदिग्ध एजेंटों की मौत हुई है। SBU के अनुसार, यह कार्रवाई रूस की गुप्तचर गतिविधियों पर लगाम कसने और यूक्रेनी अधिकारियों को निशाना बनाने की साजिशों को नाकाम करने के लिए जरूरी थी।

# उग्रवादी संगठन ULFA-I के दावे का भारतीय सेना ने किया खंडन

**कहा- हमारे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं**

**गुवाहाटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन उल्फा ने दावा किया है कि भारत-म्यांमार सीमा के पास स्थित उनके कैंपों पर भारतीय सेना ने ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है। हालांकि, सेना की ओर से इस दावे की पुष्टि नहीं की गई है। उल्फा ने रविवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि हमले सुबह के समय ड्रोन से किए गए और उनके कई मोबाइल कैंपों को निशाना बनाया गया। संगठन ने कहा कि इस हमले में उनके 'लोअर काउंसिल' के चेयरमैन नयन आसम उर्फ नयन मेधी की मौत हो गई, जबकि लगभग 19 अन्य लोग घायल हुए हैं। जब इस बारे में भारतीय सेना के प्रवक्ता से संपर्क किया गया, तो उन्होंने ऐसे किसी भी हमले की जानकारी से इंकार किया। लेफ्टिनेंट कर्नल महेन्द्र रावत ने कहा, 'भारतीय सेना के पास ऐसी किसी कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है।' इसके बाद ULFA(I) ने एक और बयान जारी कर दावा किया कि जब मारे गए नेता नयन आसम का अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तब उनके कैंप पर फिर से मिसाइलों से हमला किया गया। संगठन के अनुसार इस हमले में उसके दो वरिष्ठ नेता - 'ब्रिगेडियर' गणेश आसम और 'कर्नल' प्रदीप आसम - मारे गए, जबकि कई अन्य सदस्य और कुछ आम लोग घायल हुए।

# मोदी रिटायर हों तो गडकरी बनें PM

**आरएसएस चीफ मोहन भागवत के बयान पर कांग्रेस विधायक की मांग**



**महानगर नेटवर्क**
**बेंगलुरु**

कांग्रेस के एक विधायक ने नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने इसके लिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के रिटायरमेंट वाले बयान का हवाला दिया है। कांग्रेस विधायक ने आरएसएस प्रमुख के बयान का स्वागत करते हुए कहा कि अगर इसके हिसाब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद से रिटायर होते हैं तो गडकरी को पीएम बनना चाहिए। वह इस पद के लिए सही च्वॉयस होंगे। बता दें कि मोहन भागवत ने कहा था कि 75 साल की उम्र पूरी होने के बाद नेताओं को सत्ता से इस्तीफा दे देना चाहिए। इसके बाद कांग्रेस ने निशाना साधते हुए कहा था कि मोहन भागवत का इशारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है। गौरतलब है कि पीएम मोदी इसी साल 75 साल के होने वाले हैं।

कांग्रेस विधायक बेलूर गोपालकृष्णा कर्नाटक की सागर विधानसभा से विधायक हैं। बेलूर गोपालकृष्णा ने अपने बयान में कहा है कि अगर भागवत के 75 साल में रिटायरमेंट वाली बात के हिसाब से पीएम मोदी हटते हैं तो नितिन गडकरी को अगला पीएम बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गडकरी प्रधानमंत्री पद के लिए सही च्वॉयस रहेंगे। बेलूर गोपालकृष्णा ने कहा कि गडकरी को देश के गरीब लोगों की ज्यादा चिंता है। पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस विधायक बेलूर गोपालकृष्णा ने कहा कि भाजपा ने 75 साल का होने के बाद बीएस येदियुरप्पा को इस्तीफा देने पर मजबूर कर दिया। उनकी आंखों में आंसू भरे हुए थे। अब भाजपा को आरएएस चीफ की इच्छा का सम्मान करना चाहिए और यही फॉर्मूला प्रधानमंत्री पद भी लागू करना चाहिए।

## पुलिस से लूटे हथियारों को स्नाइपर राइफल में किया अपग्रेड

**इंफाल।** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों से जुड़े उग्रवादी समूह 2023 में पुलिस से लूटे गए कई हथियारों को स्नाइफर राइफल में बदल रहे हैं।

विरोधी समुदायों को निशाना बनाने के लिए दूर तक मार करने वाले हथियारों को तैयार किया जा रहा है। पुलिस शस्त्रागार से छह हजार से अधिक हथियार लूटे गए थे, जिनमें .303 राइफल, एके-सीरीज की हमला करने वाली राइफल, आईएनएसएएस राइफल और छोटे आकार की कार्बाइन बंदूकें शामिल थीं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।


**पेज एक का शेष**

## 'अंतरिक्ष से भारत आज भी सारे जहां से अच्छा दिखता है'

उन्होंने आगे कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगर हम दृढ़ निश्चय कर लें, तो तारे भी हासिल किए जा सकते हैं। शुक्ला ने कहा कि 41 साल पहले, एक भारतीय (राकेश शर्मा) अंतरिक्ष में गए थे और उन्होंने हमें बताया था कि वहां से हमारा देश कैसा दिखता है और लोग जानना चाहते हैं कि आज भारत कैसा दिखता है। आज का भारत तो अंतरिक्ष से महत्वाकांक्षी दिखता है, आज का भारत निडर दिखता है, आज का भारत गर्व से पूर्ण दिखता है, आज का भारत अभी भी सारे जहां से अच्छा दिखता है, जल्द ही धरती पर मुलाकात करता है। आज का भारत अभी भी पूरी दुनिया से बेहतर दिखता है, जल्द ही मिलते हैं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण : अहमदाबाद बना देश का सबसे साफ शहर

### भोपाल दूसरे.. लखनऊ तीसरे स्थान पर




**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस बार गुजरात का अहमदाबाद देश का सबसे साफ शहर बनकर उभरा है। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल ने दूसरा स्थान पाया है। लेकिन सबसे चौंकाने वाली छलांग लखनऊ ने लगाई, जिसने 44वें स्थान से सीधा तीसरा स्थान हासिल किया और सभी को हैरान कर दिया। राष्ट्रपति भवन में 17 जुलाई को आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में इन शहरों को आमंत्रण मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू टॉप शहरों को अवॉर्ड प्रदान करेंगी।

असल में स्वच्छता रैंकिंग से बाहर हुए इंदौर, सूरत और नवी मुंबई जैसे शहर इस बार भी सफाई में उत्कृष्ट रहे हैं। लेकिन उन्हें 'सुपर स्वच्छता लीग' नामक विशेष श्रेणी में शामिल कर दिया गया है। यह श्रेणी पिछले साल बनाई गई थी और इसमें लगातार तीन साल तक टॉप-3 में रहने वाले शहरों को रखा गया है। पहले यह अवधि दो साल थी जिसे अब तीन साल कर दिया गया है। एमपी का इंदौर जो लगातार सात बार देश का सबसे साफ शहर रहा है अब इस विशेष लीग में है और उसे सामान्य रैंकिंग में नहीं गिना गया। इस सुपर लीग का उद्देश्य टॉप पर बने रहने वाले शहरों को अलग श्रेणी में स्थान देकर बाकी शहरों को बेहतर प्रतिस्पर्धा का अवसर देना है। इस बार कुल 15 शहरों को इस श्रेणी में शामिल किया गया है। हालांकि इनकी रैंकिंग जारी नहीं होती लेकिन उन्हें सफाई के विभिन्न पैमानों पर बाकियों की तरह ही 12,500 अंकों के आधार पर परखा जाता है। हर साल की तरह इस बार भी जनसंख्या के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में शहरों का मूल्यांकन किया गया है। 50 हजार से अधिक और 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की विशेष कैटेगरी बनाई गई है। टॉप शहरों के लगातार बेहतर प्रदर्शन के चलते अन्य शहरों को शीर्ष में आने का मौका नहीं मिल रहा था। जिसे देखते हुए सुपर लीग की शुरुआत की गई, जिससे सभी को बराबरी का मंच मिल सके और देश में स्वच्छता का स्तर व्यापक रूप से सुधरे।

# एयर इंडिया AI 171 हादसे को लेकर चौंकाने वाला खुलासा

**अहमदाबाद।** GIFT सिटी में आयोजित ग्लोबल विजन अनवीलिंग कार्यक्रम के दौरान सेव अर्थ मिशन के भारत चैप्टर के अध्यक्ष संदीप चौधरी ने एयर इंडिया फ्लाइट AI 171 की हाल ही में अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना का मंच पर लाइव विश्लेषण कर दुनिया भर के दर्शकों को चौंका दिया। सिर्फ तीन मिनट में उन्होंने संख्या विज्ञान, ब्रह्मांडीय सिद्धांत और पैटर्न विश्लेषण के ज़रिए इसे "संख्याओं के माध्यम से ब्रह्मांड का संवाद"बताया। चौधरी ने कहा कियह अराजकता नहीं थी, यह कोड था। ब्रह्मांड संख्याओं, तरंगों और ऊर्जा में बात करता है। एआई 171 की त्रासदी केवल तकनीकी विफलता नहीं थी, बल्कि एक ब्रह्मांडीय संकेत थी और मैंने उसे संख्याओं में पहचान लिया। चौधरी ने उड़ान से जुड़े तीन चमत्कारी संकेतों के बारे में भी बताया, जिनमें एक भगवद गीता का सुरक्षित रहना, एक यात्री का जीवित बचना और एक व्यक्ति का उड़ान चूक जाना शामिल था। उन्होंने बताया कि 1 + 1 + 1 = 3, जो एक दिव्य त्रिमूर्ति की ओर इशारा करता है। इसके अलावा चौधरी ने बताया कि उड़ान का गंतव्य लंदन (अंग्रेजी में 6 अक्षर) था और इसका उद्गम अहमदाबाद (9 अक्षर) था। पूरा हुआ क्रम इस प्रकार था: 3 (संकेत) - 6 (लंदन) - 9 (अहमदाबाद)। चौधरी ने कहा कि जब संख्याएं इस तरह से जुड़ती हैं, यह मात्र संयोग नहीं बल्कि संवाद होता है।

# वास्तु शास्त्र में कई पेड़-पौधों को माना गया है बहुत शुभ



हिंदू घरों में तुलसी का पौधा मुख्य रूप से पाया जाता है। इसके साथ ही ज्योतिष शास्त्र और वास्तु शास्त्र में कई पेड़-पौधों को बहुत शुभ माना गया है। इन पौधे को घर में रखने से जीवन में ग्रह-नक्षत्रों का शुभ प्रभाव मिलता है। आइए जानते हैं इन पेड़-पौधों का महत्व...

### मनी प्लांट



मनी प्लांट घर में होना अच्छा माना जाता है। जैसे कि इसके नाम से पता चलता है कि यह पौधा धन संबंधित समस्याओं को समाप्त करता है। ऐसा माना जाता है कि जैसे-जैसे यह पौधा बढ़ता है, वैसे-वैसे धन भी बढ़ने लगता है। ज्योतिष में इस पौधे का संबंध भौतिक सुख-सुविधाओं के स्वामी शुक्र ग्रह से माना गया है इसलिए मनी प्लांट घर में सौभाग्य को बढ़ाता है और जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है।

### केले का पेड़



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यदि गुरुवार के दिन घर में केले का पेड़ लगाया जाए तो, इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। साथ ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, केले के पेड़ में भगवान विष्णु का वास माना गया है। साथ ही गुरुवार के दिन इस पौधे की पूजा करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इसलिए तुलसी के साथ-साथ घर में केले का भी पौधा लगाएं। केले को हमेशा घर के मुख्य द्वार पर दाईं तरफ और तुलसी को हमेशा घर के मुख्य द्वार पर बाएं तरफ लगाना चाहिए।

### तुलसी का धार्मिक महत्व



तुलसी की महिमा इतनी है कि इसका एक पत्ता भी श्राद्ध और यज्ञ आदि में बड़ा पुण्य देता है। भगवान विष्णु जी को तुलसी अति प्रिय है। तुलसी के पौधे में मां लक्ष्मी का वास माना गया है। जिस घर में प्रतिदिन तुलसी की पूजा की जाती है उस घर में हमेशा सुख और समृद्धि बनी रहती है साथ ही आर्थिक परेशानियां और नकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है।

### शमी का पौधा



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, घर में तुलसी के साथ शमी का पौधा लगाना शुभ माना गया है। शमी के पौधे का सीधा संबंध शनिदेव से माना जाता है, यही कारण है कि शमी के पौधे की शनिवार के दिन पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शमी के पौधे की पूजा-अर्चना करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इसलिए तुलसी के साथ शमी के पौधे को भी घर में लगाना चाहिए।

# बालों की मसाज के घरेलू नुस्खे



**बारिश का मौसम आ चुका है। इस समय में जरूरी होता है अपने बालों का ख्याल रखने की जरूरत होती है, क्योंकि बालों कमजोर हो जाते हैं और बहुत ज्यादा टूटते हैं। अगर समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया तो ये समस्या दिन-ब- दिन बढ़ती जाती है और कई सारे लोग तो गंजेपन का शिकार हो जाते हैं। अगर आपके बाल भी झड़ रहे हों और आप किसी घरेलू नुस्खे की तलाश कर रहे हैं तो ये नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं। इससे कोई साइड इफेक्ट नहीं होगा और बालों के झड़ने की समस्या में भी राहत मिलेगी। जानें ये घरेलू उपाय क्या है और किस तरह से इन्हें इस्तेमाल करें....**

### आंवला भी असरदार

सेहत के अलावा बालों के झड़ने की समस्या को रोकने के लिए आंवला काफी असरदार है। ये ना केवल बालों की ग्रोथ करता है बल्कि बालों को मजबूती भी देता है। इसके लिए बस आर आंवले के पाउडर में शिकाकई और रीठा डालकर उसका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को बालों पर लगाएं और सूखने तक रहने दें। इसके बाद बालों को पानी से धो लें।

### मेथी असरदार

मेथी भी हेयर फॉलो को कंट्रोल करने में बहुत असरदार है। मेथी में मौजूद एंची ऑक्सीडेंट होते हैं जो कि बालों के विकास को बढ़ाने में मददगार हैं। इसके लिए आप मेथी के दानों को पानी में भिगो दें। अगले दिन मेथी के दानों को ग्राइंड कर लें। इसमें एक चम्मच नींबू का रस और नारियल तेल मिलाएं। इस पेस्ट को बालों की जड़ों पर लगाएं। इसे सूखने तक बालों पर लगाएं रहें। इसके बाद पानी से धो लें।

### प्याज का रस

प्याज का रस भी हेयर फॉल कंट्रोल करने में कारगर है। इसके लिए बस प्याज को पीस कर उसका रस निकाल लें। इसे बालों की जड़ों में लगाकर मसाज करें। करीब आधे घंटे बाद पानी से धो लें। ऐसा करने से आपको आराम मिलेगा।

# उम्र के मुताबिक छोटी है बच्चे की हाइट तो उसे रोजाना कराएं एक्सरसाइज



बच्चों की हाइट ना बढ़ना पेरेंट्स के लिए चिंता का विषय है। लंबाई का बढ़ना काफी हद तक जींस पर निर्भर करता है। अगर पेरेंट्स लंबे हैं तो बच्चों की लंबाई भी अच्छी होती है। हालांकि, आजकल बच्चे शारीरिक रूप से कम एक्टिव हो गए हैं, वहीं हेल्दी खाने-पीने से दूर भागते हैं और अनहेल्दी फूड्स को बड़े चाव से खाते। जिसकी वजह से कहीं ना कहीं शारीरिक ग्रोथ पर असर हो रहा है। अगर उम्र के मुताबिक बच्चों की हाइट नहीं बढ़ रही है तो आप उनके रूटीन में इन 5 एक्सराइज को शामिल करें। नियमित तौर पर इन एक्सरसाइज को करने से बच्चे की लंबाई 1 से 2 इंच बढ़ सकती है।

- **रस्सी कूदना-** हाई बढ़ाने के लिए रस्सी कूदना एक अच्छी एक्सरसाइज है। जब कोई व्यक्ति स्किपिंग करता है तो शरीर पूरी तरह से खिंचता है, इसलिए यह बच्चे में हाइट को बढ़ावा देता है। यह एक अद्भुत कार्डियो वर्कआउट भी है, ये बच्चे को फिट और एक्टिव रखेगा।
- **स्विमिंग-** स्विमिंग एक और हेल्दी एक्सरसाइज है, जो आपके बच्चे को एक्टिव रहने में मदद करती है। स्विमिंग एक फुल बॉडी एक्सरसाइज है जो शरीर की सभी मांसपेशियों पर बहुत प्रभाव डालता है। लंबे समय तक तैरने से आपके बच्चे को एक्स्ट्रा फैट कम करने में मदद मिल सकती है, जिससे बच्चे को हेल्दी रहने में भी मदद मिलेगी। आप चाहें तो डेली अपने बच्चों को स्विमिंग करने की आदत डालें। इससे ना सिर्फ मांसपेशियों को मजबूती मिलती है, बल्कि पोस्चर में सुधार होता है।
- **जॉगिंग-** ये भी एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो बच्चों-बड़ों सभी के लिए भी फायदेमंद है। जॉगिंग से पैर की हड्डियां मजबूत होती हैं और ग्रोथ हार्मोन बढ़ती है, जो शरीर में किसी भी विकास के लिए जरूरी होती है। बच्चों के लिए इस इंटरेस्टिंग बनाने के लिए आप उनके साथ ये जॉगिंग करें।
- **योग मुद्राएं-** बच्चों के लिए योग करना भी उनके शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए बेस्ट है। कुछ योग आसन आपके बच्चे को लंबा करने में फायदेमंद होते हैं। बच्चों के साथ आप शुरुआत में ट्री पोज, कोब्रा पोज करना सिखाएं। वहीं सूर्य नमस्कार भी पूरे शरीर को काम करने के लिए प्रेरित करता है।
- **लटकना-** लटकने से रीढ़ की हड्डी को लम्बा करने में भी मदद मिलती है। आप अपने बच्चे को नियमित रूप से लटकने के अलावा पुल-अप्स और चिन-अप्स करने के लिए भी प्रोत्साहित कर सकते हैं।

# सुबह उठकर पिएं तुलसी की चाय



हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत पवित्र माना जाता है और इसकी पूजा की जाती है। तुलसी का पौधा औषधीय गुणों से भरपूर है। इसमें विटामिन ए, सी, कैल्शियम, जिंक, आयरन, फाइबर जैसे तत्व होते हैं, साथ ही इसमें बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटीमाइक्रोबियल गुण भी मौजूद होते हैं। तुलसी का धार्मिक तरह से तो कई महत्व हैं, लेकिन चाय के रूप में भी ये काफी फायदेमंद होती है। तुलसी की चाय में हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। अगर पर रेगूलर दूध वाली चाय छोड़कर तुलसी की चाय पीते हो तो आपको कई सारी स्वास्थ समस्याओं से राहत मिलेगी। आइए आपको बताते हैं इसके बारे में...

### सांस लेने में दिक्कत

तुलसी की चाय पीने से सांस से जुड़ी समस्याओं में आराम मिलता है। फिर वो चाहे खांसी, जुकाम हो या फिर अस्थमा। इसके साथ ही तुलसी की चाय इम्यूनिटी सिस्टम को भी मजबूत करती है। वहीं तुलसी के पत्तों में खास तरह का ऑयल होता है जो जुकाम की वजह से होने वाले जकड़न को भी खत्म करता है।

### तनाव को करती है दूर

कई सारी स्टडीज में खुलासा हुआ है कि तुलसी की चाय स्ट्रेस को दूर करने में मदद करती है। तुलसी की चाय कार्टिसोल हार्मोन स्ट्रेस को बढ़ावा देने में मदद करता है, इसलिए इसे स्ट्रेस हार्मोन भी कहते हैं। यहीं नहीं तुलसी की चाय पीने से स्ट्रेस फ्री होने के साथ ही डिप्रेशन और एंजायटी में भी राहत मिलती है।

### डायबिटीज

अगर आपके बॉडी में ब्लड शुगर लेवल ऊपर- नीचे होता रहता है तो रोज दूध वाली चाय पीने की बजाय तुलसी की चाय पीना शुरू कर दें। ये शुगर को ब्लड में एनर्जी की तरह इस्तेमाल करने में मदद करती है।

### मुंह से बदबू और दांतों की सड़न होने पर

अगर आप बैड breath और मसूड़ों में सूजन, दांतों में कैविटी जैसी समस्या से परेशान हैं तो तुलसी की चाय पिएं। ये मुंह के बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे मुंह की बदबू दूर होती है।

# थकान मिटाने के साथ याददाश्त भी बढ़ाती है झपकी



अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं तथा उन्हें कम गुस्सा आता है जिससे काम करते वक्त बेहतर फोकस बनता है और दक्षता बढ़ती है।

दोपहर में झपकी लेना दुनियाभर में सदियों से चला आ रहा एक रिवाज है। कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं, लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। हाल ही में किए गए प्रशिक्षण में नींद के सभी पहलू शामिल थे, खासतौर से सोते वक्त सांस लेने में दिक्कत और नींद से जुड़े गतिशीलता संबंधी विकार। हालांकि दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से भी फायदेमंद हो सकती है।

### झपकी से तनाव भी कम हो सकता है

एक अध्ययन से पता चलता है कि करीब 20 मिनट की झपकी से इसमें भाग लेने वाले लोगों के मूड में सुधार आया। छोटी-सी झपकी से हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा भी जुड़ा है। अगर हम जरूरत से अधिक जागते हैं तो हमारे शरीर में ''फाइट या फ्लाइट'' रसायनों का संचय हो जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि उचित नींद से इन रसायनों को कम करने में मदद मिलती है जिससे रक्त चाप और हृदय गति सामान्य होती है। कुछ लोगों को झपकी से इस प्रक्रिया में मदद मिलती है।

### झपकी के नुकसान भी हो सकते हैं

तीस मिनट से अधिक की झपकी नींद की जड़ता (स्लीप इनर्शिया) भी हो सकती है जिसमें नींद से जागने के बाद भी मनोदशा ठीक नहीं रहती है। आमतौर पर जितनी लंबी झपकी होगी, उतना ही नींद की जड़ता पर काबू पाना मुश्किल होगा। इससे आधे घंटे तक संज्ञानात्मक हानि हो सकती है। कई मामलों में नींद के तुरंत बाद कैफीन का सेवन कर इस असर को कम किया जा सकता है।

# बुखार को कम करने के लिए अपनाएं ये 5 आसान तरीके

बुखार का आना काफी कॉमन होता है, ये अक्सर सर्दी या फ्लू जैसे वायरस के कारण होता है। जो लोग फ्लू की चपेट में आ जाते हैं उन लोगों में फीवर का आना काफी कॉमन होता है। बरसात के मौसम में ये दिक्कत बढ़ जाती है। दरअसल, इस मौसम में संक्रमण तेजी से फैलता है। जिसकी वजह से बुखार आ सकता है। अगर आपको भी सर्दी-फ्लू से बुखार आ गया है तो इससे निपटने के लिए आप कुछ तरीकों को अपना सकते हैं। यहां कुछ आसान तरीके हैं जो सर्दी-फ्लू से आए बुखार को कम करने में आपकी मदद करेंगे। सर्दी या फ्लू से होने वाले बुखार को कैसे कम करें...

**1) स्पंजिंग-** बुखार को कम करने के लिए अपने माथे और अपनी गर्दन के पीछे एक ठंडा, गीला वॉशक्लॉथ रखें। इससे आपके बुखार के लक्षणों को कम करने में मदद मिलेगी। आप शरीर के तेज गर्म हिससों पर ठंडे पानी से स्पंज करें। इसे लगभग 5 मिनट तक किया जाता है।



**2) ठंडे तापमान में रहें-** कमरे के तापमान को ठंडा रखना और केवल चादर या हल्के कंबल के साथ सोना आपको ठंडा रखने में मदद कर सकता है। हालांकि, बच्चों के साथ ऐसा करने से बचें।

**3) हलके कपड़े पहनें-** बुखार से राहत पाने के लिए हल्के कपड़े पहनना भी एक अच्छा ऑप्शन है, क्योंकि हल्के कपड़ों का ठंडा असर हो सकता है। बहुत गर्म कपड़े शरीर के तापमान को बढ़ा सकता है।

**4) हाइड्रेटेड रहें-** बुखार होने से फ्लूयड की हानि और डिहाइड्रेशन हो सकता है। ऐसे में बुखार होने पर बहुत पानी पीने की सलाह दी जाती है।




**5) खूब आराम करें-** बुखार कम करने के लिए आपको आराम करना चाहिए। पर्याप्त नींद लेने से आपकी इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने में मदद मिल सकती है। ऐसा होने पर शरीर को सर्दी या फ्लू वायरस से लड़ने में मदद मिलती है।

# वेज स्प्रिंग रोल



**बारिश का हसीन मौसम चल रहा है। ऐसे मौसम में कचौड़ी, पकौड़ी और पराठे जैसे कई चटपटे डिशेज बनाते हैं, पर अगर आप कुछ अलग बनना चाहती हैं वेज स्प्रिंग रोल ट्राई कर सकते हैं। वेज स्प्रिंग रोल हर किसी को पसंद आते है। पर बारिश का मौसम में बाहर से खाना सेहत के लिए अच्छा नहीं होता है। ज्यादा अच्छा होगा की घर पर ही स्प्रिंग रोल बनाएं। ये बनाने में बेहद आसान है। आइए आपको बताते हैं आपको इसकी रेसिपी...**

**आवश्यक सामग्री :** कॉर्नफ्लावर/कॉर्नस्टार्च- 1 कप, प्याज- आधा कप, पत्ता गोभी- 1 कप, शिमला मिर्च- आधा कप, गाजर कद्दूकस- 1 कप, नूडल्स उबले- आधा कप, सोया सॉस - 2 टी स्पून, तेल- 1 टेबलस्पून, पेपर पाउडर, नमक- स्वाद के अनुसार

**बनाने की विधि :** स्टफिंग बनाने के लिये एक नॉन-स्टिक बर्तन में थोड़ा सा तेल गरम करें, उसमें डालें प्याज़, हरे प्याज़, गाजर, शिमला मिर्च, पत्ता गोभी और नमक और टॉस करें। पेपर पाउडर और सोया सॉस डालकर मिला लें। बीन स्प्राउट्स और हरे प्याज़ के पत्ते डालकर मिला लें। तबतक पकाएं जबतक सब्जियां पक जाएं। अब इसे ठंडा होने के लिए रख दें। कढ़ाई में तेल गरम करने रखें। कॉर्नफ्लावर को 2 बडे.चम्मच पानी में मिलाकर एक पेस्ट बना ले। स्प्रिंग रोल रेपर को फैला कर रखें। स्टफिंग के मिश्रण के 10 भाग बना लें, हर भाग को हर रेपर पर एक ओर रखें, बगलों को बीच में लाकर कसकर रोल कर लें। कॉर्नफ्लावर के पेस्ट लगाकर सील कर लें। रोल्स को भीगे कपडे.से ढक कर रखें। रोल्स को गरम तेल में डालकर सुनहरा और करारे होने तक तल लें। तेल से निकालकर अब्ज़ौरबेन्ट पेपर पर रखें। हर रोल को काटकर गरमागरम परोसें।

# भारत को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य

## यशस्वी नहीं चले




**लॉर्ड्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। मैच के चौथे दिन इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में सभी विकेट खोकर 192 रन ही बना सकी। इंग्लैंड के लिए जो रूट ने सर्वाधिक रन बनाए। भारत की ओर से वॉशिंगटन ने 4 विकेट झटके। भारत के पास सीरीज में बढ़त बनाने का मौका है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। दूसरी पारी में भारत की शुरुआत खराब रही है। टीम ने पांच के स्कोर पर यशस्वी जायसवाल का विकेट गंवा दिया है। दूसरी पारी में भी जोफ्रा आर्चर ने उन्हें आउट किया। यशस्वी खाता नहीं खोल सके।

### सुंदर ने झटके 4 विकेट, किया इंग्लैंड की पारी का अंत

तीसरे मैच के चौथे दिन मोहम्मद सिराज ने बेन डकेट को आउट करके इंग्लैंड को पहला झटका दिया। सिराज ने ओली पोप को भी अपना शिकार बनाया। बेन 12 और ओली 4 रन बनाकर आउट हुए। नीतीश रेड्डी ने जैक क्रॉउली को पवेलियन भेजा। क्रॉउली ने 22 रन बनाया। हैरी ब्रूक को आकाशदीप ने पवेलियन भेजा। ब्रूक ने 19 गेंद में 23 रन बनाए। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में चौथे दिन पांच विकेट गंवाए हैं। जो रूट 96 गेंद में 40 रन बनाकर आउट हुए। जेमी स्मिथ को भी सुंदर ने क्लीन बोल्ड किया। स्मिथ ने 14 गेंद में 8 रन बनाए। बेन स्टोक्स ने 96 गेंद में 33 रन बनाए। सुंदर ने स्टोक्स को पवेलियन भेजा। ब्रायडन कार्स एक ही रन बना सके। बुमराह ने उन्हें आउट किया। क्रिस वोक्स ने 10 रन बनाए। वॉशिंगटन सुंदर ने शोएब बशीर (2) को क्लीन बोल्ड करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया। जोफ्रा 5 रन बनाकर नाबाद लौटे।

# लॉर्ड्स में ऋषभ पंत के रन आउट होने पर केएल राहुल ने मानी गलती

## 'ऐसा नहीं होना चाहिए था'

**लंदन।** भारत के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने स्वीकार किया कि लॉर्ड्स टेस्ट के तीसरे दिन लंच से पहले शतक बनाने की उनकी जल्दबाजी के कारण ऋषभ पंत रन आउट हो गए और यह भारत के लिए बढ़त हासिल करने के प्रयास के लिए 'आदर्श' नहीं था। लंच से पहले आखिरी ओवर में पंत 74 रन बनाकर रन आउट हो गए, जब वे राहुल को अपना शतक पूरा करने के लिए स्ट्राइक पर वापस लाने की कोशिश कर रहे थे। लॉर्ड्स के ऑनर्स बोर्ड पर एक से ज़्यादा बार अपना नाम दर्ज कराने वाले दूसरे भारतीय बनने वाले राहुल ने लंच के बाद यह उपलब्धि हासिल की, लेकिन अपना 10वां टेस्ट शतक पूरा करने के तुरंत बाद ही आउट हो गए और भारत का स्कोर 5 विकेट पर 254 रन हो गया। हालांकि भारतीय टीम पहली पारी में इंग्लैंड के समान 387 रन बनाने में कामयाब रही।

### एक रन-आउट ने गति बदल दी

राहुल ने कहा, 'इससे कुछ ओवर पहले हमारी बातचीत हुई थी। मैंने उनसे कहा था कि अगर हो सके तो लंच से पहले मैं अपना शतक पूरा कर लूंगा।
और लंच से पहले बशीर ने आखिरी ओवर फेंका, तो मुझे लगा कि मेरे शतक बनाने का अच्छा मौका है, लेकिन दुर्भाग्य से मेरी गेंद सीधे फील्डर के हाथ में चली गई। यह ऐसी गेंद थी जिस पर मैं चौका लगा सकता था। फिर वह बस स्ट्राइक रोटेट करना चाहते थे और देखना चाहते थे कि क्या वह मुझे वापस स्ट्राइक पर ला सकते हैं। लेकिन, हां, ऐसा नहीं होना चाहिए था : उस समय एक रन-आउट ने वास्तव में गति बदल दी। यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था। जाहिर है, कोई भी अपना विकेट इस तरह नहीं गंवाना चाहता।'



### इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में राहुल का चौथा शतक

लॉर्ड्स में राहुल का शतक, जो लीड्स में उनके शतक और बर्मिंघम में अर्धशतक के बाद आया, इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में उनका चौथा शतक है, जो ऋषभ पंत, सचिन तेंदुलकर और दिलीप वेंगसरकर के साथ देश में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा संयुक्त रूप से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने 2021 में भी इसी मैदान पर तिहरे अंकों का स्कोर बनाया था, जब भारत ने मेजबान टीम पर रोमांचक जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों से वह एक विशेषज्ञ के साथ भी काम कर रहे हैं, जिसने उन्हें फॉर्मूला 1 ड्राइवरों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले प्रतिक्रिया-समय प्रशिक्षण में मदद की है। राहुल ने बताया, 'पिछले एक-दो साल में मैंने कुछ मानसिक अभ्यासों पर काम किया है। मैंने एक विशेषज्ञ के साथ थोड़ा समय बिताया, जिसने मुझे अपना प्रतिक्रिया समय सुधारने में मदद की। ये मानसिक खेल हैं जो आपको प्रतिक्रिया समय और इस तरह की चीजों में बेहतर होने में मदद करते हैं।

### मुझे हमेशा लंबे समय तक बल्लेबाजी करने में मजा आता

मुझे लगता है कि कई दूसरे खेल भी इसका इस्तेमाल करते हैं... मैंने इसे फॉर्मूला 1 में काफी देखा है। मैंने इसे साल्ज़बर्ग में जिन लोगों के साथ काम किया था, उनमें से एक से सीखा। मैं रेड बुल से काफी जुड़ा हुआ हूं, इसलिए मुझे वहां जाकर कुछ कोचों के साथ काम करने का मौका मिला। वे बेहतरीन फॉर्मूला 1 खिलाड़ियों और दूसरे एडवेंचर स्पोर्ट्स के लोगों के साथ काम करते हैं, जिन्हें खेल के इस मानसिक पहलू की काफी जरूरत होती है।' भारतीय ओपनर ने कहा, 'तो मैंने इस पर काम किया है और मुझे लगता है कि पिछले एक-दो साल में यही एक चीज अलग रही है। मुझे हमेशा लंबे समय तक बल्लेबाजी करने में मजा आता रहा है, बचपन से ही। मुझे हमेशा लंबे समय तक बल्लेबाजी करने में मजा आता था और मैं लंबे समय तक ध्यान केंद्रित कर पाता था। मुझे लगता है कि पिछले कुछ सालों में इस और इस चीज ने मेरी थोड़ी मदद की है।'

# शोएब बशीर को लगी चोट, गेंदबाज की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड चिंतित

**लॉर्ड्स।** तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजी के दौरान चोटिल हुए ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड चिंतित है। बशीर चौथे दिन के खेल से पहले अभ्यास के दौरान चौथी और पाँचवीं उंगली पर भारी पट्टियां बंधे हुए थे, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह बल्लेबाजी के लिए फिट होंगे या नहीं। चौथे दिन सुबह इंग्लैंड की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'अपनी बाईं उंगली की चोट के बाद, शोएब बशीर पर नजर रखी जा रही है और उम्मीद है कि वह इस टेस्ट की चौथी पारी में गेंदबाजी करेंगे। तीसरी पारी में वह बल्लेबाजी करेंगे या नहीं, इस पर फैसला समय आने पर लिया जाएगा। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफ़डर् में होने वाले चौथे टेस्ट में उनकी भागीदारी का आकलन मैच के अंत में किया जाएगा।' उल्लेखनीय है कि बशीर को यह चोट रवींद्र जडेजा को गेंदबाजी करते समय उस समय लगी जब जडेजा ने एक शक्तिशाली ड्राइव सीधे उनकी तरफ मारा। तकनीकी रूप से कॉट एंड बोल्ड का मौका होने के बावजूद बशीर के हाथ पर जोरदार चोट लगी।



● इसके बाद उनका ओवर जो रूट ने ओवर पूरा किया।

# शेफाली वर्मा के अर्धशतक के बावजूद हारा भारत

## ■ इंग्लैंड में पहली बार टी20 सीरीज जीती

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड की सरजमीं पर पहली बार टी20 श्रृंखला जीत सुनिश्चित करने वाली भारतीय महिला टीम को शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 मैच में मेजबान टीम के खिलाफ अंतिम गेंद पर पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने हालांकि श्रृंखला 3-2 से जीती। भारत ने शेफाली वर्मा की 75 रन की तेजतर्रार पारी से सात विकेट पर 167 रन बनाए लेकिन इंलैंड ने अंतिम गेंद पर पांच विकेट शेष रहते 168 रन बनाकर मैच जीत लिया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने एम आर्लोट (42 रन पर एक विकेट) पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की लेकिन अंतिम गेंद पर लिन्से स्मिथ को कैच दे बैठीं। जेमिमा रोड्रिग्ज भी सिर्फ एक रन बनाकर लिन्से की गेंद पर बोल्ड हो गईं जिससे भारत का स्कोर दो विकेट पर 19 रन हो गया। शेफाली और कप्तान हरमनप्रीत कौर (15) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 43 गेंद में 66 रन की साझेदारी की। ऑफ स्पिनर चार्ली डीन (23 रन पर तीन विकेट) ने हरमनप्रीत को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।




### शेफाली वर्मा ने 75 रन की तेजतर्रार पारी खेली

हरलीन देओल भी सिर्फ चार रन बनाने के बाद सोफी एकलेस्टोन (28 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गईं। शेफाली ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने सातवें ओवर में तेज गेंदबाज इसी वोंग पर तीन चौके और एक छक्के से 20 रन बटोरे। शेफाली ने एकलेस्टोन पर कवर्स में चौका जड़कर सिर्फ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो महिला टी20 में किसी भारतीय का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। माइया बूचियर ने 14वें ओवर में डीन की गेंद पर शेफाली का शानदार कैच लपकर भारत का स्कोर पांच विकेट पर 111 रन किया। शेफाली ने 41 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और एक छक्का मारा। विकेटकीपर रिचा घोष ने इसके बाद 16 गेंद में 24 जबकि राधा यादव ने 14 गेंद में 14 रन की पारी खेली जिससे भारत ने अंतिम 41 गेंद में 56 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों सोफिया डंक्ले (46 रन, 30 गेंद) और डेनियली वॉट हॉज (56 रन, 37 गेंद) ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 10 .4 ओवर में 101 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। भारत ने शतकीय साझेदारी के बाद डंक्ले और वॉट हॉज को जल्दी-जल्दी आउट करके वापसी का प्रयास किया लेकिन कप्तान टैमी ब्युमोंट (30) और बूचियर (16) ने मेजबान टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड को अंतिम ओवर में जीत के लिए छह रन की दरकार थी। अरुंधति रेड्डी (47 रन पर दो विकेट) ने ब्युमोंट और ऐमी जोन्स को आउट किया लेकिन एकलेस्टोन और पेज स्कोफील्ड ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। दोनों टीमों के बीच अब 16 जुलाई से साउथम्पटन में तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी।

## टी20आई त्रिकोणीय श्रृंखला

# फिन एलन चोटिल, इस कीवी बल्लेबाज की न्यूजीलैंड टीम में एंट्री

**नई दिल्ली।** आईसीसी वेबसाइट के अनुसार डेवोन कॉनवे, मिच हे, जिमी नीशम और टिम रॉबिन्सन जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टी20आई टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं। त्रिकोणीय श्रृंखला 14 जुलाई को मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगी जबकि न्यूजीलैंड अपना पहला मुकाबला 16 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगा। 26 जुलाई को खेले जाने वाले फाइनल से पहले दोनों टीमें एक-दूसरे से दो-दो मैच खेलेंगी।

विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉनवे, फिन एलन की जगह लेंगे जो संयुक्त राज्य अमेरिका में चल रही मेजर लीग क्रिकेट (MLC) में खेलते हुए पैर में लगी चोट के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। न्यूजीलैंड में आगे के परामर्श के बाद एलन के ठीक होने की समय-सीमा तय की जाएगी। हे, नीशम और रॉबिन्सन माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र के अतिरिक्त कवर के रूप में टीम में शामिल हुए हैं, जो सोमवार को होने वाले मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में हैं। कीवी टीम के मुख्य कोच, रॉब वाल्टर, इस बात से निराश थे कि फिन एलन इस टीम का हिस्सा नहीं होंगे। रॉब वाल्टर ने कहा, 'हम फिन के लिए बहुत निराश हैं, मैं उनके साथ काम करने और MLC से उनके शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के लिए उत्सुक था, लेकिन दुर्भाग्य से चोटें लग जाती हैं। हम भाग्यशाली हैं कि फिन की जगह डेवोन जैसे बेहतरीन खिलाड़ी को टीम में शामिल कर पाए हैं।'

### टी20I त्रिकोणीय श्रृंखला का शेड्युल

- 14 जुलाई – जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका
- 16 जुलाई – दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड
- 18 जुलाई – जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड
- 20 जुलाई – जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका
- 22 जुलाई – न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका
- 24 जुलाई – जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड
- 26 जुलाई – फाइनल।




# लॉर्ड्स में केवल चार बार 250+ रनों का पीछा, अब भारत पर नजरें

**लंदन (यूके)।** भारत प्रतिष्ठित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर संभावित बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए तैयार है, लेकिन ऐतिहासिक परिस्थितियां सावधानी और प्रेरणा दोनों देने वाली हैं। अक्सर 'क्रिकेट का घर' कहे जाने वाले लॉर्ड्स में चौथी पारी में केवल कुछ ही सफल लक्ष्य का पीछा हुआ है, भारत ने इसे केवल एक बार 1986 में 134 रनों का पीछा करते हुए हासिल किया था। उस प्रसिद्ध भारतीय जीत में टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम पारी में 136/5 का स्कोर बनाया था। भारत के महान ऑलराउंडर कपिल देव मैच के स्टार रहे थे जिन्होंने मैच में 5 विकेट लिए और लॉर्ड्स में भारत का एकमात्र सफल लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड बना। इस मैदान पर सबसे बड़ा सफल लक्ष्य का पीछा 1984 में हुआ था, जब वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ 342 रनों का लक्ष्य हासिल किया था, जो आज भी एक रिकॉर्ड है। गॉर्डन ग्रीनिज की ऐतिहासिक पारी ने यह अंतर पैदा किया था। वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज ने 242 गेंदों पर 214 रन बनाए जिसमें 29 बार बाउंड्री पार की और दो बार उन्हें पार किया। लॉर्ड्स में 250 से अधिक रनों का पीछा करना दुर्लभ रहा है, टेस्ट इतिहास में ऐसा सिर्फ चार बार हुआ है, जिसमें से दो बार इंग्लैंड ने खुद किया है।

# WPL ने खिलाड़ियों की प्रगति में अहम भूमिका निभाई

## T20I श्रृंखला जीत के बाद बोले मजूमदार

**बर्मिंघम।** भारतीय कोच अमोल मजूमदार ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 श्रृंखला जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय महिला प्रीमियर लीग (WPL) को देते हुए कहा कि इसने खिलाड़ियों की प्रगति में 'अहम भूमिका' निभाई है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय प्रतिस्पर्धी घरेलू सत्र को भी दिया। भारत शनिवार को पांचवां और अंतिम मैच हार गया लेकिन श्रृंखला 3-2 से अपने नाम कर ली।

मजूमदार ने पांचवें टी20 में अंतिम गेंद पर भारत की पांच विकेट की हार के बाद कहा, 'WPL खिलाड़ियों की प्रगति का एक अहम हिस्सा रहा है। इसमें कोई शक नहीं है। लेकिन भारत में और भी टूर्नामेंट हैं जिन पर हमारी नजर है। बहुत सारे घरेलू खिलाड़ी खेल रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'WPL बीसीसीआई की पहल का एक हिस्सा मात्र है। इसलिए मुझे लगता है कि डब्ल्यूपीएल हमारे लिए एक सुखद अनुभव रहा है। लेकिन साथ ही ऐसे अन्य टूर्नामेंट भी हैं जो महत्वपूर्ण हैं।'




भारत की पदार्पण करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने 10 विकेट लेकर श्रृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने खेलने के दिनों में घरेलू स्तर पर सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे मजूमदार ने कहा कि वह 'डब्ल्यूपीएल की खोज' रहीं। बीस वर्षीय चरणी को उनके अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। हालांकि शनिवार को उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

मजूमदार ने कहा, 'मुझे लगता है, आप जानते हैं, डब्ल्यूपीएल से हमने उन्हें पहचाना और फिर मुझे लगता है कि उनकी प्रगति शानदार रही है। हम एक बाएं हाथ की स्पिनर की तलाश में थे और वह इस काम के लिए बिल्कुल सही बैठी हैं।' मजूमदार ने कहा कि इस श्रृंखला में सबसे अहम बात भारत की गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण रहा जिसने पहले से ही मजबूत बल्लेबाजी क्रम का अच्छा साथ निभाया।

# मैं अभी और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं, चयनकर्ताओं से संपर्क भी किया : रहाणे

**नई दिल्ली।** दो वर्षों से कोई टेस्ट मैच नहीं खेलने वाले 37 वर्षीय अजिंक्य रहाणे की भूख और जुनून अभी बाकी है। उन्होंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से संपर्क करने की कोशिश भी की थी लेकिन उन्हें चयनकर्ताओं की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। रहाणे इस समय लंदन में हैं और उन्हें स्काई स्पोट्र्स में नासिर हुसैन और माइकल आथटर्न से बात करते हुए कहा, 'मैं अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपनी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं। मैं यहां सिर्फ कुछ दिनों के लिए आया हूं और अपने ट्रेनिंग के कपड़े भी साथ लाया हूं ताकि मैं खुद को फिट रख सकूं। हमारा घरेलू सीजन शुरू होने वाला है इसलिए तैयारी अभी शुरू ही हुई है।' जब रहाणे से पूछा गया कि विरोट कोहली और रोहित शर्मा सरीखे सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ऐसे में उनके सामने टेस्ट में वापसी करने के लिए कैसी चुनौतियां हैं तो उन्होंने कहा कि उनका ध्यान सिर्फ उन चीजों पर है जिन पर उनका नियंत्रण है। नए कप्तान शुभमन गिल ने कोहली की जगह चौथे नंबर पर ले ली है, जबकि उप-कप्तान ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर आ गए हैं। पुराने खिलाड़ियों में से, केएल राहुल ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो अभी भी चयनकर्ताओं की योजनाओं में मजबूती से शामिल हैं।




# बुल्गारिया के क्रिकेटर ने 6 गेंदों पर ठोके छह छक्के

**स्पोट्र्स डेस्क।** बुल्गारिया के क्रिकेटर मनन बशीर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में लगातार छह छक्के लगाने वाले छठे बल्लेबाज बन गए है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने यह उपलब्धि सोफिया के वासिल लेव्स्की स्थित राष्ट्रीय खेल अकादमी में जिब्राल्टर के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल मुकाबले के दौरान हासिल की। बुल्गारिया की पारी के 16वें ओवर के दौरान मनन बशीर अच्छी तरह से ईसा जारू के साथ खेल रहे थे। जिब्राल्टर के कप्तान इयान लैटिन का कबीर मीरपुरी को आक्रमण पर लाने का फैसला उनकी टीम के लिए विनाशकारी साबित हुआ, क्योंकि इस गेंदबाज ने तीसरे ओवर में लगातार छह छक्के खाए। मनन बशीर बुल्गारिया के लिए हीरो बनकर उभरे, जिन्होंने अंत में अपनी तूफानी पारी से टीम को इस रोमांचक मुकाबले में शानदार जीत दिलाई।



# यह समय की बर्बादी का अब तक का सबसे अच्छा उदाहरण है

## क्रॉली की रणनीति पर बोले वॉन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मौजूदा तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन के अंत में जैक क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति 'अब तक की सबसे अच्छी रणनीति' थी, लेकिन उन्होंने कहा कि भारत शिकायत नहीं कर सकता क्योंकि मेहमान टीम ने दूसरे दिन भी यही तरीका अपनाया था। तीसरे दिन के अंत में उस समय गुस्सा भड़क गया जब इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति के बाद भारत एक और ओवर नहीं खेल पाया, जिस पर कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में मेहमान टीम ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भारतीय पारी तीसरे दिन 387 रन ढेर हो गई जो इंग्लैंड की पारी के समान थी। दिन का अंत इंग्लैंड ने मामूली 2 रन की बढ़त से किया। 387 रनों पर आउट होने के बाद भारत के पास तीसरे दिन के अंतिम सत्र में दो ओवर फेंकने का पर्याप्त समय था, लेकिन जसप्रीत बुमराह के शुरुआती ओवर के दौरान तीन बार चोट का बहाना बनाने और मैच से बाहर होने की क्रॉली की रणनीति के कारण मैच में देरी हुई। इसका मतलब था कि भारत के पास सिर्फ एक ओवर का समय था, जिससे मेहमान टीम नाराज हो गई क्योंकि इंग्लैंड ने तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 2 रन बना लिए। वॉन ने कहा कि यह दोनों टीमों के लिए बराबर था, 'यह समय की बर्बादी का अब तक का सबसे अच्छा उदाहरण है।'





# कौन हैं एली अवराम और कैसे जमाई इंडस्ट्री में धाक?

बॉलीवुड की खूबसूरत हसीना एली अवराम एक बार फिर से सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी कोई फिल्म नहीं बल्कि मशहूर यूट्यूबर और एक्टर आशीष चंचलानी संग रिलेशनशिप स्टेटस है. दरअसल, हाल ही में आशीष चंचलानी ने एक फोटो शेयर की थी, जिसमें दोनों बेहद ही रोमांटिक नजर आ रहे थे, वहीं इस फोटो के साथ जो कैप्शन लिखा था उसने दोनों के डेटिंग की अफवाहों को आग में घी डालने का काम किया. तो चलिए जानते हैं कौन हैं एली अवराम और आशीष चंचलानी संग वायरल हो रही तस्वीर की पूरी कहानी?

यूट्यूबर आशीष चंचलानी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एली अवराम को ज्वॉइंट करते हुए को एक रोमांटिक तस्वीर शेयर की. जिसमें आशीष एली को गोद में उठाए नजर आ रहे हैं. इस तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने सिर्फ 'फाइनली' लिखा है, लेकिन जैसे ही यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हुई, वैसे ही इंटरनेट पर सनसनी मच गई और फैंस के बीच दोनों के रिलेशनशिप की चर्चा तेज हो गई है, कि क्या एली और आशीष एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं या ये किसी नए प्रोजेक्ट का हिस्सा है.

### कौन हैं एली अवराम?

आशीष चंचलानी संग वायरल हो रही तस्वीर के बाद अब लोग यह जानने को बेताब हैं कि आखिर ये हसीना है कौन? बता दें कि, एली अवराम एक मॉडल और एक्ट्रेस हैं, जिनका जन्म 29 जुलाई 1990 को स्वीडन में हुआ था, लेकिन उन्होंने अपनी धाक बॉलीवुड में जमाई है. एली ने कई फिल्मों और रियलिटी शोज में काम करके अपनी खास पहचान बनाई है. वह अपनी खूबसूरती के साथ डांस मूव्स के लिए जानी जाती हैं. यही वजह है कि उन्होंने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है.



# शिल्पा शेट्टी को मलयालम सिनेमा में काम करने से लगता है डर

## कहा- मैंने कई ऑफर ठुकराए

90s की क्वीन शिल्पा शेट्टी बॉलीवुड की सफल अभिनेत्रियों में से एक रही हैं। आज भी वह बड़े पर्दे पर अपना चार्म दिखाने में पीछे नहीं रहती हैं। इन दिनों वह अपनी कन्नड़ फिल्म की तैयारी कर रही हैं। इस बीच उन्होंने रिवील किया है कि आखिर उन्होंने अभी तक मलयालम सिनेमा में काम क्यों नहीं किया है।

शिल्पा शेट्टी ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। उन्होंने हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं में भी अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है। मगर आखिर उन्होंने क्यों मलयालम सिनेमा में काम नहीं किया? इस बारे में एक्ट्रेस ने बात की है।

हाल ही में, शिल्पा शेट्टी कोची में अपनी अपकमिंग फिल्म केडी द डेविल के टीजर लॉन्च इवेंट में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने मलयालम फिल्मों में काम न करने की वजह बताई। उन्होंने कहा, मैंने हिंदी सिनेमा के अलावा तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है। मुझे मलयालम में भी कुछ फिल्मों के ऑफर मिले हैं, लेकिन मैंने कभी हां नहीं कहा, क्योंकि मैं डरी हुई हूं।

### इसलिए मलयालम मूवीज नहीं करती हैं शिल्पा

शिल्पा शेट्टी ने बताया कि उन्हें मलयालम फिल्मों में काम करने से इसलिए डर लगता है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह अपनी परफॉर्मेंस से किरदार के साथ न्याय नहीं कर पाएंगी। बकौल एक्ट्रेस, ₹मुझे मलयालम सिनेमा बहुत पसंद है और इस इंडस्ट्री में भावनाओं को जिस तरह से पेश किया जाता है, मैं उससे हैरान हूं। मुझे कभी यकीन नहीं हुआ कि अगर मैं इस इंडस्ट्री में काम करूं तो अपने किरदार के साथ न्याय कर पाऊंगा या नहीं लेकिन देखते हैं, शायद मैं एक दिन कोई मलयालम फिल्म करूं।

# नहीं रहेगी एंटरटेनमेंट की कोई कमी

## इस हफ्ते ओटीटी पर आएंगी ये 9 फिल्में-सीरीज

ओटीटी पर इस हफ्ते भी कई मजेदार फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने जा रही हैं, लेकिन इनमें से आपके पास जिस ओटीटी ऐप का सब्सक्रिप्शन है उस पर कौन सी फिल्में आने वाली हैं? चलिए जानते हैं। साथ ही जानते हैं फिल्मों के नाम और उनकी रिलीज डेट। अगर आप एनिमेशन सीरीज के फैन हैं तो आपके लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जुलाई को 'साकामोटो डेज' के पहले सीजन का दूसरा पार्ट रिलीज होने जा रहा है। यह शो रिलीज के साथ ही हिट हो गया था। अगर आपके पास जियो हॉटस्टार का सब्सक्रिप्शन है तो इस प्लेटफॉर्म पर 15 जुलाई को 'कोयोटल' आने जा रही है। कहानी है एक ऐसे शख्स की जो हीरो और विलेन के बीच की जिंदगी जी रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 वालों के लिए 18 जुलाई को आने जा रही है 'भैरवम'। एक्शन और रोमांच से लबरेज यह फिल्म आपके लिए परफेक्ट वीकेंड मैटेरियल है। सिनेमाघरों में धूम मचाने के बाद अब धनुष और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कुबेरा' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है। अगर आप भी इसका इंतजार कर रहे हैं तो यह 18 जुलाई को रिलीज होगी। कानून और सिस्टम का एक अलग आयाम दिखाती 'सत्तमम नीतियम' का इंतजार कर रहे थे तो यह जी-5 पर 18 जुलाई को रिलीज होगी। जियो हॉटस्टार पर स्पेशल ऑप्स सुपरहिट रही थी और अब इस सीरीज का दूसरा सीजन आने जा रहा है। यह सीरीज ओटीटी पर 18 जुलाई को रिलीज होगी। बैक टू बैक दो सीजन में कमाल दिखाने के बाद अब 'स्टार ट्रेक' का तीसरा सीजन जियो हॉटस्टार पर आने जा रहा है। अगर आप कॉमिक बुक जैसी कहानियां पसंद करते हैं तो यह सीरीज 18 जुलाई को आने जा रही है। मौनी रॉय और संजय दत्त जैसे सितारों से सजी फिल्म 'द भूतनी' सिनेमाघरों में खास कमाल नहीं दिखा सकी, लेकिन क्या ओटीटी पर इसे पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। इस सवाल का जवाब तो हमें रिलीज के बाद ही मिलेगा। यह फिल्म आने जा रही है जी-5 पर 18 जुलाई को। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को नेटफ्लिक्स पर काफी क्रेजी रिस्पॉन्स मिल रहा है, लेकिन क्या अब 'वीर दास' के नए स्टैंडअप शो को भी वैसा ही रिस्पॉन्स मिलेगा? इस सवाल का जवाब 18 जुलाई को मिल जाएगा।



# दिलजीत दोसांझ की 'पंजाब 95' का फर्स्ट लुक पोस्टर



दिलजीत दोसांझ की लंबे समय से अटकी फिल्म 'पंजाब 95' का फर्स्ट लुक पोस्टर 13 जुलाई को जारी कर दिया गया है, जिसमें सिंगर और एक्टर को पहचानना मुश्किल है। ये फिल्म कब रिलीज होगी, अभी इसको लेकर कोई अपडेट नहीं है। सेंसर बोर्ड ने इसमें 127 कट्स लगाने को कहा था। सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ बीते दिनों अपनी फिल्म 'सरदार जी 3' को लेकर विवादों में घिर गए थे, क्योंकि इसमें पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर थीं। अब उनकी अपकमिंग मूवी 'पंजाब 95' का पहला पोस्टर जारी हो गया है। इसमें उन्हें पहचान पाना नामुमकिन है। ये देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। फिलहाल, वो वरुण धवन, अहान शेट्टी के साथ 'बॉर्डर 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। Diljit Dosanjh ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्टर शेयर किया, जिसमें उनके हाथ बंधे हुए और वो लटके हुए दिखाई दे रहे हैं। बीते 23 जनवरी को उन्होंने पंजाबी में पोस्ट करके इशारा किया कि फिल्म जल्द ही रिलीज होगी और सच्चाई सामने आएगी। बता दें कि एक्टिविस्ट जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर बनी इस फिल्म को सेंसर बोर्ड ने इसके संवेदनशील विषय के कारण 127 कट लगाने के लिए कहा था। फिल्ममेकर हनी त्रेहान की 'पंजाब 95' में दिलजीत मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के रोल में नजर आएंगे।

# अमाल ने अनु मलिक के Me Too मामले पर तोड़ी चुप्पी

## बोले- उनके साथ अच्छे रिश्ते नहीं






कुछ साल पहले बॉलीवुड के म्यूजिक कंपोजर अनु मलिक पर 'मी टू' के आरोप लगे थे। इस मामले पर अब जाकर अमाल मलिक ने अपने राय रखी है। अनु मलिक रिश्ते में अमाल मलिक के अंकल लगते हैं। अमाल मलिक के पिता डब्बू मलिक, अनु मलिक के भाई हैं। अमाल के अंकल अनु मलिक से पारिवारिक रिश्ते भी अच्छे नहीं है। इन सब बातों के बारे में अमाल मलिक ने विस्तार से बात की। अमाल मलिक ने सिद्धार्थ कन्नन के पॉडकास्ट में अपने करियर, रिश्तों को लेकर बात की है। वह अंकल अनु मलिक के बारे में कहते हैं, 'जब मीटू मूवमेंट के वक्त उन पर आरोप लगे थे, मैंने उनका साथ नहीं दिया था। मैं इस बात को लेकर टेंशन में नहीं था क्योंकि उन्हें अपना परिवार नहीं मानता हूं। हां, मैं उन पर लगे आरोप के कारण शर्मिंदा जरूर हुआ। मुझे लगता है कि इतने सारे लोग उनके खिलाफ बोल रहे थे तो कुछ तो सच्चाई रही होगी। बिना आग के धुआं तो नहीं उठता है। पांच लोग एक ही आदमी के खिलाफ बात तो नहीं कर सकते हैं। अमाल मलिक आगे कहते हैं, 'जहां तक अनु मलिक के साथ मेरे रिश्ते की बात है तो पब्लिक प्लेस पर मैं उन्हें सम्मान देता था। लेकिन उनके गलत कामों को जानने के बाद, अब मेरे उनके साथ रिश्ते अच्छे नहीं हैं। मेरा उनके परिवार से कोई नाता नहीं है। मैं कई साल से उनसे नहीं मिला हूं। मैं पार्टियों में भी नहीं जाता हूं। हां, उन्हें अरमान की शादी में बुलाया गया था, वो आए भी थे।' बताते चलें कि अमाल मलिक ने कुछ महीनों पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी।

# 'थामा' में होगा राजकुमार राव का कैमियो रोल?

## स्त्री-3 की रिलीज को लेकर बढ़ाया एक्साइटमेंट

बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव की साल 2024 में आई फिल्म स्त्री-2 ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। मैडॉक फिल्म्स के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की लगभग सभी फिल्मों के अच्छा रिस्पॉन्स मिलता रहा है, लेकिन इनमें भी 'स्त्री' मूवी को लेकर फैंस का क्रेज अलग ही लेवल पर रहा है। राजकुमार राव से जब एक हालिया इंटरव्यू में पूछा गया कि मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की किस फिल्म में वह आगे नजर आएंगे और स्त्री-3 कब आने वाली है तो इस सवाल के जवाब में उन्होंने थोड़ा संकोच करते हुए कुछ ऐसे सीक्रेट रिवील किए जो फैंस का एक्साइटमेंट डबल कर देंगे। राजकुमार राव ने कहा, मुझे लगता है कि अभी इसका जवाब देना बहुत जल्दबाजी होगी और मैं इसका जवाब देने के लिए सही आदमी नहीं हूं। लेकिन 'स्त्री-3' बिलकुल बनेगी, 1000% बनेगी। ठीक किस वक्त पर आएगी, यह हमें नहीं पता है। लेकिन हां, मैडॉक ने अपना एक स्लेट अनाउंस किया हुआ है अपने हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का, जिसमें कुछ तारीखें हैं जो फिक्स हैं।



'थामा' आने वाली है। राजकुमार राव से जब पूछा गया कि मैडॉक की फिल्मों में एक सिलसिला रहा है कि कैमियो नजर आते हैं। तो उसमें आप एक कैमियो के तौर पर नजर आएंगे? तो इसके जवाब में उन्होंने मुस्कुराकर कहा, ₹देखते हैं। पता चलेगा। दिवाली पर पता चलेगा। फैन थ्योरीज की मानें तो इस बात की पूरी संभावना है कि राजकुमार राव 'थामा' में बतौर कैमियो नजर आ सकते हैं। दिवाली का जिक्र करने के पीछे वजह यह है कि आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'थामा' इसी साल दिवाली पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में आयुष्मान और रश्मिका के अलावा परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। राजकुमार राव अभी अपनी फिल्म 'मालिक' को लेकर चर्चा में हैं। पुलकित के निर्देश में बनी इस फिल्म में राजकुमार राव एक गैंगस्टर के किरदार में नजर आए हैं। फिल्म में उनके अलावा मेधा शंकर, मानुषी छिल्लर, प्रोसेनजीत चटर्जी, हुमार कुरैशी और सौरभ शुक्ला ने अहम किरदार निभाए हैं।

# डॉन 3 में विक्रांत ही होंगे रणवीर के दुश्मन

## विजय देवरकोंडा नहीं कर रहे रिप्लेस

12वीं फेल जैसी फिल्मों से ऑडियंस का दिल जीतने वाले एक्टर विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से खबरों में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाए कर पाने में फेल होती दिख रही है। लेकिन एक्टर्स की परफॉरमेंस की तारीफ हो रही है। इसके साथ ही एक्टर अपने करियर की सबसे बड़ी फिल्म 'डॉन 3' को लेकर भी खबरों में बने हुए हैं। इस बीच ऐसी खबर आ रही है कि साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा फरहान अख्तर की डॉन 3 में उन्हें रिप्लेस कर सकते हैं। ऐसी खबरें सामने आ रही थीं कि डॉन 3 से विक्रांत को रिप्लेस कर विजय देवरकोंडा को कास्ट किया गया है। हालांकि, फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने बॉलीवुड हंगामा को बताया है, "फिल्म की शुरुआत से ही रणवीर और विक्रांत को कास्ट किया गया है। विजय देवरकोंडा को लेकर चल रही अफवाहें बिल्कुल बेबुनियाद हैं। कास्ट में कोई बदलाव नहीं हुआ है।" इससे ये कन्फर्म हो गया है कि डॉन 3 का सबसे बड़ा विलेन का किरदार विक्रांत ही निभा रहे हैं। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्रांत इस फिल्म में एक स्मार्ट और चालाक स्कैमर के किरदार में नजर आएंगे। इस किरदार के लिए वे अपने लुक में बड़ा बदलाव करने वाले हैं। एक्टर वजन बढ़ाने से लेकर स्पेशल मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग तक सब कुछ शामिल है। फिल्म के क्लाइमेक्स में रणवीर और विक्रांत के बीच जबरदस्त फिजिकल कॉम्बैट देखने को मिलेगा। डॉन 3 की शूटिंग जनवरी 2026 से शुरू होगी। फरहान अख्तर फिलहाल इसकी प्री-प्रोडक्शन तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# एयरपोर्ट पर नजर आई दीपिका पादुकोण

## आउटफिट देख यूजर्स बोले- पापा की शर्ट पहनी है



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका मां बनने के बाद लाइमलाइट से दूरी बनाए हुए हैं। उन्हें किसी बहुत ही देखा गया है। दीपिका इन दिनों अपनी फिल्मों की स्क्रिप्ट पर काम करने के साथ अपनी फिटनेस पर भी काम कर रही हैं और पहले जैसे फिट बनकर ही वापस लौटना चाहती हैं। इस बीच दीपिका का एक नया वीडियो सामने आया है। उन्हें आज मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस मौके पर एक्ट्रेस ने नीले रंग की लॉन्ग शर्ट पहनी हुई थी। काले चश्मे और हेयर स्टाइलिंग के साथ अपने लुक को पूरा किया हुआ था।

एक्ट्रेस ने एक बड़ा बैग भी कैरी किया हुआ है। इस वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स उनके लुक और उन्हें लंबे समय बाद देखकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण आज मुंबई एयरपोर्ट पर देखी गई। एक्ट्रेस के लुक और और उनके आउटफिट पर सोशल मीडिया यूजर्स ने अपना रिएक्शन दिया है। दीपिका को लॉन्ग शर्ट में देखकर एक यूजर ने लिखा, 'पापा की शर्ट', एक अन्य यूजर ने लिखा, 'फिल्मों में हम इन्हें मिस कर रहे हैं', एक और यूजर ने लिखा, 'दीपिका के कान देखो, कोई परफेक्ट नहीं होता', एक यूजर ने लिखा, 'ये स्क्रीन के साथ असल जिंदगी में भी खूबसूरत हैं', एक यूजर ने लिखा, 'अब बताओ बच्चों के नाम से जाना जाएगा अब इन्हें, दुआ की मम्मी'। दीपिका आने वाले दिनों में एटली के डायरेक्शन में बनने वली फिल्म AA22XA6 में अल्लू अर्जुन के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी।



# ब्लैक शिमरी ड्रेस में मोनालिसा का कातिलाना अंदाज

भोजपुरी सिनेमा से लेकर टीवी इंडस्ट्री तक अपने अभिनय और ग्लैमरस अंदाज से लाखों दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने बोल्ड लुक को लेकर सुर्खियों में हैं. सोशल मीडिया पर उनकी लेटेस्ट तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें वो बेहद खूबसूरत और स्टनिंग नजर आ रही हैं. हाल ही में मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कीं हैं, जिसमें वो ब्लैक कलर की शिमरी ड्रेस में कहर ढाती नजर आ रहीं हैं. ब्लैक शिमरी ड्रेस के साथ मोनालिसा ने लाइट मेकअप और स्ट्रेट ओपन हेयर रखे हैं, जिससे उनका लुक और ज्यादा निखर कर सामने आया है. हर तस्वीर में उनका कॉन्फिडेंस और कैमरा फ्रेंडली अंदाज फैंस को खूब भा रहा है. मोनालिसा की फैन फॉलोइंग जबरदस्त है. इंस्टाग्राम पर उनके 5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, और यही वजह है, कि उनकी हर पोस्ट कुछ ही घंटों में वायरल हो जाती है. मोनालिसा की पोस्ट का उनके फैंस को भी बेसब्री से इंतजार रहता हैं, फैंस उनकी हर पोस्ट पर भर-भरकर प्यार लुटाते हैं. वर्कफ्रंट की बात करें, तो मोनालिसा इन दिनों टीवी शो 'जादू तेरी नजर' में नजर आ रही हैं, जिसमें वो एक चुड़ैल का किरदार निभा रही हैं. उनके इस डार्क रोल को भी दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं.

